हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • रविवार • 17.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 115 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## भाजपा कहती है बंट गए तो कट गए, मैं कहता हूं डर गए तो मर गए : मल्लिकार्जुन खरगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को झारखंड के अपने दौरे के दौरान भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह राज्य में सरकार बनाने के बाद झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा कहती है, बंट गए तो कट गए, लेकिन मैं कहता हूं, डर गए तो मर गए। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री का दर्जा होने के बावजूद विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हवाई अड्डे के आरक्षित लाउंज तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने और राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में कथित रूप से देरी करवाने के लिये मोदी और शाह की आलोचना की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में शुक्रवार को लगभग दो घंटे की देरी हुई थी, जिसके बाद कांग्रेस ने आरोप



लगाया कि यह देरी राजनीति से प्रेरित थी। खरगे ने कहा कि अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक देवघर हवाईअड्डे पर फंसे रहे थे और क्षेत्र को 'नो-फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया था, क्योंकि प्रधानमंत्री विमान में खराबी के ठीक होने तक वहीं इंतजार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कल हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में जानबूझकर दो घंटे की देरी की गई, क्योंकि प्रधानमंत्री अपने विमान में बैठे थे। आज मेरे हेलीकॉप्टर को 20 मिनट देरी से उतारा गया, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उतर रहे थे। उनका रास्ता अलग था और मेरा रास्ता अलग था। भाजपा के घुसपैठ के मुद्दे पर निशाना साधते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह के पास इसे रोकने की शक्ति है। इसके बावजूद वह लोगों को डरा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, क्या प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह सो रहे हैं। सत्ता में होने के बावजूद वे घुसपैठ क्यों नहीं रोक सकते? जब वे एक हेलीकॉप्टर को रोक सकते हैं, तो वे घुसपैठियों को क्यों नहीं रोक सकते? उन्होंने केंद्र पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मदद करने वालों के खिलाफ ईडी, सीबीआई एवं आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

## एक नजर

### झारखंड धाम का 285 करोड़ की लागत से होगा सर्वांगीण विकास : अमित शाह

**गिरिडीह :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित साह ने कहा कि झारखंड में सतारूढ़ हेमंत सोरेन सरकार की गलत नीतियों के कारण यह राज्य विकास में पिछड़ रहा है। झारखंड के विकास को राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार को बदलने की जरूरत है। शाह शनिवार को बाबूलाल मरांडी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्होंने जनसभा में झारखंड धाम के विकास की चर्चा की थी और प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड धाम के विकास के लिए 285 करोड़ की स्वीकृत दी, जिससे शिव के इस अनूठे धाम का चौमुखी विकास होगा। सभा में केन्द्रीय मंत्री व झारखंड भाजपा विस चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा, पूर्व सांसद व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय मौजूद थे।

### लैंड फॉर जॉब मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए लालू यादव

**नई दिल्ली :** लैंड फॉर जॉब मामले की दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को सुनवाई के दौरान आरोपितों लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव पेश नहीं हुए। कोर्ट ने इन सबको पेशी से छूट दे दी। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि उन्हें ईडी की ओर से पेश करीब दस हजार पेज के दस्तावेजों के परीक्षण में दो हफ्ते का समय लग सकता है। उसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 25 अक्टूबर को आरोपितों को निर्देश दिया था कि वे कोर्ट में दाखिल चार्जशीट से उन्हें मिले दस्तावेजों का मिलान कर लें। इस मामले में 7 अक्टूबर को कोर्ट ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप समेत सात आरोपितों को जमानत दी थी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी।

### चीन के हैकर्स ने अमेरिकी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल के नेटवर्क में लगाई सेंध

**वाशिंगटन :** चीन के हैकर्स ने प्रसिद्ध अमेरिकी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल के नेटवर्क पर सेंध लगाई है। इसे चीन के साइबर जासूसी ऑपरेशन का हिस्सा बताया गया है। वायरलेस नेटवर्क ऑपरेटर टी-मोबाइल का मुख्यालय वाशिंगटन के बेलेव्यू में है। द वाल स्ट्रीट जर्नल की खबर में यह खुलासा संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई), साइबर सुरक्षा और सुरक्षा एजेंसी (सीआईएसए) की पड़ताल में हुआ है। इसमें कहा गया कि चीन के हैकर्स ने टी-मोबाइल के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क को भी हैक करने कोशिश की। हालांकि यह साफ नहीं हो सका कि हैकर्स टी-मोबाइल के कितने ग्राहकों का डेटा चुराने में कामयाब हुए। सीआईएसए ने इस बारे में संयुक्त बयान भी जारी किया है। सीआईएसए ने कहा कि चीन के हैकर्स का लक्ष्य विशेष रूप से अमेरिकी सरकार या राजनीतिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की संवेदनशील जानकारी प्राप्त करना था।

## केंद्र ने रॉयल्टी के साथ मनरेगा का भी हजारों करोड़ रुपये रोक रखा है : कल्पना सोरेन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामा :** कल्पना मुर्मू सोरेन ने शनिवार को जामा में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना ने यहां इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी लुईस मरांडी के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि आज बीजेपी के बड़े-बड़े नेता यहां आकर घूम रहे हैं। लेकिन इन्हीं की पार्टी की सरकार ने हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ नहीं दिया। मनरेगा का भी हजारों करोड़ रुपया केंद्र पर बकाया है। कहा ये उस खनिज की रॉयल्टी की पैसा है जिसे हमारी ध?ती का सीना चीर कर यहां से ले गये हैं। कहा ये पैसा हम केंद्र से मांग रहे हैं, लेकिन ये नहीं दिया जा रहा है। कहा कि आपके दादा बेटा हेमंत सोरेन केंद्र से ये पैसा मांग रहे हैं। ताकि इससे राज्य की शिक्षा को बेहतर किया जा सके। यहां की सड़कों की हालत सुधर



सके। आपके लिए दूसरी योजनाएं लायी जा सके। कल्पना ने कहा कि जामा विधानसभा को जहां रहना चाहिये था, वहां नहीं है। जितना विकास होना चाहिये था, उतना नहीं हुआ है। इसके लिए आपको लुईस मरांडी को विधानसभा में भेजना है। कहा कि राज्य बने हुए 24 साल हो गये। इसमें 18 से 20 साल तक बीजेपी का शासन रहा। लेकिन इसके बाद जेएमएम की सरकार बनी। इसका कार्यकाल पूरा नहीं होने दिया गया। इसमें 2 साल हमको कोरोना से लड़ने में लग गये। कहा कि इतने कम समय में ही हमने 40 लाख लोगों ओल्ड पेंशन योजना से जोडने का काम किया। कहा 25 लाख लोगों को आबुआ आवास योजना से जोड़ने का काम किया। 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया है। सोरेन ने कहा, जब इनकी डबल इंजन की सरकार थी, तो इन लोगों ने क्या किया। कहा कि ये लोग हमारे स्कूलों को बंद कराते थे। हमारे 11 लाख लोगों का नाम राशन की सूची से हटा दिया। इतने सारे लोगों को राशन से वंचित कर दिया। लेकिन हमारी सरकार ने झारखंड में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस भी चालू किया। ताकि गरीब परिवारों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल सके। इससे हमारे आने वाली पीढी का भविष्य सुधर सके। कहा इन सब योजनाओं के लिए पैसे की जरूरत होती है। जब हम रॉयल्टी का पैसा मांगते हैं ये इनको अच्छा नहीं लगता है। कहा कि झारखंड में बीजेपी के किसी नेता में हिम्मत नहीं है, इस पैसे को केंद्र से मांगने की। कहा कि मनेरगा का भी हजारो करोड़ रुपया केंद्र पर बकाया है। कोल रॉयल्टी के साथ ये पैसा भी केंद्र ने रोक रखा है। ऐसी विकट हालत में भी हमने मंईयां सम्मान योजना लायी। लेकिन बीजेपी के लोगों को ये भी नहीं भाया। इन्होंने कोर्ट में पीआईएल दायर कर दिया। लेकिन वहां भी इनको मुंह की खानी पड़ी। दो दिन पहले ही कोर्ट ने फैसला सुना दिया है कि ये योजना बंद नहीं होगी। कहा कि किसी भी योजना को लाते ही बीजेपी का गैंग एक्टिव हो जाता है और इसे तरह-तरह से बाधित करने की साजिश में लग जाता है। लेकिन पहले चरण के चुनाव दिखा दिया है कि राज्य की जनता ने इनको नकार दिया है। इसमें राज्य की महिलाओं ने बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने घर से निकलकर अधिक संख्या में वोटिंग की है। दूसरे चरण के मतदान में भी ऐसा ही होगा, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस से मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर



एजेंसी

**छत्तीसगढ़ :** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां पर सुरक्षाबलों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। जबकि कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। मुठभेड़ अब भी जारी है। इस मुठभेड़ में 2 जवानों को भी गोली लगी है। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट किया गया। घायल जवानों के नाम खिलेश्वर गावड़े और हीरामन यादव हैं। कांकेर रढ आईके एलिसेला ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दोनों की स्थित अभी खतरे से बाहर है। इस ऑपरेशन में बस्तर के लगभग सभी जिलों के डीआरजी जवान और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज शामिल थे। यह ऑपरेशन नक्सल संगठन के सेंट्रल मेंबर अभय को घेरने के लिए चलाया गया था। नक्सली लीडर अभय समेत बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद थे। इसकी सूचना पहले से ही मिली थी। इसके बाद फोर्स को रवाना किया गया था। शनिवार सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों राज्यों की पुलिस फोर्स नक्सलियों के ठिकानों पर पहुंची तो नक्सलियों ने जवानों पर गोलीमारी शुरू कर दी।

## मणिपुर में फिर मिले तीन लोगों के शव इंफाल के कई हिस्सों में प्रदर्शन जारी

एजेंसी

**मणिपुर :** मणिपुर के जिरीबाम जिले में 3 लोगों के शव बरामद होने के बाद इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। मणिपुर-असम सीमा पर जिरी नदी एवं बराक नदी के संगम के पास 3 शव बरामद किए गए हैं। अधिकारियों को संदेह है कि ये शव जिरीबाम जिले से लापता हुए 6 लोगों में से 3 के हैं। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं थीं। उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेथेल क्षेत्र और सागोलबंद तेरा में वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए टायर जलाकर मुख्य सड़कों को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर के मुख्य बाजार



ख्वाइरामबंद में महिला विक्रेताओं ने इस घटना के विरोध में रैली निकाली, जबकि इंफाल में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जिरीबाम में 3 शवों के बरामद होने की खबर जैसे ही फैली तो लोगों ने दुकानें और बाजार बंद कर दिए। बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग और इंफाल पूर्व जिले के लामलोंग में भी स्थानीय लोगों ने इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने पहले ही शनिवार को स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मणिपुर-असम सीमा पर जिरी नदी एवं बराक नदी के संगम के पास शुक्रवार रात एक महिला और 2 बच्चों के शव बरामद किए गए। ऐसा संदेह है कि ये शव जिरीबाम जिले से लापता 6 लोगों में से तीन के हैं।

### एमसीसी उल्लंघन पर कांग्रेस और भाजपा को आयोग का नोटिस




**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में स्टार कैंपेनर की ओर से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों को अलग-अलग नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम लिखे पत्र में उन्हें उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर सोमवार दोपहर 1:00 तक जवाब देने के लिए कहा है। भाजपा ने जहां 11 नवंबर को आयोग से शिकायत की थी, वहीं कांग्रेस ने 13 नवंबर को दो शिकायतें की थीं।

## ओवरटेक करने के चक्कर में हुई दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के बिजनौर से एक बड़ी सड़क दुर्घटना की खबर सामने आयी है। यहां एक कार और टेंपो के बीच हुई भीषण टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 6 मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह ओवरटेकिंग है। इसमें एक क्रेटा कार ने दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करते समय ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान ऑटो में 7 लोग सवार थे, जिनकी हादसे में मौत हो गई। वहीं, हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।एक ही परिवार के हैं 6 मृतक इस मामले में बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी




लोग मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से धामपुर आ रहे थे। वहीं, सूत्रों के मुताबिक मृतकों में 6 लोग एक ही परिवार के सदस्य थे, जो झारखंड से शादी कर वापस घर लौट रहे थे। बता दें कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों में 4 पुरुष, 2 महिला और 1 लड़की शामिल हैं। झारखंड से वापस आ रहा था परिवार मिली जानकारी के अनुसार, उक्त हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतक झारखंड से शादी कर वापस घर आ रहे थे। वहीं, मृतकों की पहचान खुर्शीद, उसके बेटे विशाल, बहू खुशी के अलावा मुमताज, पत्नी रूबी और पुत्री बुशरा के रूप में की गयी है। बता दें कि परिवार झारखंड बेटे की शादी के लिए गया था और वहां से दुल्हन लेकर वापस लौट रहा था। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी।

## रोटी, बेटी और माटी की रक्षा हेमन्त सोरेन नहीं कर सकते उनको घुसपैठियों में वोट बैंक दिखता है : अमित शाह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दुमका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया और कहा कि इस संथाल के पवित्र भूमि की संघर्ष के कारण ही झारखंड राज्य अस्तित्व में आया है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि जब आप संघर्ष कर रहे थे तब आप पर गोलियां बरसाई गई। लाठियां बरसाई गई। ये गोलियां और लाठियां बरसाने वाले कौन थे। ये कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को अपना अधिकार नहीं दिया। आज मुख्यमंत्री बनने के लिए हेमंत सोरेन



जी उनकी गोदी में बैठ गये हैं। वो भूल गये कि यहां पर सैंकड़ों युवाओं ने बलिदान दिया था लाठियां खाई थी। और वो सिर्फ मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस और आरजेडी की गोदी में बैठ गये। झारखंड को बनाने का काम अटल बिहारी बाजपेयी जी ने किया। और झारखंड को सवांरने का काम नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं। कल बिरसा मुंडा की जयंती थी। सराय काले खान एक चौक का नाम है दिल्ली में। वहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई गई। हेमंत सोरेन का इसका विरोध कर रहे हैं। कह रहे हैं प्रतिमा लगाने से सिर्फ क्या होगा। हेमंत बाबू मैं आज दुमका की इस भूमि पर हिसाब देने आया हूं हमारे पीएम ने भगवान बिरसा मुंडा और आदिवासियों के लिए क्या किया है। 15 नवंबर को 2021 में आदिवासी गौरव दिन के रूप में मनाने का काम हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने किया। हेमंत बाबू इसके साथ साथ मोदी जी की अध्यक्षता में एक कमिटी बन रही है। वो कमिटी इस एक साल को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का काम ये कमिटी करेगी। आप हमारा सवाल पूछ रहे हो। पहले इतने प्रधानमंत्री हुए जो धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव गया है क्या। मोदी जी एक मात्र पीएम है जो उनके गांव गया। हेमंत बाबू आप हमें पूछते हो धरती आबा के लिए क्या किया। ध?ती आबा का सपना था कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा हो। इसके साथ साथ सुरक्षा सम्मान और समविकास को जोड़ने काम मोदी जी ने किया। आज तक देश का राष्ट्रपति आदिवासी नहीं बना। मोदी जी ने द्रौपदी मुर्मू को महामहिम बना दिया। ये सम्मान मोदी जी ने दिया।

## एनएचआरसी ने झांसी में 10 नवजात बच्चों की मौत पर उप्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 नवजात बच्चों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 15 नवंबर को झांसी जिले में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू) में आग लगने से कम से कम 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। इन मौतों के अलावा कुल 16 बच्चे घायल हुए जबकि 37 को बचा लिया गया। आयोग ने कहा कि कथित तौर पर पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और घटना के समय मरने वाले बच्चे इनक्यूबेटर में थे। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री वास्तव में परेशान करने वाली है और लापरवाही का संकेत देती है। जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित शिशुओं के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हुआ क्योंकि वे एक सरकारी संस्थान की देखभाल में थे।

## एक नजर

### खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**बड़कागांव :** प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित बी.एम मेमोरियल स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में बैलून फोड़, बिस्कुट दौड, मटर दौड़, मेंढक दौड़,बिस्किट दौड़, सुई धागा, चम्मच दौड़ ,दौड़, रसीद दौड, कुर्सी खेल, कबड्डी ,थ्रो बॉल, बाधा दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने किया। सभी बच्चों ने खेल के मैदान में एक से बढ़कर एक खेल दिखाएं। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मौके पर विद्यालय के शिक्षा चेयरमेन रंजीत कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के लिए अति आवश्यक है। बच्चे अपना करियर खेलकूद में भी बना सकते हैं। इसके साथ-साथ खेलकूद से शारीरिक विकास होता है। वहीं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने कहा कि हमारे यहां बच्चों को सभी क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह की एक्टिविटी करवाया जाता है ताकि बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके अलावा हमारे विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर मुख्य रूप से उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, महेंद्र विश्वकर्मा, दिलेश्वर दास, आनंद कुमार, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, आशीष यादव,आर्य कुमारी, अंजली मिश्रा, मनीषा कुमारी, ऋषभ अग्रवाल,राजेश कुमार रवि, सुमित कुमार,देवंती देवी,सोनू कुमार,स्नेहा कुमारी, सुभाष प्रसाद, सुमन कुमारी, नेहा कुमारी, गंगा भारती,विकाश ठाकुर,सहित दर्जनों शिक्षक व सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद थें।

### पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का यशोदा अपार्टमेंट में हुआ मंगल प्रवेश

**हजारीबाग :** पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज का शनिवार को यशोदा अपार्टमेंट में मंगल प्रवेश अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। महाराज श्री ने अपने दिव्य मुखारविंद से णमोकार मंत्र की स्तुति की, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति से भर गया। उनकी उपस्थिति मात्र से आसपास का क्षेत्र पवित्रता से अभिभूत हो गया। भव्य स्वागत और चरण वंदना इस शुभ अवसर पर चंद्र प्रकाश लता जैन पांड्या परिवार ने मुनि श्री का विशेष रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर वर्षा जैन,पन्ना लाल लुहाड़िया, शोभा लुहाड़िया,वर्षा लुहाडिया,अंजू छबड़ा मौजूद रही, फ्लैट के अमित सिंह, अभिषेक पांडे, अपार्टमेंट के सचिव व कोषाध्यक्ष शामिल रहे। उन्होंने परंपरागत विधि से मुनि के चरण धोए और पवित्र जल से अभिषेक किया। इसके उपरांत, उन्होंने मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य इतना भावपूर्ण था कि हर कोई इस क्षण को अपनी स्मृतियों में संजोकर रखना चाहता था। चंद्र प्रकाश लता जैन पांड्या ने इस अवसर पर कहा की पूज्य मुनि श्री का आगमन हम सभी के लिए अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक है। उनके वचन हमें जीवन में धर्म, आत्म-संयम और सद्भावना का मार्ग दिखाते हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें उनके चरणों में सेवा करने का अवसर मिला। इस पावन अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मुनि श्री के सान्निध्य में समय बिताया और धर्म चर्चा का लाभ उठाया। अपार्टमेंट परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। मुनि श्री ने अपने वचन में कहा की जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और धर्म के मार्ग पर चलना है। मनुष्य को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए और सदा अहिंसा, सत्य और त्याग के पथ पर चलना चाहिए।

# महागठबंधन के पक्ष में प्रचार करने हजारीबाग के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह पहुंचे गांडेय

## कल्पना सोरेन के समर्थन में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग/गिरिडीह :** हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस के महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शनिवार को गिरिडीह जिले के गांडे विधानसभा में झामुमो की महागठबंधन प्रत्याशी कल्पना सोरेन के समर्थन में एक बड़ी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सभा के दौरान मुन्ना सिंह ने महागठबंधन की एकता और गांडे विधानसभा से कल्पना सोरेन की जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा कि महागठबंधन का हर उम्मीदवार जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह चुनाव सिर्फ व्यक्तियों का नहीं, बल्कि महागठबंधन के उस संकल्प का है जो जनता के हक, अधिकार और विकास के लिए लड़ा जा रहा है। कल्पना सोरेन के रूप में गांडे को एक सशक्त और जनहितैषी प्रतिनिधि मिलेगा। सभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सरफराज अहमद भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने भी मंच से जनता को संबोधित किया और महागठबंधन के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि यह गठबंधन झारखंड में विकास और स्थिरता लाने के लिए बनाया गया है। जबकि गांडे विधानसभा के विभिन्न हिस्सों से आए ग्रामीणों और महागठबंधन समर्थकों की भारी भीड़ इस सभा में देखी गई। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने कल्पना सोरेन और मुन्ना सिंह के विचारों का स्वागत करते हुए महागठबंधन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कल्पना सोरेन, जो झामुमो की प्रत्याशी हैं, ने सभा में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि जनता के विश्वास के साथ उनके अधिकारों के लिए काम करना है। मुन्ना सिंह ने सभा के अंत में जनता से अपील की कि वे महागठबंधन के उम्मीदवारों को चुनकर राज्य को प्रगति की राह पर ले जाएं। उन्होंने कहा, आपका एक-एक वोट झारखंड के भविष्य को संवारने का काम करेगा। कल्पना सोरेन की जीत महागठबंधन की मजबूती का प्रतीक बनेगी। मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो नेता सरफराज अहमद , विक्की कुमार धान अयान राजा खान, दिनेश यादव, गुलाम सदाब, सदाब इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में आ रही भाजपा सरकार : प्रदीप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आशीर्वाद यात्रा में आज हजारीबाग सदर विधान विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद नें अलगडीहा, खेतकों, बालक, बगोदर, अटका, यमुना नगर, लक्षीबागी, भंडारटोला, डमुवा टाँड, उपरबागी सहित दर्जनों गाँवों में जनसंपर्क कर बगोदर के भाजपा प्रत्याशी नागेंन्द्र महतो के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता का संदेश साफ है बगोदर में कमल खिलने जा रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र महतो को अपना आशीर्वाद दे और बगोदर में कमल खिलाए। उन्होनें आशीर्वाद यात्रा में उपस्थित लोगों से अपील किया कि 20 नवबंर कों एश्ट नंबर 1 पर बटन दबाकर भाजपा के विधायक प्रत्याशी नागेंन्द्र महतो कों अपना आशीर्वाद दे और बगोदर में कमल खिलाएं। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हर दिल में आशा घर - घर में विश्वास है, भाजपा के साथ बनाएंगे एक नया इतिहास। जनसंपर्क यात्रा मे जिला परिषद सदस्य रीता माथूर प्रसाद, माथूर प्रसाद, खेतको मुखिया शालिग्राम प्रसाद, दीपू मंडल, प्रयाग मंडल, प्रयाग प्रसाद, कृष्णदेव मंडल, दिगम्बर मंडल, शंकर प्रसाद, दिलीप प्रसाद, मनोज प्रसाद, राजेश प्रसाद, दीपक प्रसाद, बालदेव महतो, मुकेश मंडल, मन्टु प्रसाद, सोनू सिहं, मुखिया प्रकाश मंडल सहित सैकेडों संख्या मे लोग उपस्थित थें।

## बिरसा मुंडा के उलगुलान और बलिदान ने उन्हें 'भगवान' बना दिया : विहिप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह विश्व हिंदू परिषद पलामू ने जिला मुख्यालय मेदनी नगर में ₹जनजातीय गौरव दिवस₹ के रूप में आयोजित किया। विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल पलामू के प्रतिनिधि मंडल स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा के स्मारक पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के आदिवासी दम्पति सुगना और करमी के घर जन्मे बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची। उन्होंने आदिवासियों को स्वच्छता का संस्कार सिखाया। शिक्षा का महत्व समझाया। सहयोग और सरोकार का रास्ता दिखाया। सामाजिक स्तर पर आदिवासी समाज में चेतना पैदा की। कार्यक्रम संयोजक रवि तिवारी ने भी भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, वार्ड संयोजक रूपेश कुमार, धीरज कुमार, ओम प्रकाश ठाकुर इत्यादि की सहभागिता रही।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में छः व्यक्ति घायल

**छतरपुर (पलामू) :** पलामू छतरपुर प्रखंड के पंचायत सचिवालय भवन हुटूकदाग के मोड पर शनिवार को दो मोटरसाइकिल आमने-सामने में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें छ:व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायल व्यक्ति की पहचान जमुवा खरडिहा के बताया जा रहा है।घायलों की पहचान नौडीहा प्रखंड के मंजू देवी, दीपक कुमार, सतेंद्र यादव ग्राम जमुआ खरडीहा, नौडीहा बाजार, सुनील कुमार, मुकेश भुइया,सुधीर भुइया ग्राम बभनडी छतरपुर के रूप में पहचान की गई।

## विकास सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस बेहतर करने वाले सदस्य हुए सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** टंडवा रोड स्थित कुशवाहा मोहल्ला में संचालित बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति विकास सेवा समिति लिमिटेड ने 18वीं वर्षगांठ मनाई। इसकी अध्यक्षता विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार व संचालन सिकंदर सोनी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धि नाथ महतो, मुखिया रंजीत कुमार शशि मेहता व उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों के हाथों दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विगत 1 वर्ष में बेहतर करने वाले समिति के टॉप 20 सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उमेश प्रसाद, लखन महतो, सिकंदर कुमार सोनी, सुरेंद्र कुमार, दशरथ कुमार, कालेश्वर कुमार, शंभू ठाकुर, विष्णु दयाल, विदेशी दांगी, ज्ञानी कुमार, शशि मेहता, जोगेंद्र कुमार, बालमुकुंद प्रसाद, परमेश्वर कुमार, शंभू प्रसाद, अभिनव कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमन देवी, अमलेश कुमार, राजू कुमार, गुड़िया देवी शामिल है। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते दशरथ कुमार ने कहा कि ईमानदारी से काम करने वाला संस्थान हमेशा आगे बढ़ता है, उसी का परिणाम है कि विगत 18 वर्षों से विकास सेवा समिति ग्रामीणों के बीच में विश्वास के साथ बेहतर कार्य कर रही है। बुद्धिनाथ महतो ने कहा कि सदस्यों के प्रयास से ही समिति आगे बढ़ा है, हमें और बेहतर करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाना है। प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि शुरूआती दौर में मात्र 41 सदस्यों से समिति गठन किया गया था। आज 101 सदस्य है, अपना बेहतर योगदान देकर समिति को आगे ले जा रहे हैं वे बधाई के पात्र हैं। मौके पर शशि मेहता, विष्णु रजक, प्रवीण कुमार, लालमणि महतो, अश्विनी कुमार, विकास कुमार, विष्णु दयाल, मुनेश कुमार दांगी, जुगेश्वर महतो, गणेश प्रसाद, धनुषधारी महतो के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## इप्टा के कलाकारों ने बिरसा को दी श्रद्धांजलि




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू):** स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा झारखंड के नायकों में एक बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर भारतीय जन नाट्य संघ की पलामू शाखा ने शुक्रवार को संध्या 5:00 बजे मेदिनीनगर के स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया। इप्टा के जिला अध्यक्ष प्रेम भसीन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह, राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के पश्चात के इप्टा कलाकारों ने उमेश नजीर द्वारा लिखित बोल रे भाई झारखंडी बोलो झारखंड गीत के साथ अन्य जन गीतों की प्रस्तुति किया। इस मौके पर प्रेम भसीन ने कहा बिरसा मुंडा एक ऐसे स्वतंत्रता संग्रामी थे जो चाहते थे कि जल जंगल जमीन पर आम जन का अधिकार हो। कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा बिरसा मुंडा साम्राज्यवादी नीतियों का विरोध करते हुए अपनी शहादत दी है। मौके पर उपेंद्र कुमार मिश्रा, गोविंद प्रसाद, अरुण चौधरी, अभय मिश्रा, राजीव रंजन, समरेश सिंह, संजीव कुमार संजू, शशि पांडे, भोला, रवि शंकर, दिनेश शर्मा, अजीत कुमार, रवि शंकर एवं प्रेम प्रकाश उपस्थित थे।

## एमके डीएवी में धूम-धाम से मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर(पलामू):** भगवान बिरसा मुंडा , गुरु नानक देव एवं महात्मा नारायण दास ग्रोवर को छात्रों ने किया नमन ।15 नवंबर 2024 को एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज में तीन महापुरुषों भगवान बिरसा मुंडा, गुरु नानक देव एवं महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की जयंती मनाई गई। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी. एन. खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ वेद मंत्रोच्चार के बीच तीनों महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आठवीं ब के छात्र मोइनुद्दीन खान ने बिरसा मुंडा पर एक कविता प्रस्तुत किया। इ की छात्राएं प्राजंलि एवं मिस्टी प्रिया ने भगवान बिरसा मुंडा जी का जीवन परिचय, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान एवं जनजातीय संस्कृति के उत्थान पर विस्तृत चर्चा की । छात्रों को उद्बोधित करते हुए एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन. खान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति उत्थान एवं देश की आजादी हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने अंग्रेजों का विरोध करते हुए 1897 में खूंटी थाने पर हमला बोला था और डोगरा पहाड़ी से आजादी का बिगुल बजाया था। उनका मुख्य नारा था ₹ अबुआ दिशुम अबुआ राज। 19 फरवरी सन 1900 को उन्हें चक्रधरपुर से गिरफ्तार कर रांची जेल लाया गया जहां सन 1909 में जनजातीय संस्कृति के गौरव एवं मां भारती के इस सच्चे सपूत ने अपनी आखिरी सांस ली । आज हम उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । डॉक्टर खान ने प्रथम सिख गुरु गुरुनानक देव जी को नमन करते हुए कहा कि आज देश में उनकी जयंती गुरु पर्व एवं प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जा रही है। श्री गुरु नानक देव जी सच्चे संत एवं समाज सुधारक थे । उन्होंने संगत - पंगत की रीत चलाकर सामाजिक वैमनस्यता को मिटाने का जो प्रयास किया , उससे देश की एकता , अखंडता और सामाजिक ताने-बाने को मजबूती मिली।प्राचार्य महोदय ने बिहार, झारखंड,उड़ीसा और उत्तर प्रदेश मे डी.ए.वी. संस्थाओं के प्रणेता महात्मा नारायण दास ग्रोवर को भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि ग्रोवर साहब एक सच्चे आर्य समाजी, शिक्षाविद एवं पथ प्रदर्शक थे ।उन्होंने अपने प्रयास से 200 से अधिक विद्यालयों को स्थापना कर शिक्षा जगत में क्रांति लाने का कार्य किया। सादा जीवन एवं उच्च विचार की प्रतिमूर्ति ग्रोवर साहब ने चारों प्रदेशों के पिछड़े एवं आदिवासी क्षेत्रों में शैक्षणिक चेतना जागृत कर जन जीवन में बेहतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने तीनों महापुरुषों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सुदेशना राय ने किया एवं कार्यक्रम संयोजक शिक्षक श्री कन्हैया राय थें।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद धीरज साहू पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदान की अपील की



**हजारीबाग :** मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चरही कांग्रेस कार्यालय में एक सभा हुई सभा का संचालन कांग्रेस के चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज साहू,उपस्थित हुए। उनके साथ पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आदरणीय कुमार महेश सिंह, कोमल कुमारी ,पूनम यादव,उपस्थित हुए। राज्यसभा सांसद श्री धीरज साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैंयां समान योजना प्रत्येक महीना 200 यूनिट बिजली बिल माफी वृद्धा पेंशन अबुआ आवास योजना उपलब्धि है इसके कार्य को घर-घर तक पहुंचाया जाए और भारी से भारी मतों से जय प्रकाश भाई पटेल को विजई बनाकर फिर से एक बार महागठबंधन की सरकार बनाया जाए। सभा में उपस्थित युवा राजद प्रदेश महा सचिव नीरज कुमार प्रसाद,बहेरा मुखिया देवकी महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष चौलेश्वर महतो, आरिफ अंसारी, कार्यालय प्रभारी मुंतज़िर अंसारी, भानु प्रताप सिंह, बिंदु देवी, निसार अहमद, संजय मिश्रा, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग :** शनिवार को चनारो पंचायत के विभिन्न गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में युवा राजद प्रदेश महासचिव नीरज कुमार प्रसाद एवं आरीफ अंसारी के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में माताएं बहनों किसान एवं मजदूर भाइयों को संबोधित करते हुए आगामी 20 नवंबर 2024 को चुनाव चिन्ह हाथ छाप में एश्ट नंबर के 1 नंबर बटन पर अपना बहुमूल्य वोट देकर इंडिया गठबंधन के सुयोग्य कर्मठ एवं जुझारू प्रत्याशी आदरणीय जय प्रकाश भाई पटेल को भारी से भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की गई।

### प्रशासन ने की कार्रवाई, अवैध खनिज लदे आठ हाइवा जब्त



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार दिनांक 15.11.2024 रात्री 10.00 बजे अनुमण्डल दण्डाधिकारी सदर अशोक कुमार,अंचल अधिकारी, कटकमदाग,अंचल अधिकारी, बड़कागाँव के गठित टीम के द्वारा संयुक्त छापामारी की गई । इस दौरान अवैद्य बालू लदे 4 हाईवा जो रात्री 10.30 बजे स्थान कुण्डीलबागी, थाना-कटकमदाग को हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जाते हुए जप्त किया गया एवं 03 बोल्डर लदे हाईवा तथा 01 गिट्टी लदे हाईवा को स्थान-ओदरना थाना-कटकमदाग जो हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जा रहा था, को जप्त किया गया। मौके पर जब उक्त जप्त वाहनो के चालको से आवश्यक कानूनी दस्तावेज परिवहन चालान आदि की माँग की जाने पर उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसकी तत्काल सूचना थाना प्रभारी कटकमदाग को मोबाईल के माध्यम से दी गई एवं घटना स्थल पर बुलाकर वाहनो को जप्त कर थाना भेज दिया गया। वाहन में लदे खनिज से संबंधित ई-परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं करने से स्पष्ट है कि उक्त वाहन के द्वारा अवैद्य रूप से खनिज का परिवहन किया जा रहा था,जो झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियम-'4' एवं '54' 2017 के नियम '9' एवं '13' का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है तथा यह सरकारी सम्पति एवं राजस्व के चोरी का भी मामला बनता है। उक्त सभी वाहनों पर निहित प्रावधानों के तहत कारवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### राज कुमार यादव के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त




**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष तथा शहर के जाने माने व्यवसायी राज कुमार यादव उर्फ राजू बाबू के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया ।आयोजित शोक सभा में कांग्रेसियों ने अपने-अपने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजू बाबु कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे । इनके निधन से कांग्रेस ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है साथ ही साथ इनके निधन से कांग्रेस की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति तत्काल संभव नही ।शोक सभा के अंत मे दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठिन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य तथा सहनशक्ति प्रदान हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।शोकसभा में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, गोविंद राम, कृष्ण कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, प्रदीप कुमार मंडल, विजय कुमार सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, अनिल भुईया, बाबु खान, मुस्ताक अंसारी, महेश प्रसाद साव, आबिद अंसारी, अजय गुप्ता, साजिद हुसैन, सुनिल सिंह राठौर, जावेद इकबाल, पंचम पासवान, सुनिल अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार सिंह, गुड्डु सिंह, अर्जुन सिंह, अरशद खान, अफताब आलम, कौशल कुमार सिंह, अमर सिंह यादव, अर्जुन नायक, इत्तेफाक हुसैन, मिथिलेश दुबे, बाबर अंसारी, अधिवक्ता इजहार हुसैन, मुकेश पासवान आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर

### सदर अस्पताल में लिमबर्ग फ्लैप से पहली बार पाइलोनिडल साइनस की हुई सर्जरी

**रांची** : रांची के सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग की टीम ने पहली बार लिमबर्ग फ्लैप के जरिये पाइलोनिडल साइनस की सर्जरी की। सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार ने शनिवार को बताया कि नामकुम के रहने वाले 18 वर्षीय मरीज को पिछले एक साल से पीठ के निचले भाग से पानी आ रहा था। इसके इलाज की कई विधियां है। इसमें से सबसे अच्छी विधि लिमबर्ग फ्लैप के जरिये सर्जरी है। यह बीमारी आमतौर पर उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनके पीठ और निचले भाग में बाल अधिक होते हैं। उन्होंने बताया कि आमतौर पर यह उन छात्रों को ज्यादा होती है, जो ज्यादा देर तक बैठ कर पढ़ाई करते हैं या ड्राइवर, टेलर आदि जो काफी देर तक एक ही पोजीशन में बैठे रहते हैं। ऑपरेशन करने वाली टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, डॉक्टर विकास बल्लभ सहित अन्य मौजूद थे।

### निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय थाम सकते हैं भाजपा का दामन

**रांची** : धनवार सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय भाजपा का दामन थाम सकते हैं। जानकारी के अनुसार वे गृहमंत्री की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। निरंजन राय को मना लिया गया है। शनिवार को असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा और गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे निरंजन राय के पिपलो स्थित आवास पर पहुंचे। निरंजन राय से मुलाकात के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि निरंजन राय बीजेपी के थे और बीजेपी में ही रहेंगे। वहीं मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने कहा कि सकारात्मक बातचीत हुई है। शीघ्र ही शुभ सूचना मिलेगी। निरंजन राय के धनवार सीट से निर्दलीय पर्चा दाखिल करने के कारण बीजेपी नेता और धनवार प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी के लिए परेशनी बढ़ गई थी। निरंजन राय बाबूलाल मरांडी के करीबी माने जाते हैं। निरंजन के निर्दलीय पर्चा दाखिल करने की वजह से माना जा रहा था कि वह बीजेपी को नुकसान पहुंचा सकते थे। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के यहां से लड़ने के कारण धनवार हॉट सीट बन गई है।

### शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं : राज्यपाल

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, इसका मुख्य मकसद समाज के लिए उपयोगी बनाना है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह आप सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक विशेष उपलब्धि का प्रतीक है। आप सबने यहां न केवल शिक्षा प्राप्त की है, बल्कि आत्मनिर्भरता, समर्पण और अनुशासन की अद्भुत यात्रा भी पूर्ण की है। राज्यपाल शनिवार को बीआईटी मेसरा के 34वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों, आज का यह दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं, बल्कि आपके जीवन की एक नई शुरूआत है। यह आपके ज्ञान और संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपकी डिग्री केवल एक प्रमाण-पत्र नहीं है, बल्कि यह संकल्प का प्रतीक है। अपने अर्जित ज्ञान और कौशल से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का, मानवता के उत्थान में योगदान देने का और राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाने का। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि इसे समाज के लिए उपयोगी बनाना है।

# साइलेंट पीरियड में किसी भी प्रत्याशी की मतदाताओं से जुड़ी अपील के प्रसारण पर है मनाही : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के लिए मतदाता पर्ची के वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। बचे हुए मतदाता पर्ची को आरओ के ऑफिस में जमा कराया गया है। दूसरे चरण वाले क्षेत्रों में एफएसटी एवं एसएसटी की तैनाती की जा रही है। जिन क्षेत्रों में प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है, वहां भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के तहत छूट दी जा रही है, लेकिन अभी भी जिले के बॉर्डर एवं चेकपोस्टों को एक्टिव रखा गया है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन में मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित 83 केस दर्ज हुए हैं। गढ़वा में सर्वाधिक 33 केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करें और अपने पोलिंग एजेंट एवं कार्यकर्ताओं को भी इसके प्रति सजग रखें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में प्रत्यशियों के चिह्न के अनाधिकृत उपयोग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी मतदान केंद्रों एवं इसके 200 मीटर की परिधि के अंदर प्रत्यशियों के चुनाव चिह्न से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रतीक चिह्न का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से साइलेंट पीरियड में किसी भी प्रत्याशी द्वार मतदाताओं से अपील वाले मैसेज का प्रसारण नहीं किया जाना है। मीडिया के प्रतिनिधि प्रत्याशियों के मतदान का कवरेज कर सकते हैं, लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की अपील अथवा राजनैतिक बयानबाजी का प्रसारण नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट द्वारा प्रत्याशियों से संबंधित किसी भी प्रकार के पर्चे को नहीं बांटा जाना है। वोटर को पोलिंग एजेंट द्वारा सादे कागज पर केवल प्रत्याशी का सीरियल नम्बर देने कि अनुमति है। इसके अलावा प्रत्याशी का नाम अथवा किसी प्रकार का चिह्न देना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 2 अरब 14 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है।

## बीजेपी झारखंड की खनिज संपदा को अडाणी-अंबानी को चाहती है देना : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को देवघर में प्रेस वार्ता किया । कहा कि देश के गृह मंत्री फिर से संताल दौरे पर थे। कहा कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं को अब गांव के लोग भी सुनना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसिलए इनको बार-बार झारखंड आना पड़ रहा है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे नेता हेमंत सोरेन से कुछ प्रश्न किये हैं। अब हेमंत के सामने तो ये सवाल जाने से रहे। ये उनसे सवाल पूछ भी नहीं सकते हैं। इसलिए मैं ही गृह मंत्री के प्रश्नों का जवाब दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि ये लोग आदिवासी सम्मान की बात करते हैं। कहा कि अमित शाह ने बताया कि उनहोंने सबसे पहले देश में आदिवासी राष्ट्रपति बनाया। कहा कि इससे पहले कभी ये चर्चा नहीं होती थी कि राष्ट्रपति किस धर्म या जाति से हैं। जब रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बने तब से इस तरह की बात शुरू हुई। कोविंद दलित समाज से आते थे। कहा कि इस तरह से इस पद का भी राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। इसी तरह से उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोकना केंद्र का काम था। लेकिन हम नहीं रोक पाये। उन्होंने कहा कि लेकिन कथित घुसपैठियों को राशन कार्ड देने का काम हेमंत सरकार ने किया। कहा कि जब केंद्र यानी गृह मंत्री ये मान रहे हैं कि घुसपैठ हुआ है तो आप क्यों कुर्सी पर बैठे हैं। आपको इस्तीफा दे देना चाहिये। ये घुसपैठ 2024 से कैसे शुरू हो गया। उससे पहले क्यों नहीं था। कहा कि राशन कार्ड बनाने की पहली शर्त है आधार कार्ड। ये आधार कार्ड राज्य सरकार नहीं बनाती है। यानी आप ये मानते हैं कि घुसपैठ भी हो रहा है और आप उसका आधार कार्ड भी बना देते हैं। सुप्रियो ने कहा कि फिर ये लोग राज्य सरकार को जिम्मेदार कैसे ठहरा सकते हैं। कहा ये अजीब स्थिति है। कहा कि यहां पेपर लीक हो जाता है, उत्तर प्रदेश में 7 साल में 17 बार पेपर लीक हुए। कहा कि अभी नीट की परीक्षा हुई। इसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई। इसका एक्टिंग सेंटर कहां था। गुजरात में था। गुजरात में तो इन्हीं की सरकार है। कहा, दरअसल आपको चिंता है यहां के खनिज संपदा की। कहा चिंता हमारी भी यही है। लेकिन दोनों के मकसद अलग हैं। कहा कि आप यहां की खनिज संपदा को अपने दो दोस्तों अडाणी और अंबानी को देना चाहते हैं। इसी की लड़ाई तो इस चुनाव में है। इसीलिए तो झारखंड अस्मिता का सवाल उठाया जा रहा है। लेकिन जनता मूर्ख नहीं है। इनकी चाल को समझती है।

## बीआईटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट, एक छात्र की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मेसरा ओपी क्षेत्र स्थित बीआईटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। मारपीट की घटना में एक छात्र की मौत हो गयी है। यह घटना 14 नवंबर को देर रात बीआईटी कॉलेज के पॉलिटेक्निक डिपार्टमेंट में घटी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक डिपार्टमेंट में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गयी, जिसमें एक छात्र राजा कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। राजा पासवान कोकर खोरहा टोली का रहने वाला था। उसके साथियों ने उसे गंभीर अवस्था में रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। दूसरी तरफ मृतक छात्र के परिजन शनिवार को कॉलेज पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं। वे इस घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने उन्हें शांत कराया और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है। मामले को लेकर परिजनों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## रिम्स के 7 डॉक्टरों पर दवा दुकान संचालक ने किया जानलेवा हमला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के 7 डाक्टरों पर जानलेवा हमला किया गया है। यह हमला दवा दुकान संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर किया, जिसके खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज हुआ है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में दवा दुकान संचालक ने डा. तनय को धक्का दिया, जिससे उनकी सिर पर गंभीर चोट आयी है। इस कारण उनकी सर्जरी करनी पड़ेगी, जिसमें लगभग ढाई लाख रुपए खर्च होंगे। वहीं, इस घटना में आरोप लगाया गया है कि दवा दुकान संचालक के दोस्तों ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की है। घटना के बाद जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से राज्य में केंद्रीय मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लगाने की मांग की है। घटना में घायल डॉक्टर तनय ने पुलिस को बताया कि वह बेकलोफेन दवा लेने के लिए डॉक्टर अनुपम शानू पटेल के साथ मेडिकल हाल गया था। जहां उन्होंने दवा लेने के बाद पेमेंट भी किया, लेकिन खरीदी गयी दवा एक्सपायरी थी। इस कारण उन्होंने दुकान में मौजूद कर्मचारियों से दवा वापस लेने को कहा। मगर उन्होंने दवा वापस लेने से इंकार कर दिया और गाली गलौज शुरू करने लगे। इसी बीच कर्मचारियों ने फोन कर दवा दुकान के मालिक साकेत को बुला लिया। इस पर साकेत तुरंत मौके पर पहुंचा और उसने दोनों डॉक्टरों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी सहित चार आरोपियों से ईडी को मिली पूछताछ की अनुमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम घुसपैठ मामले में गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी सहित चार आरोपितों से पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार में बंद चारों आरोपितों को ईडी 18 नवंबर को अपने साथ पूछताछ के लिए ले जाएगी। पांच दिनों की पूछताछ के बाद पुनः उनको अदालत में 22 नवंबर को पेश किया जाएगा। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत से ईडी ने आरोपितों से पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी थी। इस पर ईडी की




ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने बहस की। अदालत ने पांच दिनों के रिमांड का आदेश दिया। कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लदेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बासु मुखर्जी से ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में विगत बुधवार को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रॉनी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किया है। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहे थे। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तारी के बाद चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी टीम रांची पहुंची थी। इसके बाद रांची के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया था। जहां से चारों को 18 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था।

## विश्वविद्यालय अब जलवायु लचीले और बायोफोर्टीफाइड फसल प्रभेदों के विकास पर काम करेगा : डॉ एससी दुबे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अब जलवायु लचीले और बायोफोटीफाईड फसल प्रभेदों के विकास पर काम करेगा ताकि खरीफ मौसम की अवशेष नमी का रबी मौसम में लाभकारी इस्तेमाल किया जा सके। इसी प्रकार पानी के न्यूनतम प्रयोग वाली कंजर्वेशन कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा जिसमें दलहनी एवं तेलहनी फसलों पर विशेष जोर होगा। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने शनिवार को विश्वविद्यालय की रबी अनुसंधान परिषद की 44वीं बैठक को संबोधित करते हुए उपरोक्त विचार व्यक्ति किये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक मानव संसाधन की बहुत कमी है इसलिए प्रत्येक वैज्ञानिक को प्रयास करना चाहिए कि हर वर्ष बाहरी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित एक शोध परियोजना वे लायें ताकि विश्वविद्यालय में रिसर्च एसोसिएट और सीनियर रिसर्च फेलो के रूप में अतिरिक्त मानव संसाधन उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि सिंचाई की कमी के बावजूद रबी मौसम में फसल आच्छादन क विशेषकर दलहनी, तेलहनी एवं सब्जी फसलों का क्षेत्र बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। कुलपति ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक विभाग उच्च स्तरीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रति वैज्ञानिक दो शोधपत्र प्रकाशित करने तथा स्थानीय किसानों की जरूरत एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप एक प्रौद्योगिकी रिलीज करने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग को एक अध्ययन करना चाहिए कि झारखंड राज्य की कृषि योग्य भूमि के कितने भाग में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फसल प्रभेद लगाये जा रहे हैं ताकि अध्ययन के परिणामों से राज्य सरकार को अवगत कराया जा सके तथा उसके अनुरूप और सरकारी सहयोग के लिए प्रयास किया जा सके। उन्होंने कहा कि जैव विविधता संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के पास काफी फंड है तथा वैज्ञानिकों को इस दिशा में परियोजना प्रस्ताव समर्पित करना चाहिए। रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के अनुसंधान निदेशक डॉ एसके चतुर्वेदी ने झारखंड के कृषकों की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप प्राकृतिक कृषि के लिए समेकित कृषि प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने पिछले 10 वर्षों में कितना बीज उत्पादन किया, राज्य सरकार से कितना इंडेंट मिला तथा कितने बीज का उठाव हुआ, इससे संबंधित प्रामाणिक आंकड़ा तैयार करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का पहला अनुपूरक रैंडमाइजेशन संपन्न



**रांची** : समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित एनआईसी में उपायुक्त सह व जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं सामान्य प्रेक्षक अमित राय चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। बैठक में द्वय पदाधिकारियों ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा-2024 के अंतर्गत 61-सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का पहला अनुपूरक याद्दच्छिकीकरण संपन्न किया गया। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली सह अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, ईवीएम नोडल पदाधिकारी रांची, रविशंकर मिश्रा, जिला विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 18-19 को

**रांची** : सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए 18-19 नवंबर, 2024 को मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम, श्यामली कॉलोनी, रांची में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाना है। ज्ञात हो कि सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट टीम रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेती है। सेल टीम में चयन के इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों को 18-19 नवंबर को सुबह 8 बजे मेकॉन क्रिकेट स्टेडियम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ियों को उपरोक्त तिथियों पर सुबह 8.00 बजे एसके मंडल (7004204948)/ केपी पात्रा (8986880311) को रिपोर्ट करना चाहिए। चयनित खिलाड़ियों को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

### झामुमो विधायक दिनेश विलियम मरांडी पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित



**रांची** : झामुमो के लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी को पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त कर दिया गया है। उन्हें पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। इसकी जानकारी झामुमो केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने पत्र जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि दिनेश विलियम मरांडी पर लगाए गए आरोप पर उनसे जवाब मांगा गया था लेकिन समय सीमा के अंदर कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि उन पर लगाए आरोप सही हैं। इसलिए उन्हें पार्टी के सभी पदों से निष्कासित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि झामुमो ने पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पार्टी विधायक दिनेश विलियम मरांडी से स्पष्टीकरण मांगा था।

### श्रीश्याम मंदिर में 33वां श्रीश्याम भण्डारा का हुआ आयोजन



**रांची** : श्रीश्याम मित्र मण्डल के द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज 133 वां श्रीश्याम भण्डारा का दिव्य आयोजन किया गया। मंदिर में विराजमान खाटूनरेश,श्रीशिव परिवार, हनुमान जी महाराज, लड्डूगोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी,राम दरबार व गुरुजनों को भण्डारे में निर्मित प्रसाद -नमक अजयवन की पुरी,आलू चना की झोलदार सब्जी व केशरिया जलेबी का प्रसाद स्मृतिशेष देवकीनंदन - सावित्री सरावगी के पुत्र- सुपौत्र सुनिल - सुनीता सरावगी,अमन -अनीष सरावगी ने भोग अर्पित किया। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देखरेख में भण्डारे का प्रसाद मंदिर में निर्मित किया गया था। भोग अर्पित करते समय गर्भगृहो का परदा लगाकर श्रीश्याम बाबा के प्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी........ रुच-रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी का गायन सरावगी परिवार व अन्य उपस्थित भक्तों द्वारा गायन कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। भोग लगे प्रसाद को सम्पूर्ण भण्डारे के प्रसाद में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाया गया। खाटूनरेश की जयकारो से मंदिर परिसर गूंज रहा था। रात्रि 7 बजे खाटूनरेश को ग्वाल भोग अर्पित किया गया इसके बाद ग्वाल आरती की गयी जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। श्रीश्याम भण्डारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गयी। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी,प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, अजय मारू, अमित सरावगी,अनुज मोदी, राहुल मारू, सुनील सरावगी, रतन शर्मा, कमलेश शावा, सुनीता सरावगी, वेदभूषण पप्पू जैन, अंकित सिंह, अमन -अनीष सरावगी, आशीष डालमिया, उपेन्द्र पाण्डेय, मनीष वर्मा, हर्ष कुमार, किशना अग्रवाल सहित 50 से ज्यादा कार्यकता ने भण्डारा वितरण व्यवस्था में सहयोग किया। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 9.11.2024 मंगलवार को सायं 4.30 से 6.30 बजे तक 128 वां श्रीसुन्दरकाण्ड -श्रीहनुमान का संगीतमय पाठ होगा।

### झामुमो के गढ़ संथाल में कमल खिलाने की जद्दोजहद

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव अब संथाल और कोयालांचल में शिफ्ट हो गया है। चुनाव के दूसरे चरण में 20 नवंबर को संथाल परगना की सभी 18 सीटों पर मतदान होगा। संथाल परगना प्रमंडल हमेशा से झारखंड की राजनीति में अहम भूमिका निभाता रहा है। वर्तमान सरकार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और कई मंत्री संथाल परगना प्रमंडल से ही आते हैं। इसी वजह से सभी पार्टियां प्रत्येक चुनाव में संथाल परगना प्रमंडल पर खास ध्यान देती हैं। इस बार भी भाजपा, झामुमो और कांग्रेस का संथाल परगना प्रमंडल पर विशेष जोर है। संथाल परगना की अधिक से अधिक सीटें जीतने की मंशा से रांची से लेकर दिल्ली तथा कई दूसरे राज्यों के बड़े नेता इन क्षेत्रों में व्यापक चुनावी अभियान पर हैं। इस बार भाजपा 2019 के परिणाम से सबक लेते हुए उन जगहों पर विशेष फोकस कर रही है, जहां 2019 के चुनाव में उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्हीं में से एक संथाल प्रमंडल है, इसमें कुल 18 विधानसभा सीटें हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में संथाल प्रमंडल की 18 सीटों में भाजपा सिर्फ चार सीट ही जीतने में कामयाब रही थी। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ये नंबर बढ़ाना चाहती है। इसके लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस इलाके में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, हिमंता बिस्वा सरमा और मिथुन चक्रवर्ती, हेमा मालिनी जैसे स्टार कैंपेनर ने चुनावी सभा की।

एक नजर

## चिन्मया विद्यालय के सभागार में हुआ पैरेंट्स टीचर इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**बोकारो** : सेक्टर 5 चिन्मय विद्यालय बोकारो में पेरेंट्स टीचर इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन सभागार में सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नर्मेंद्र कुमार, सुप्रिया चौधरी एवं अभिभावकों ने मंत्रोच्चारण कर दीप प्रज्वलित किया। सुप्रिया चौधरी ने आए हुए अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने अभिभावकों से मिलकर उन्हें उनके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा के महत्व के बारे में मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यालय एवं सीबीएसई द्वारा संचालित पाठयक्रम एवं अन्य व्यवहारिक गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी। जिसमें वीरगाथा, इंडियन नेशनल क्विज, सी बी एस ई गेम्स, भारतीय भाषा उत्सव,सी बी एस ई हेरिटेज क्विज, मेंटल हेल्थ वीक, स्वच्छता सेवा शिविर, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, चंद्रयान 3 महा क्विज, रन फॉर यूनिटी, विजिलेंस अवेयरनेस वीक,फिट इंडिया एवं दैनिक मूल्यों पर आधारित जानकारी दी गई।

## इंदर सिंह नामधारी ने चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का किया दौरा

**मेदिनगर (पलामू)** : 76 डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भंडारिया एवं बड़गड़ प्रखंड के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया। नामधारी जी ने स्थानीय जनता से कहा कि आपने मुझे यहां से छह बार विधायक बनाया है और मैं ऊंचे ऊंचे पदों पर पहुंचा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही है क्योंकि जिस तरह से शिबू सोरेन और उनकी पार्टी झारखंड बनाने की मांग कर रही थी उससे अभी तक झारखंड का निर्माण नहीं हो पाता। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के लिए वोट मांगा जिसे स्थानीय जनता ने अपने हाथ उठाकर उनका अभिवादन किया। नामधारी जी ने यह भी कहा कि 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनाएं।

## छात्र संघ ने दिया इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन



**बोकारो** : कॉंग्रेस कार्यालय तेलीडीह 4 लेन चौक मे छात्र संघ द्वारा महागठबंधन प्रत्याशी बोकारो विधानसभा श्रीमती श्वेता सिंह एंव चन्दनक्यारी विधानसभा श्री उमाकांत रजक को बोकारो छात्र संघ द्वारा समर्थन किया गया जिसमें तमाम बोकारो के छात्र नेता ने आरोप लगाया की बोकारो एंव चंदनक्यारी के दोनों विधायको ने अपने 10 साल के कार्यकाल मे छात्र हित एंव रोजगार के मामला मे कोई काम नहीं किया। युगदेव माहथा ने समर्थन देते हुए कहा कि इनके ही कार्यकाल मे बोकारो के सारे बीएसएल स्कूल एंव स्नातकोत्तर की पढ़ाई को बंद कर दिया गया था एंव चंदनक्यारी मे डिग्री कॉलेज की मांग को दरकिनार कर दिया गया था। इस समर्थन कार्यक्रम मे राकेश माहथा पूर्व सचिव आरवीएस कॉलेज , जाहिद हुसैन पूर्व अध्यक्ष बिसथापित कॉलेज बालीडीह, सोनू रॉय पूर्व सचिव एसएस कॉलेज , गोतम सिंह, बीपीन सिंह, राजवीर सिंह, पंकज महतो, पीयूष कुमार, रजत महतो आदि उपस्थित हुए तथा विधानसभा अध्यक्ष पांडे एंव एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव प्रताप शेखर भी सामिल हुए।

# माओवादियों ने पोस्टर चिपकाकर वोट बहिष्कार करने का किया आह्वान, इलाके में दहशत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बेरमो अनुमंडल मे नक्सलियों ने वोट बहिष्कार करने का अल्टीमेटम दिया है। विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार शांतिपूर्ण चुनाव कराने की बात कर रहा है, जबकि नक्सली संगठन द्वारा पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के पलामू व सारूबेड़ा रोड में पोस्टर को पत्थर से दबाकर लोगों से वोट बहिष्कार करने की अपील की है बता दें कि इससे पहले पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में भी पहले चरण के मतदान दिन नक्सलियों ने पोस्टर लगाकर वोट बहिष्कार करने की अपील की थी। पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल मुंडा ने आज यहां बताया कि



पोस्टर को बरामद कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और कथित नक्सलियों के पोस्टर से इन क्षेत्रों में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पेंक एवं नावाडीह थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने वोट बहिष्कार का पोस्टर लगाकर इस घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने पोस्टर में कहा है कि वोट मांगने आने वालों को वापस लौटा दें। माओवादियों ने पोस्टर में लिखा है , वोट क्यों जल ,जंगल, और जमीन से बेदखल करने के लिए वोट का बहिष्कार करें। पोस्टर के माध्यम से नक्सलियों ने भारतीय जनता पार्टी को फासीवादी व्यवस्था का पोषक बताया है माओवादियों ने पोस्टर में लिखा है कि चुनाव का बहिष्कार करें। नोटा वर्तमान संसदीय व्यवस्था का पर्दा के अलावा और कुछ नहीं है। नक्सलियों ने एक और पोस्टर में बीजेपी को किसान विरोधी बताया है। इसमें लिखा है कि किसान विरोधी कृषि कानून, मजदूर विरोधी श्रम कानून बनाने वाले फासीवादी भाजपा को पहचानो, वोट मांगने आये तो मार भगाओ, फर्जी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करें। वोट मांगने आए तो मार भगाओ। शुक्रवार की देर रात नक्सलियों ने उक्त पोस्टर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में चिपकाया है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते रात्रि दो युवक मोटरसाइकिल से आए और वोट बहिष्कार का पोस्टर चिपका और कुछ पोस्टर फेंक कर चले गए। नक्सलियों के इस कदम से ग्रामीण दहशत में हैं।

## मतदान आपका मौलिक अधिकार है इसका प्रयोग कर सही सरकार चुनें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो में आज चास अनुमंडलाधिकारी प्रांजल ढांडा ने विद्यालय के शिक्षको एवं अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय पहुंची। जहां विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने पौधे का उपहार देकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागेदारी के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदान आपका संविधान प्राप्त मौलिक अधिकार है और इसका सम्यक उपयोग आपका राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य भी। आप अपना मताधिकार का प्रयोग कर उतरदायी सरकार बनाने में सहयोग दे। उन्होंने बताया कि यदि





आपका नाम मतदाता सूची में है तो किसी सरकारी पहचान पत्र या आधार कार्ड, पेनकार्ड, पासपोर्ट लेकर, बूथ पर पहुंचे और अपना मतदान अवश्य करें। स्वयं भी मतदान करे और अपने आस पास पड़ोस के लोगों को भी प्रोत्साहित करें।याद रखें मतदान से आपकी उदासीनता राष्ट्र को कमजोर करेगी। ज्यादा से ज्यादा मतदान में भागेदारी से लोकतंत्र मजबूत होगा। सरकार में जनभागीदारी होगी एवं सरकार आपके प्रति जवाबदेह होगा।

## उपायुक्त ने रिसीविंग एवं काउंटिंग को लेकर बाजार समिति का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी. जनार्दनन समेत सभी निवार्ची पदाधिकारी द्वारा रिसीविंग एवं काउंटिंग को लेकर कृषि बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बाजार समिति में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर विधानसभा वार ऑब्जर्वर चैंबर, डीईओ चैंबर, आर.ओ. चेंबर, काउंटिंग हॉल, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा, फायर सेफ्टी, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोस्टल बैलेट के काउंटिंग हेतु



काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को कृषि बाजार समिति में मतगणना की जाएगी। जिसमें ईवीएम, ईटीपीएस और पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। काउंटिंग हाल तक काउंटिंग एजेंट, प्रत्याशी, कर्मी एवं पदाधिकारी के पहुंचने के अलग-अलग मार्ग चिन्हित कर बैरिकेडिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एलआर डीसी दिलीप महतो , जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## डीपीएस में अंतर-विद्यालय कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : वित्त, वाणिज्य, व्यवसाय और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उनके ज्ञानात्मक विकास के उद्देश्य से शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में 'कॉमक्विज 2024' नामक अंतर विद्यालय कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बोकारो जिले के 20 विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी मेधाविता तथा वाणिज्यिक दक्षता का परिचय दिया। प्रत्येक टीम में चार प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ. ए एस गंगवार, सहोदया के महासचिव एवं एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य फादर जोशी वर्गीस एवं आदर्श विद्या मंदिर, चास के प्राचार्य रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तदुपरांत डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत आज आपका है अभिनंदन... तथा विद्यालय गीत आया है नया सवेरा... की सुमधुर प्रस्तुति की। इसके बाद विद्यालय की हेड गर्ल अनन्या राज ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। छह राउंड में हुई प्रतियोगिता, एमजीएम की टीम को प्रथम पुरस्कार प्रतियोगिता की शुरूआत आधे घंटे की लिखित प्रीलिम्स से हुई। इसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 में से टॉप 6 टीमें चुनी गईं, जिनके बीच क्विज के छह राउंड हुए।

## ठेकाकर्मियों को 20 तारीख तक वेतन नहीं तो चक्का जाम : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड बोकारो युनिट मे अम्रीता ट्रेडर्स नाम का कम्पनी मे कार्यरत 104 ठेकाकमीर्यों को अक्टूबर माह का बेतन आजतक नहीं मिलने के खिलाफ आज फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड बोकारो युनिट के कार्यालय के सामने मजदूरों ने आक्रोश प्रर्दशन किया । प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य बि के चौधरी ने बोकारो स्टील प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि फेरो स्क्रेप का काम प्लांट भर से स्क्रेप कलेक्शन और प्रोसेसिंग कर एस एम एस मे कनभर्टर मे देने के बाद हीं लोहा बनाने का काम पूरा होता है बाबजूर वह मजदूर जो अपना खून पसीना बहाकर बोकारो स्टील मे योगदान कर रहा है उसको समय पर बेतन के साथ साथ बांकी संवैधानिक अधिकार मिल रहा है या नही यह देखना बोकारो स्टील प्रबंधन का



नैतिक जवाबदेही बनता है ।फेरो स्क्रेप प्रबंधन से मजदूरों के बेतन भुगतान मे हो रहे बिलम्ब का कारण बोकारो स्टील द्वारा उनका मोटा रकम बिल का भुगतान नही होना बता रहा है ।बोकारो स्टील फेरो स्क्रेप का गत 4 माह का लगभग 22 करोड रूपया का बकाया बिल भुगतान करेगा तब फेरो स्क्रेप अमृता ट्रेडर्स को बकाया बिल का भुगतान करने के पश्चात वह मजदूरों का बेतन भुगतान करने को बोल रहा है। इस प्रकार बोकारो स्टील, फेरो स्क्रेप और अमृता ट्रेडर्स के बीच चल रहे बिल भुगतान के चक्कर मे गरीब असहाय मजदूर के घर मे जलने बाले चुल्हे पर पड़ने बाला है।

# नमाज के लिये शुक्रवार को स्कूल बंद करते है तो मंगलवार को हनुमान चालीसा पढ़ने के लिये भी बंद होना चाहिए : हिमंत सरमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड में हेमंत कल्पना खेल रहे है बंटी बबली का खेल उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस सरमा ने कतरास कतरी नदी सूर्य मंदिर के समीप विजय संकल्प सभा बाघमारा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सत्रुधन महतो उर्फ शरद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये। उन्होंने कहा कि झारखंड के जामताड़ा में नवाज पढ़ने के लिये शुक्रवार को जब स्कूल बंद करते है तो मंगलवार हनुमान चालीसा पढ़ने के लिये भी स्कूल बंद होना चाहीये। रामनवमी के जुलुश




रोकते है,मुहर्रम के जुलश पर रोक नही लगती है ,हेमंत सरकार ने घुसपैठिये के सामने झारखंड को नतमस्तक कर दिया है,इरफान अंसारी,आलमगीर आलम राज्य को बर्बाद कर रहे है। घुसपैठियों का मदरसा में बना रहे है आधार कार्ड,असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि 5000 हजार साल तक हिन्दू ने संस्कृति को सेवा किया,झारखंड में हमारा संस्कृति खतरे में है, हेमंत ने कहा कि सरकार बनने पर 5 लाख युवाओ का रोजगार देने ,पेपर लीक करवाते है,4 साल 7 माह तक मईया का याद नही आया, बुजर्गो का पेंशन बंद कर मईया सम्मान योजना चालू किया,सास बहू में झगड़ा लगया। उन्होंने कहा कि झारखंड में नया सरकार बनाये जो गरीब जनता किसान की बात को सुने,समस्या का समाधान करे। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर पहले साल 2 लाख 87 हजार युवाओ को रोजगार देंगे। सास को 5 हजार बहु को 21 सौ रुपया देंगे,सास बहू एक साथ मार्केट जायेगे। बाजपेयी जी के सपना पूरा करने के लिये प्रण लेना होगा,सरकार बनने पर सहारा का पैसा दिलाएंगे,ये चुनाव झारखंड के भविष्य तय करेगी। 21 सौ रुपया गोगो दीदी योजना का 25 सौ बुजुर्ग का पेंशन देंगे,साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त में देंगे, 21 लाख प्रधानमंत्री आवास का निर्माण होगा,गरीबो को बालू फ्री में मिलेगा ये भाजपा सरकार का वादा है। पहला चरण में भाजपा बढ़त में है,दूसरे चरण में इरफान व आलमगीर को गंगा में भेज देंगे। बाघमारा में पाप की काली कमाई से सिलाई मशीन लेकर आपसभी भाजपा को वोट दे,डुप्लीकेट लोग डुप्लीकेट समान ही देंगे,कांग्रेस कटा हुआ हाथ लेकर घूम रहे है।

संक्षिप्त खबरें

## बिजुलिया भाजपा मंडल में गोगो दीदी सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बोकारो** : चंदनकियारी विधानसभा के भाजपा बिजुलिया मंडल में गो-गो दीदी सम्मेलन व महिला मोर्चा कि बैठक बिजुलिया में मंडल अध्यक्ष बबलु कुमार चौबे की अध्यक्षता में शनिवार को हुआ। बैठक में मुख्य रुप से भाजपा विधायक भानुप्रताप शाही उपस्थित थे। शाही ने मोदी सरकार की उपलब्धि व जनकल्याण कारी योजनाओं को बताते हुए चंदनकियारी विधानसभा एनडीए भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी को कमल छाप पर मतदान कर जिताने का आग्रह किया।तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के हाथो को मजबूत करने की अपील किया। उनहोंने कहा एक रहोगे तो सेफ रहोगे, बटोगे तो कटोगे। झारखंड सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेकने का काम करने की जरूरत है। भाजपा सरकार को बनना है।श्री शाही ने मौदी जी का पंचप्रणको बताया। पचीस हजार हर महिने गोगो दीदी को सभी महिलाओं को मिलेगी। दो हजार प्रतिमाह स्नातक/स्नातकोत्तर युवाओं को मिलेगा। पांच सौ में गैस सिलिंडर साल में दो सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। 21 लाख झारखणडीय को पक्का घर, मुफ्त बालु, व जल कनेक्शन मिलेगा। 2.87 लाख सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती व 5 लाख से स्वरोजगार सृजन समय पर नियुक्त पत्र हस्तांतरण होगी आदि लाभ लोगों को मिलेगा। बैठक के पुर्व विधायक भानुप्रताप शाही, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सीमा देवी लब ली देवी, संगीता देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंबिका खावास, जिला उपाध्यक्ष गोर राजवार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कीमत गया। संचालन जीला मंत्री सोनम दुवे व धन्यवाद ज्ञापन अंबिका खावास ने किया।

## मिथिला अकादमी के बच्चों ने मतदान को लेकर निकाली जागरूकता रैली




**बोकारो** : मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 ई के छात्र-छात्राओ ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। छात्रों को ह्यमेरा वोट, मेरी पहचान सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार आदि के संदेश दिए गए । मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो कि उत्सुकता देखने योग्य थी वे अपने घरों से बाहर निकल कर अपनी सहभागिता दिखा रहे थे। अध्यक्ष हरी मोहन झा ने छात्र-छात्राओ में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के अधिकार का समुचित उपयोग करने का संदेश दिया। सचिव प्रमोद कुमार झा ने इस अवसर पर कहा कि देश के नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए किसी के प्रलोभन में न आकर स्वेच्छा से सोचविचार कर योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। सरकार निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## लोजपा कार्यालय में एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण का हुआ स्वागत




**बोकारो** : लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय पर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण जी का जिला अध्यक्ष अनिल कुमार की उपस्थिति में स्वागत हुआ और सभी वक्ता ने उन्हें कहा कि लोजपा का एक एक वोट देकर आपको विजय बनायेंगे अपने वक्तव में वीरांची नारायण जी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका समर्थन और प्यार पूर्व की तरह इस बार भी मुझे मिलेगा उन्होंने कहा कि मैंने प्रयास किया कि चिराग पासवान जी का जनसभा बोकारो विधानसभा में भी हो लेकिन समय नहीं मिल पाया आप सभी लोजपा के कार्यकर्ता चिराग के समान है मौके पर उपस्थित किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल पासवान ,प्रदेश महासचिव सह संगठन प्रभारी रामकुमार वर्मा, प्रदेश महासचिव जीपी सिंह, प्रदेश सचिव सौरव सिंह ,दिग्विजय नारायण ,युवा प्रदेश सचिव गौरव सिंह ,महानगर अध्यक्ष सुमन कुमार पासवान, आईटी सेल जिला अध्यक्ष निखिल प्रशांत, महिला नेत्री पूजा कुमारी, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, प्रेम राय, मांगू दास, संजय कुमार, ऋषि देव, कुमार परमेश्वर पासवान, रमेश पाठक, मंजीराम रामानुज कमल, किशोर शंभू पासवान, रामाकांत पासवान, राजा राम जी ,जनार्दन चंद्रवंशी, रमाकांत जी, सिद्धार्थ पासवान, कृष्ण सिंह, दिनेश कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र कुमार, अरुण पासवान, महावीर पासवान, रामप्रवेश जी, शशि कला, सरिता कुमारी, अमृता कुमारी, अर्चना कुमारी एवं सैकड़ो की संख्या में महिला एवं लोजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने भावपूर्ण समदाओन गीतों के साथ की सामा-चकेवा की विदाई

**बोकारो** : मिथिलांचल में मनाये जाने वाला भाई-बहन के स्नेह का अतिपावन पर्व सामा-चकेवा शुक्रवार की देर शाम बोकारो में संपन्न हुआ। बोकारो की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में परिषद की इकाई मिथिला महिला समिति के सहयोग से नगर के सेक्टर-4ई स्थित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में सामा-चकेवा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। मैथिल-परम्परानुसार समदाओन आदि भावपूर्ण पारंपरिक गीतों के साथ सामा-चकेवा को भावनीभी विदाई दी गयी। चास-बोकारो के विभिन्न भागों से पहुंची महिलाओं ने मिट्टी निर्मित सामा-चकेवा की विधियां पूरी कीं। परंपरानुसार सामा-चकेवा, सतभइया, बृंदावन, चुगला, ढोलिया बजनिया, बन तितिर, पंडित और अन्य मूर्तियों के खिलौने वाले डाला को लेकर महिलायें जुटीं और सन (पटुआ) से बने चुगला को जलाया। उसका मुंह झुलसाया। इसके बाद उन्हें सामूहिक रूप से विसर्जित किया।

## एक नजर

### पत्रकार का परिवार उमरा के लिए रवाना

**छतरपुर (पलामू) :** नगर पंचायत क्षेत्र के खाटीन असगर हुसैन पत्रकार की मां, भाई कारी मनव्वर हुसैन नूरी, बहनोई, बहन ने शुक्रवार की रात उमरा के लिए रवाना हुए। असगर हुसैन ने बताया कि दिल्ली फ्लाइट से मक्का के लिए जाएंगे फिर मदीना आएंगे और वहां से फिर अपने वतन भारत के लिए लौटेंगे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने पत्रकार असगर हुसैन की मां से दुआ के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अपने छतरपुर के साथ-साथ मुल्क में आपसी एकता, भाईचारगी, तरक्की के लिए पहले भी दो बार गई हूं। दुआ किये थे और इस बार भी दुआ करूंगी। उमरा के लिए घर से निकलने से पहले हाजी कारी मनव्वर नूरी ने हिफाजत और सफर के लिए दुआ मांगी। मौके पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मुस्तक आलम, जेएमएम के फिरदौस आलम, सदर खालिद राजा, सैक्रेटरी मुस्किम अब्बासी, मोसिन राजा, सरफुदिन मियां, नरेश पासवान, गोलू,समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 130 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बरहरवा :** थाना पुलिस ने मोगलपाड़ा मोड़ के समीप 130 बोतल प्रतिबंधित कप सिरप के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की बंगाल से पल्सर मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति के द्वारा प्रतिबंधित कप सिरप ले जाया जा रहा है। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेवाल व थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने सयुंक्त रूप से मोगलपाड़ा मोड़ के समीप मोटरसाईकिल रोककर 130 पीस प्रतिबंधित कप सिरप के साथ तेतुलिया निवासी मानिक घोष 19 वर्ष व घोड़ाईपोखर निवासी सोनू मंडल 20 वर्ष को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सामान्य प्रेक्षक डॉ आर के प्रसन्ना ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर 01- राजमहल के सामान्य प्रेक्षक डॉ आर के प्रसन्ना ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली,साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। प्रसन्ना ने बूथ संख्या-53 मध्य विद्यालय सकरीगली बूथ संख्या- 54 मध्य विद्यालय सकरीगली बूथ संख्या-55 पंचायत भवन, सकरीगली 56 प्राथमिक विद्यालय समदानाला, बूथ संख्या-57 उ मध्य विद्यालय समदा पुराना भवन, बूथ संख्या- 58 उप.मध्य विद्यालय समदा नवीन भवन का निरीक्षण किया। प्रेक्षक के द्वारा मतदान केंद्र में मूल भूत सुविधाओं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग प्वाइंट, नल की व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एनडीए दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से झारखंड में सत्ता प्राप्त करेगा : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज थाना चौक के पास स्थित भाजपा के कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि एनडीए झारखंड में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से सीटों को जीत कर सत्ता पर काबिज होगा। पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर बह रही है। प्रतुल ने कहा कि पहला चरण के भी जो 43 सीटों पर चुनाव हुए थे उनमें से दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगा। प्रतुल ने कहा कि सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को जनता रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कराने जा रही हैं। प्रतुल ने कहा भाजपा, आजसू,जदयू और लोजपा का इस बार का गठबंधन झारखंड के इतिहास का एनडीए का सबसे मजबूत गठबंधन है। जनता की आकांक्षा के अनुरूप एनडीए के घटक दलों ने सशक्त गठबंधन बनाया है। प्रतुल ने कहा आजसू हमारा सबसे पुराना और नैसर्गिक साथी है। हम दोनों की एजेंडा में विकास मुख्य मुद्दा है। प्रतुल ने कहा इस जनता प्रदेश की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार की विदाई चाहती है। पिछले 5 वर्षों में झारखंड में विकास नहीं दिखा इसलिए एनडीए के घटक दलों ने अपने मेनिफेस्टो में किसान, मजदूर, महिला, युवा, गरीबों को राहत और रोजगार को मुख्य मुद्दा बनाया है। प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के इतिहास की सबसे लुटेरी सरकार रही है। पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, कोयला घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला और अब तो आयु घोटाला भी हो गया इस सरकार के कार्यकाल में। चुनाव में दिए शपथ पत्र की तुलना करने से 2019 और 2024 के बीच में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु 5 वर्षों में 7 वर्ष बढ़ गई।

प्रतुल ने सिल्ली की जनता से आह्वान किया कि वे आजसू प्रमुख सुदेश महतो को रिकार्ड मतों से विजय बनाएं। इससे सिल्ली समेत पूरे प्रदेश में विकास का मार्ग खुलेगा। आज की प्रेस वार्ता में भाजपा नेता नवीन झा, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, महामंत्री हरिहर महतो, चंदन गोस्वामी, शिबू हजाम, सूरज गोराई, उत्तम साहू, अभिषेक गुप्ता, राजेंद्र हजाम, सुधीर हजाम समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यह चुनाव झारखंड के अस्तित्व को बचाने का चुनाव है : संजय सेठ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा के रजक टोला, पतराहातु में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पदयात्रा एवं बैठक कर लोगों से एनडीए प्रत्याशी श्री सुदेश कुमार महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।

इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने यहां के खनिज संपदा एवं जल जंगल जमीन को लूट लिया यही नहीं पिछले 5 साल में झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठी बढ़ी है, यहां के आदिवासियों और भोली भाली मासूम लड़कियों से शादी कर उनकी संपत्ति हड़प रहे हैं यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है । युवाओं को रोजगार, रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे ऐसे कई वादे किए थे , महिलाओं की सुरक्षा-सम्मान के लिए जनता एनडीए गठबंधन के साथ चलने को तैयार है। भाजपा नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार से ही हमारा विकास होगा। भाजपा ग्रामीण जिला के अध्यक्ष धीरज महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार से राज्य की जनता त्रस्त है पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर है। प्रदेश में भाजपा आजसू की सरकार बनने जा रही है। एनडीए प्रत्याशी सुदेश महतो को ऐतिहासिक मत से जिताएं। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के विधायक बानेश्वर महतो, जितेंद्र सिंह पटेल, अंबुज रजक,भागीरथ महतो, बीना देवी,नीतू देवी, रघुवीर महतो, सृष्टिधर प्रजापति, साधुचरण महतो, सुधीर साहू, स्नेहलता महतो सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा एवं आजसु के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाकपा माले ने केसवारी बाजार टांड़ में चुनावी सभा का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** शनिवार को भाकपा माले के द्वारा केसवारी बाजार टांड़ में चुनावी सभा का आयोजन किया गया ।इस सभा में मुख्य रूप से भाकपा माले के केंद्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य , बिहार विस के नेता प्रतिपक्ष आर जे डी से तेजस्वी यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार झारखंड विधानसभा का चुनाव दो विचार धारा के बीच का चुनाव है एक धारा संविधान को बचाने में लगी है छात्रों के हाथों में कलम , किताब कॉपी देना रही है। महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला सम्मान के लिए मैया सम्मान योजना दे रही गरीबों का बिजली बिल माफ कर रही है। के सी सी ऋण माफ कर रही है । तो दूसरी विचार धारा वाले लोग लोगों के हाथों में तलवार बांट रही है। धर्म और जात के नाम पर लोगों में नफरत का जहर बाटने का काम कर रहा है । जब झारखंड की जनता ने झारखंड। में शासन का मौका दिया तो वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा लोगों के बीच में बांटने का काम किया। अब भाजपा एन डी ए गठबंधन को झारखंड से जड़ से उखाड़ फेंकना है। वह इन्होने आगे कहा कि भाजपा ईडी, सी बी आई जैसी संस्था को लगाकर हम लोगों के विचारों को दबाने का काम कर रही है झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जेल में डालने का काम करती है। लेकिन झारखंड की जनता यह सब समझ चुकी है हमारे पिताजी के शरीर में जितना भी खून था ।उसका एक एक बंद भाजपा के तानाशाही सरकार को रोकने में झोंक दी अब आपको तय करना है हाथों में कलम बांटने वाले या तलवार बांटने वाले को जगह देना है। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा की झारखंड की जनता ने इंडी गठबंधन के शासनकाल को देखा जहां गरीबो किसानों महिलाओं, दलित के उत्थान के लिए काम किए गए। वही दूसरी ओर एन डी ए गठबंधन देश के पूंजीपतियों को संरक्षण देने वाले भाजपा शासन के 18 साल का कार्यकाल में उनके लिए काम किए गए। उनकी नजर झारखंड के लोगों के विकास के लिए कोई रोड मैप नहीं है बल्कि झारखंड के खनिजों पर बड़े-बड़े पूंजीपतियों का कैसे अधिकार हो इसमें जुटी हुई है।

## जेएलकेएम प्रत्याशी ने चानन में घर-घर जाकर चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियों विधानसभा आम चुनाव 2024 के जेएलकेएम प्रत्याशी के लोकप्रिय उम्मीदवार सूर्या हांसदा ने पुरानी साहिबगंज चानन में पहुंचकर लोगों से मुलाकात किया और घर-घर जाकर जनसंपर्क व जनसंवाद किया। उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि कई वर्षों से भाजपा में था लेकिन भाजपा ने मुझे विधानसभा चुनाव 2024 में टिकट नहीं दिया और जेएमएम से बागी नेता लोबिन हेंब्रम को टिकट दे दिया। जहां लोगसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय प्रत्याशी से राजमहल लोकसभा चुनाव लड़ा था और 14 हजार के लगभग वोट लाया था। आज के समय में बोरिया विधानसभा क्षेत्र के लोग लोबिन हेंब्रम को पसंद नहीं करते हैं। जहां जेएलकेएम के जयराम महतो ने नामांकन तिथि के 2 दिन पहले मुझे बोरियों विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया। जहां मैं वर्षों से बोरियों विधानसभा क्षेत्र में लोगों के बीच जन कल्याणकारी कार्य करते आ रहा हूं और मुझे पूरे क्षेत्र के लोग जानते हैं। सूर्या हांसदा ने बताया कि झारखंड में झामुमो हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ जनता को लूटने की काम पांच सालों में किया है, ना कोई रोजगार दिया है, ना स्वास्थ्य, ना शिक्षा और ना ही उनके कार्यकाल में कोई विकास हुआ है। झारखंड में जेएमएम के शासनकाल में आदिवासी लड़की और महिलाओं का सिर्फ धर्मांतरण किया गया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर व वाहन पड़ाव स्थल का लिया जायजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस लाईन मौदान में बन रहे डिस्पैच सेंटर,विधानसभा वार वाहन पड़ाव स्थल का जायजा लिया। इस दौरान पंडाल निर्माण, वाहन पड़ाव स्थल, अस्थाई शौचालय, चलंत शौचालय, पेयजल, बिजली, साइनेज, पुलिंग पार्टियों को दिए जाने वाले नाश्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, श्रम अधिक्षक धीरेन्द्र नाथ महतो उपस्थित थे।

## सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विधानसभा 2024 के परिपेक्ष्य 02- बोरियो विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गौतम कुमार सिंह ने चुनाव संबंधित दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण केंद्रो का जायजा लिया। विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा स्थानीय सिद्धों कान्हू सभागार, पंचायतीराज परिसर में 133 सेक्टर पदाधिकारी एवं 133 पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्य शैली एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय प्रशिक्षक ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। सुरक्षित ईवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद मतदान संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होती है।

## भाजपा प्रत्याशी अनन्त ओझा ने साहेबगंज में किया जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहेबगंज :** राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के दहला, गुल्ली भट्टा सहित विभिन्न स्थानों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस अवसर भाजपा प्रत्याशी अनन्त ओझा ने दस वर्षों में क्षेत्र किए गए विकास कार्यों का पत्रक भी लोगो के बीच दिया। अपनी उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर भाजपा के युवा नेता मनीष कशयप और भाजपा झारखंड के पिछड़ा जाती मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव भी रहे। जनसम्पर्क में सैकड़ों महिलाएं और युवा शामिल हुए। मनीष कश्यप ने युवाओं से आवाह्न किया कि हेमन्त सोरेन सरकार युवाओं को पांच सालों तक रोजगार के नाम पर सिर्फ ठगने का काम किया हैं पांच सालों तक ना युवाओं को रोजगार दिया ना बेरोजगारी भत्ता। हेमन्त सोरेन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण देकर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि जेएमएम प्लस कांग्रेस हमेशा सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देती हैं इन लोगो के वजह से पश्चिमी फाटक रेल ओवरब्रिज सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नहीं बन पाया। विधायक ने कहा कि पश्चिमी फाटक रेल ओवरब्रिज और पूर्वी फाटक रेल ओवरब्रिज जो कि स्वीकृत हैं हेमन्त सोरेन सरकार पांच सालों तक इसको लटकाने और भटकाने का काम किया। भाजपा सरकार बनते ही एक साल के अंदर दोनों ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यह विश्वास मैं शहरवासियों को दिलाता हूँ। कहा कि शहर की लंबी मांग खासमहाल कानून को खत्म करने को लेकर कैबिनेट में पूर्ववर्ती सरकार फैसला लिया था। उस कानून को सरल बनाने के लिए हेमन्त सोरेन सरकार से विधानसभा में लगातार पांच सालों तक मांग करता रहा मगर ये हेमंत सोरेन सरकार खासमहाल कानून को लेकर कोई फैसला नहीं लिया। इस अवसर पर रहे जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,कुंदन साह,नगर अध्यक्ष संजय पटेल,जय प्रकाश सिन्हा, अनन्त सिन्हा, अनिमेष सिन्हा,विक्रम दास, दयानंद सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित ज्ञान कुंभ में डॉ मयंक मुरारी पेश करेंगे का शोध पत्र



**अनगड़ा/रांची :** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर आगामी नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित ज्ञान कुंभ में झारखंड के चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी अपना शोध पत्र 17 नवंबर को प्रस्तुत करेंगे। इसमें समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी। उनके शोध का विषय झारखंड के लोक जीवन में रामगाथा का सनातन प्रवाह है। भारतीय ज्ञान परंपरा 2024 के संदर्भ में डॉ मयंक अपना पेपर रखेंगे। इसका आयोजन नालंदा विश्वविद्यालय में किया गया है, जहां देश के एक हजार से अधिक शिक्षाविद और अनुसंधानकत्रा शामिल होंगे।

### आज देवेंद्रनाथ महतो की विधानसभा स्तरीय बाइक रैली



**अनगड़ा :** राज्य विधानसभा चुनाव की प्रचार प्रसार सोमवार को थमने वाली है। सभी प्रत्याशी अपने प्रचार में जोर-सोर से लग गई है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली रविवार को विधानसभा स्तरीय बाइक रैली का आयोजन किया है। इसकी संपूर्ण तैयारी कर लिया गया है। इसकी प्रशासनिक अनुमति भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि बन्ता चौक सिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा जी माल्यार्पण के साथ बाइक दौरा को आरंभ किया जाएगा। हेसाडीह, एडरमहातु, सोनाहातु , सिल्ली होते हुए दौरा होगा एवं अंत में कुटकी मैदान में महासभा का संबोधन होगा। अपने संगठन के विचारधारा को लोगों में प्रसारित किया जाएगा। बताते चलने की आज टुटकी, कोंचो, मुरी, बिसरीया एवं लोकवाद पंचायत में कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ दौरा किया। अपने चुनाव चिन्ह कैंची छाप में मतदान करने का अपील किया।

### मुरी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन



**सिल्ली/मुरी :** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार के दिन मुरी पुलिस के द्वारा छोटामुरी, बड़ामुरी, झारखंड मोड़,सिंगपुर, जामनीटांड़, कलुवाडीह,लेगाहातू, पिस्का, मेदनी, बांसारुली, कुतरु, बिसरिया, कुटाम इत्यादि क्षेत्रों का भौगोलिक स्थिति एवं बुथ की जानकारी के लिए फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन किया गया ताकि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराया जा सके। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी चौक चौराहे और चेक नाका पर पुलिस की पैनी नजर है ताकि चुनाव में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर केंद्रीय पुलिस की नौ कंपनी तथा जिला बल से भी बहुल संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है ताकि सुरक्षित रूप से मतदान संपन्न कराया जा सके।

### सिल्ली विधानसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में चला जनसंपर्क



**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में वोट करने के लिए विसरिया हाकेदाग, हलमाद पंचायत में डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस महासचिव प्रकाश मुंडा, पूर्व सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो शाकिर उद्दीन, उपाध्यक्ष मो समसेर आलम, मोमिन कॉन्फ्रेंस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष मो कलाम अंसारी, सफीरुद्दिन अंसारी, खगेन मुंडा, इत्यादि नेतागणों ने वोट मांगा।

### ट्रक ने खड़ी बस को पीछे से मारी ठोकर हुआ क्षतिग्रस्त




**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगा माटी सड़क पर तुता मोड़ के पास पसेंजर उठा रहे आरती कोच, जंगल महल बस को पीछे से आ रहा अनियंत्रित सिमेंट लदा एक ट्रक ने पीछे से ठोकर मारी दिया। ट्रक के ठोकर से खड़ा बस का पीछे का हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक विश्वनाथ दास का सर में चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया व एक पैसेंजर का हाथ टूट गया। मिली जानकारी के अनुसार टीकर से पुरूलिया जा रही जंगल महल बस टीकर से पुरूलिया जाने के समय तुता मोड़ पर पैसेंजर उठाने के लिए खड़ा था,तभी पीछे से अनियंत्रित सिमेंट लदा ट्रक पीछे से बस को जोरदार ठोकर मारी दिया। ठोकर इतना जोरदार था कि बस चालक और एक पैसेंजर घायल हो गया। बस चालक को मिलन चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया व एक पैसेंजर को गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया। वहीं ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची व बस व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। वहीं बस चालक विश्वनाथ दास ने बताया कि पुरूलिया के लिए पैसेंजर लेने के लिए खड़ा बस में पीछे से एक सिमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित अवस्था में बस पर जोरदार ठोकर मारी दिया, जिससे एक पैसेंजर घायल हो गया व उसके सर पर चोट लगी। उन्होंने कहा कि बस का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनिमत रहा कि पीछे का सीट पर पैसेंजर नहीं था,जिससे बहुत बड़ा घटना टल गया।

# देश के लिये कलंक है मिलावटी व नकली खाद्य सामग्री का चलन


निर्मल रानी

**पूरा देश इस बात से भली भांति वाकिफ है कि हमारे देश में दूध का जितना उत्पादन होता है उससे कई गुना ज्यादा दूध व दूध से बनी जरूरी सामग्री की खपत होती है। यह दूध आखिर कहाँ से आता है ? सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में ऐसी अनगिनत वी डी ओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें नकली व जहरीला दूध बनते देखा जा सकता है। नकली व मिलावटी देसी घी,खोया सब कुछ देश में बन रहा है व बेचा जा रहा है।**

कम से कम समय व लागत में अधिक से अधिक धन कमाने जैसी शार्ट कट मानवीय प्रवृति ने लगभग पूरे देश को संकट में डाल रखा है। भारतीय बाजार में नकली व मिलावटी सामानों की भरमार इसी प्रवृति का नतीजा है । परन्तु जब यही मिलावटखोरी या नकली सामग्री का इस्तेमाल खाद्य सामग्रियों में होने लगता है तो निःसंदेह यह सीधे तौर पर इंसान की जान से खिलवाड़ करने या धीमा जहर देने के सिवा और कुछ नहीं। पूरा देश इस बात से भली भांति वाकिफ है कि हमारे देश में दूध का जितना उत्पादन होता है उससे कई गुना ज्यादा दूध व दूध से बनी जरूरी सामग्री की खपत होती है। यह दूध आखिर कहाँ से आता है ? सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में ऐसी अनगिनत वी डी ओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें नकली व जहरीला दूध बनते देखा जा सकता है। नकली व मिलावटी देसी घी,खोया सब कुछ देश में बन रहा है व बेचा जा रहा है। असली नकली का भेद न कर पाने वाली आम जनता उसी धीमे जहर को खाने पीने के लिये मजबूर है। और इन्हीं या इनसे बनी अनेक खाद्य सामग्रियों का सेवन कर तरह तरह की बीमारियों का शिकार हो रही है।

अब तो हद यह हो गयी है कि पिछले दिनों देश की राजधानी दिल्ली,गाजियाबाद,मोदीनगर और हरियाणा के जींद से अमूल जैसे लोकप्रिय देसी घी सहित कई अन्य कम्पनीज के ब्रांड के नाम पर बनने वाला नकली घी पकड़ा गया। जहरीली खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले यह लोग टेट्रा पैक पर अमूल घी, मधुसूदन घी, मदर डेयरी घी, पतंजलि गाय घी, वर्का घी, नेस्ले एवरीडे घी, आनंद घी, परम देशी घी, मिल्कफूड देशी घी, मधु घी, लक्ष्य घी और श्वेता घी जैसी कम्पनीज के नकली ब्रांड पैक इस्तेमाल करते थे। और इन्हीं अलग अलग कंपनी के ब्रांड नाम से तैयार किया जा रहा देसी घी बनाकर बाजार में बेच रहे थे। केवल हरियाणा के जींद में जो देसी घी बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी गई है वहां 2500 लीटर नकली घी का कच्चा माल बरामद हुआ। पुलिस ने इस मिलावटी नेटवर्क को चलाने में रितिक खंडेलवाल,मथुरा,संजय बंसल, शाहदरा, दिल्ली,रोहित अग्रवाल,मोदीनगर, गाजियाबाद,कृष्ण गोयल,जींद, नरेश सिंघला व अश्वनी उर्फ आशु,जींद को आरोपी बनाया है। नकली जहरीला घी खाने का अर्थ कैंसर



को दावत देना होता है। वैसे तो देसी घी में प्रायः आलू, शकरकंद जैसे स्टार्च की मिलावटी की जाती है। लेकिन कई बार इसमें कोल टार डाई या अन्य खतरनाक रसायन भी मिला दिये जाते हैं जिसके कारण फूड पॉइजनिंग , एलर्जी जैसी परेशानियों से लेकर कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी तक भी हो सकती है।

खबरों के अनुसार गत 12 नवंबर ( मंगलवार ) को केवल दिल्ली में एक ही दिन में 50 हजार शादियां हुईं। जरा सोचिये कि हर शादी में दूध घी पनीर खोया मिठाई आदि की कितनी खपत हुई होगी। इसी तरह पूरे देश के विवाह आयोजनों व अन्य समारोहों में आप जब जहाँ और जितना भी घी,दूध,दही मक्खन,खोया,पनीर आदि जो भी चाहें आप को मिल जायेगा। सवाल यह है कि जब सरकार व प्रशासन भी इस जालसाजी व मिलावटखोरी की खबरों व इसके नेटवर्क से वाकिफ है और इसे रोकने के लिये पर्याप्त कानून भी बने हैं उसके बावजूद मिलावटखोरी का यह सिलसिला दशकों से क्यों चला आ रहा है ? कुछ लोगों की अधिक धन कमाने की शॉर्टकट प्रवृति ने आखिर पूरे देश को धीमा जहर खाने के लिये क्यों मजबूर कर दिया है। क्यों जहर के इन व्यवसायियों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। यह जानने के लिये पड़ोसी चीन की एक घटना का उल्लेख करना जरूरी है। कुछ वर्ष पूर्व चीन में अपराधी मानसिकता के ऐसे ही दो लोगों द्वारा नकली दूध बनाने का धंधा शुरू किया गया। कुछ दिनों में ही यह नकली दूध जांच के दायरे में आ गया। जब यह नेटवर्क ध्वस्त हुआ तो वहां की सरकार ने इन दोनों ही अपराधियों को सजा-ए-मौत दे दी। तब से आजतक वहां नकली दूध के किसी दूसरे नेटवर्क ने अपना सिर बुलंद नहीं किया।


हमारे देश में इस तरह के नकली,मिलावटी व जहरीले खाद्य नेटवर्क को बढ़ावा देने के पीछे सच पूछिए तो सरकार,प्रशासन व जनता,कुछ न कुछ सभी जिम्मेदार हैं। यदि आप देश के समाचारपत्रों पर नजर डालें तो शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिसदिन इस तरह का नकली,मिलावटी व जहरीला खाद्य सामग्री का नेटवर्क पकड़ा न जाता हो। परन्तु आपको यह खबर बहुत कम बल्कि ना के बराबर पढ़ने को मिलेगी कि अमुक नकली,मिलावटी खाद्य नेटवर्क से जुड़े लोगों को सख़्त सजा हुई हो। इसका कारण है कि जो प्रशासन मिलावटखोरी के नेटवर्क को पकड़े जाने की वाहवाही जिस तरीके से लूटता है वही उनसे जुड़े उन सुबूतों को अदालत तक उस मुस्तैदी के साथ नहीं पहुंचा पाता जैसा कि छापेमारी के समय मीडिया में नजर आता है। अब चूँकि आदालतें साक्ष्य,गवाही व दस्तावेजों के आधार पर ही अपने फैसले सुनाती हैं और अदालत में साक्ष्य,गवाही व दस्तावेजों को उपलब्ध कराना कार्यपालिका का विषय है, इसलिये साक्ष्य,गवाही व दस्तावेजों के अभाव में सभी गिरफ़्तार आरोपियों को सजा नहीं मिल पाती। इसीलिये यह आम धारणा बन चुकी है कि इसतरह के नेटवर्क से जुड़े लोग भ्रष्टाचार व रिश्वत के दम पर स्वयं को बचा ले जाते हैं और जाहिर है कि बरी होने के बाद यही लोग बुलंद हौसले के साथ आम लोगों को जहर बेचने का यही काम फिर शुरू कर देते हैं।

जनता इसलिये जिम्मेदार है कि वह ऐसे अपराधियों को समाज में संरक्षण देती है। जो लोग नकली,मिलावटी खाद्य नेटवर्क से जुड़े होते हैं वे एलियन नहीं न ही वे आसमान से टपकते हैं । वे भी किसी गली मोहल्ले कॉलोनी या शहरों व गांव में रहते हैं। जब यह लोग जहर बेचते पकड़े जाते हैं तो इनके रिश्ते नातेदार पड़ोसी सभी को इनके करतूतों का पता चलता है। वास्तव में समाज को ऐसे लोगों का पूर्णतः सामाजिक बहिष्कार करना चाहिये। यदि अपनी चालाकियों या रिश्वत के बल पर यह अदालत से बरी भी हो जाएँ तो भी पास पड़ोस के लोगों व इनके सभी जानने वालों को इनका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिये। आश्चर्य है कि जो लोग समाज को जहर देकर मारने का संगठित व इरादतन अपराध करते हों उसी समाज के लोग इन अपराधियों को अपने सर माथे पर बिठाते हैं ? इससे भी इनके हौसले बुलंद होते हैं। और ऐसे ही लोगों के चलते मिलावटी व नकली खाद्य सामग्री का बढ़ता चलन देश के लिये कलंक बनता जा रहा है।

## संपादकीय


### आपसी समन्वय जरूरी

मणिपुर में नये सिरे से हिंसा भड़क ने के बाद केंद्र सरकार ने उग्रवादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। इस क्रम में पहले केंद्रीय सुरक्षा बलों की अतिरिक्त 20 कंपनियों को हवाई मार्ग से भेजा गया। इसके बाद बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय इस नतीजे पर पहुंचा कि मणिपुर में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। हिंसा और अराजकता पर नियंत्रण के लिए पांच जिलों के छह पुलिस थानों को अशांत घोषित करते हुए फिर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागू कर दिया गया। पिछले वर्ष अप्रैल-मई में राज्य में हिंसा शुरू होने से ठीक पहले केंद्र सरकार ने सात जिलों के 19 पुलिस थानों से अफस्पा हटा लिया था। जिन थानों में फिर से अफस्पा लागू किया गया है, उनमें इम्फाल पश्चिम जिले में सेकमाई और लमसांग, इम्फाल पूर्वी जिले में लमलाई, जिरीबाग जिले में जिरीबाग, कांगमोकपी में लीमाखोंग और विष्णुपुर में मोइरांग शामिल हैं।



अफस्पा अशांत क्षेत्रों तैनात सुरक्षा बलों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अधिकार और संरक्षण देता है। अफस्पा की वापसी से जाहिर होता है कि डेढ़ साल से ज्यादा समय से जातीय हिंसा से ग्रसित मणिपुर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को जिरीबाग में उग्रवादियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच गोलीबारी में 20 उग्रवादी मारे गए थे। इस घटना का विशेष महत्त्व इसलिए है कि पहली बार उग्रवादियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच गोलीबारी और मुठभेड़.हुई। अब तक राज्य के हिंसा प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने बहुत संयम से काम लिया है। वास्तव में उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की एक पोस्ट पर हमला किया था। इस मुठभेड़. के बाद उम्मीद थी कि उग्रवादियों के हौसले पस्त हो जाएंगे लेकिन हिंसा और बढ़ गई। जातीय हिंसा के दौर में केंद्रीय सुरक्षा बलों को असामान्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। मैतेई समुदाय असम राइफल्स पर कुकी के प्रति पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगा रहा है तो कुकी दूसरे सुरक्षा बल पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। मणिपुर में हिंसा पर नियंत्रण करने के लिए बनाए गए एकीकृत कमान को लेकर भी खींचतान है। इसके कारण मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय सुरक्षा बलों के बीच ठीक तरह से समन्वय नहीं हो पा रहा है। राज्य में शांति बहाली न होने की एक बड़ी वजह यह हो सकती है। मणिपुर सीमावर्ती राज्य होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है। उम्मीद है कि केंद्र सरकार राज्य में शांति बहाल करने के उपायों पर गंभीरता से विचार-विमर्श कर रही होगी।

## महाराष्ट्र नहीं अब मणिपुर की फिक्र कीजिये माई-बाप


राकेश अचल

हे ईश्वर ! आप भाजपा को बिना किसी अवरोध के झारखण्ड और महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जितवा दीजिये ताकि केंद्र की सरकार इन दोनों राज्यों की फिक्र छोड़कर डेढ़ साल से भस्मीभूत हो रहे मणिपुर को राख होने से बचा सके। मणिपुर में हालात जम्मू- काश्मीर से भी ज्यादा भयावह और अकल्पनीय हो चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गत गुरुवार 14 नवंबर, को मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के मद्देनजर पांच जिलों में छह पुलिस थानों की सीमाओं को अशांत क्षेत्र घोषित करते हुए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए ) को फिर से लागू कर दिया है।

केंद्र की मशीनरी वोट पाने के लिए महाराष्ट्र में गड़े मुर्दे उखाड़ रही है तो झारखण्ड के आदिवासियों को खुश करने के लिए दिल्ली में सूफी संत काले खान के नाम पर बनी सराय पर बिरसा मुंडा का नाम चस्पा कर रही है। चुनाव जीतने के लिए केंद्र को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हैलीकाप्टर से उड़ने की इजाजत नहीं दी जा रही है ,तो धड़ाधड़ ईडी के छापों के जरिये मतदाताओं को हड़काने की कोशिश की जा रही है ,लेकिन मणिपुर की फिक्र किसी को नहीं है। जम्मू-कश्मीर की फिक्र वहां विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा पहले ही छोड़ चुकी है। महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनावी शोरगुल में मणिपुर की आग और वहां की जनता की चीख-पुकार किसी को सुनाई ही नहीं दे रही। अब तो ऐसा लगने लगा है कि मणिपुर इस देश का हिस्सा है ही नहीं और यदि है तो ठीक वैसे ही है जैसे किसी जमाने में रूस में



साइबेरिया होता था। आपको बता दें कि जो सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए )मणिपुर में लागू किया गया है वो सशस्त्र बलों को बेलगाम शक्ति देता है, स्थानीय जनता शुरू से इस अधिनियम के खिलाफ रही है। जहां तक मुझे याद है कि अप्रैल 2022 में मणिपुर सरकार की ओर से बेहतर सुरक्षा स्थिति और आम जनता के बीच सुरक्षा की बड़ी भावना के बीच इन क्षेत्रों से हटा लिया गया था. अब स्थिति बिगड़ने पर इसे फिर से लागू किया गया है. नया आदेश 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगा।

पता नहीं क्यों देश के प्रधानमंत्री मणिपुर जाने से कतरा रहे है। उन्हें दरअसल चुनावों से ही फुरसत कहाँ मिल रही है ? पहले जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव ,फिर महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव और इनसे फारिग होते ही बिहार और दिल्ली विधानसभा के चुनावों में उन्हें लगना है। हमारी सरकार ये हकीकत समझने के लिए तैयार ही नहीं है कि मणिपुर को सशत्र बलों की नहीं बल्कि उन नारेबाजों कि जरूरत है जो इस समय महाराष्ट्र और झारखण्ड में बंटोगे तो काटोगे या एक रहोगे तो सेफ रहोगे का आव्हान करते घूम रहे हैं। मणिपुर की तरह महाराष्ट्र और झारखण्ड में सुरक्षा इतनी बड़ी समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के अग्निमुखी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में यदि जरा भी साहस है, विवेक है ,बुद्धि है तो उन्हें तत्काल महाराष्ट्र और झारखण्ड कि चिंता छोड़कर मणिपुर कूच करना चाहिए।

महाराष्ट्र और झारखण्ड में नेताओं के आगे-पीछे घूमने वाला मीडिया भी प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ की तरह मणिपुर जाने से घबड़ाता है। हमारा बहादुर मीडिया यूक्रेन युद्ध कव्हर करने जा सकता है । अमेरिका के रष्ट्रपति चुनाव का कव्हरेज करने जा सकता है , इजराइल-लेबनान युद्ध दिखने जा सकता है ,लेकिन मणिपुर नहीं जा सकत। हिमत ही नहीं है किसी में। आपको किसी टीवी चैनल ने शायद ही ये खबर दी हो कि मणिपुर के जिरीबाम जिले में पांच दिन पहले 11 नवंबर को सैनिकों की वर्दी पहनकर आए उग्रवादियों ने एक पुलिस थाने और निकटवर्ती सीआरपीएफ शिविर पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए थे। इस एनकाउंटर के अगले दिन यानी 12 नवंबर को सशस्त्र आतंकवादियों ने जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों को अगवा कर लिया। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव और बढ़ गया है। 7 नवंबर से शुरू हुई हिंसा में कम से कम 14 लोग मारे गए हैं, जिनमें तीन पुरुष और महिलाएं शामिल है। हारकर हालात बिगड़ते देख केंद्र सरकार ने यहाँ पुराना कानून लागू करने का फैसला किय।

सवाल ये है कि सरकार मणिपुर को लेकर जो नीति अपना रही है उससे क्या मणिपुर की हिंसा समाप्त हो जाएगी ? मणिपुर 3 मई 2023 से हिंसा की आग में जल रहा है। यानि मणिपुर को जलते हुए पूरे 18 महीने हो चुके हैं। इस हिंसा की वजह से करीब 50 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। कुकी और मैतेई के बीच चल रहे इस जातीय संघर्ष में अब तक 200से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है,लेकिन देश के प्रधनमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को एक दिन के लिए भी मणिपुर जाने की फुरसत नहीं मिली ,हालाँकि इस बीच वे तीसरी बार सत्ता में भी आ गए । दो बार रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए विदेश दौरे भी कर आये। लोकसभा में विपक्ष के नेता जब इस पद पर नहीं थे तब भी दो बार मणिपुर गए लेकिन उनके हाथ में सिवाय पीड़ितों के प्रति संवेदना जताने के कुछ था ही नही। हाँ उनके पास वो साहस जरूर था जिसका नितांत अभाव महाबली प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी और देश के गृहमंत्री श्रीमान अमित शाह जी में बहुत ज्यादा है। तकलीफ इस बात से भी है कि केंद्र मणिपुर की नाकारा सरकार को अभयदान देकर बैठी है सो अलग। केंद्र करे भी तो क्या करे सूबे की सरकार उसकी अपनी जो है।

भारत में पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति कोई नया मामला है। इससे पहले भी देश ने अरुणाचल ,असम, नागालैंड में ऐसे ही दौर देखे हैं,लेकिन तत्कालीन सरकारों ने इन सभी समस्याओं को निबटाया। आज की सरकार तो मणिपुर के मामले में पूरी तरह से नाकाम हुई है । जम्मू-काश्मीर और केरल को लेकर कश्मीर फाइल और केरल फाइल जैसी फिल्में बनाने वाले विवेक अग्निहोत्री जैसे फिल्म निमार्ता मणिपुर का सच और सरकार की नाकामी पर फिल्म बनाने का साहस जुटा नहीं पा रहे हैं। देश कि सांसद 25 नवंबर से फिर बैठने वाली ह। देखना है कि सरकार किस मुंह से इस सांसद में मणिपुर को लेकर बोलती है ?


## चिंतन-मनन

### समता की अनुभूति

मनोबल के विकास का दूसरा सूत्र बताया गया है- स्व दर्शन समता का दर्शन या परमात्मा का दर्शन। प्रांस की यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर अहंकार में आकर बोला, मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आदमी हूं। किसी ने पूछ लिया-यह कैसे? उसने कहा, प्रांस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है। पेरिस प्रांस का सर्वश्रेष्ठ नगर और हमारा विश्वविद्यालय हमारे नगर का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र। दर्शन का विभाग उसमें सर्वश्रेष्ठ। मैं उसका अध्यक्ष। इसलिए मैं सर्वश्रेष्ठ आदमी। यह कैसा गणित है! हमारी दृष्टि जब दूसरों की ओर जाती है तो यही निष्कर्ष निकलता है कि हम दूसरों को काटते जाते हैं, तोड़ते जाते हैं और दूसरों के संदर्भ में हम अपने को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठापित करते जाते हैं। इसके अतिरिक्त कोई निष्कर्ष निकलता ही नहीं है। जब स्व-दर्शन में आदमी आता है तो उसे अनुभव होता है कि न प्रांस सर्वश्रेष्ठ, न पेरिस सर्वश्रेष्ठ, न विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ, न दर्शन का विभाग सर्वश्रेष्ठ और न विभागाध्यक्ष। सब समान है। सब व्यक्ति समान, सब देश समान, सब राष्ट्र समान और सब आत्माएं समान।

जो समता के क्षण में जाता है, उसे यह नहीं लगता कि यह अलग, वह अलग। उसे लगता है कि सब मेरे-जैसे हैं। यह समान ही समान का गणित ऐसा चलता है कि अनन्त में से अनंत निकालो तो भी पीछे अनन्त ही रहेगा। अनन्त में अनन्त मिलाओ तो भी अनन्त ही रहेगा। समता में मिलाते जाओ, निष्कर्ष समता। यह समता की अनुभूति जब जागती है, तब एक विचित्र अनुभव होता है। उसे जगाने का जो सूत्र है, वह मनोबल को जगाने का परम सूत्र होता है।

## कबूतरों से खतरा : हल तो निकालना ही होगा


भगवती प्रसाद डोभाल

हाल ही में कुछ अध्ययनों से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कबूतरों से खतरे की बात बताई गई है। इनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज के डॉ. मीत घोनिया ने बताया कि कबूतर की बीट में साल्मोनेला, ई. कोली और इंफ्लूएंजा-जैसे रोगाणु होते हैं, जिनसे अस्थमा-जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। कहा है कि इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो कबूतरों के संपर्क में रहे हैं। उसका कारण यही माना जा रहा है कि कबूतरों की बीट में जो रसायन पाया जाता है, वह स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।

डॉ. मीत ने बताया कि जब कबूतर एक जगह ज्यादा संख्या में होते हैं, तब उनकी बीट से क्रिप्टोकोकी जैसे फंगल बीजाणुओं के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यही बीजाणु हवा में अधिक मात्रा में होने के कारण व्यक्ति की सांस के माध्यम से फेफड़ों में चला जाता है। फिर सांस लेने में परेशानी हो जाती है। इस परेशानी से अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं। यह एक ऐसा बीजाणु है, जो मनुष्य की जान लेने का कारण बनता है।

गंभीर बीमारी टीबी के फैलने के खतरों को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने प्रस्ताव रखा है कि दिल्ली में कबूतरों की बढ़ती आबादी को रोकने के लिए कबूतरों को दाना देने वालों को रोका जाए। यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि जहां-जहां दिल्ली शहर में कबूतरों को दाना डालने के स्थान लोगों ने बनाए हैं, उन्हें बंद किया जाए। एमसीडी द्वारा दाना डालने वाले स्थानों को रोकने से जनता खुश नहीं है। उसका कारण है लोगों की भावना। वे इन पक्षियों को जीवित रखना चाहते हैं। इतना ही नहीं, दाना देने वाली जगहों पर ऐसे व्यापारी भी बैठे होते हैं, जो कबूतरों के लिए दाना बिकवाते हैं; वे भी इस रोक से परेशान हैं, उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। दिल्ली के कनाट प्लेस, बाराखंबा, मंडी हाउस, पटेल नगर, शंकर रोड, मंदिर मार्ग, कड़कड़डूमा, करोल बाग और रोहतक रोड के कई इलाकों के चौक-चौराहों पर कबूतरों के लिए दानागाह हैं। इन स्थानों पर नागरिक दूर-दूर से कबूतरों को दाना देने आते हैं, और उनके लिए पीने के पानी का बंदोबस्त भी किया जाता है। देखा गया है कि अधिकांश पक्षियों की प्रजातियां दिल्ली से लुप्त होती जा रही हैं।

गौरया को दिल्ली राज्य के पक्षी की मान्यता दी गई थी पर आज वह खोजने पर भी नहीं मिलती; लुप्त होने का कारण दिल्ली अब उसके रहने लायक नहीं रह गई। छोटे-छोटे स्थानों और पार्कों में वह अपनी संतति बढ़ाने के लिए घोसलों का निर्माण करती थी, लेकिन अब वे स्थान उसके लिए उपयुक्त नहीं रहे। साथ ही, भीड़ भरे स्थानों में गौरया का जीना दूभर हो गया है। ऐसे ही बहुत सारी प्रजातियां दिल्ली से लुप्त हो गई हैं। अब कबूतर ही दिल्ली में सर्वाइव कर रहे हैं क्योंकि वे बड़ी-बड़ी बहुमंजिली इमारतों में अपने घोसले बनाने का प्रयास करते हैं, छिपने का स्थान ढूंढ़ कर संतति बढ़ाते हैं। इसलिए कुछ स्थानों को छोड़ कर कबूतर दिख जाते हैं। वैसे कबूतर का मनुष्य से पुराना रिश्ता भी है। पुराने जमाने में वे ही संदेशवाहक का काम करते थे। राजा-महाराजाओं के संदेशों को पहुंचाने का इतिहास कबूतरों का ही रहा है।

इससे पता चलता है कि वे अक्सर आदमियों के करीब ही रहना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन आज देश की बढ़ती अबादी महानगरों में ही सिमटने को अपना भविष्य मानती है। इस कारण इको सिस्टम ही बदल रहा है। वैज्ञानिक उपलब्धि का फायदा मनुष्य तो ले रहा है पर पर्यावरण को दरकिनार कर नई-नई दुश्वारियों को बुलावा भी दे रहा है। संतुलित विकास का समीकरण ही बदल गया है। इसके साथ ही नये-नये वायरस भी जन्म ले रहे हैं, उनकी वजह से पूरा विश्व ही परेशानियों से जूझ रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल है। मृत्यु का तांडव कोरोना काल में रहा। अब आप अपने आसपास के जीव-जंतुओं को ही मिटाना चाहते हैं। वैसे, शांति के प्रतीक कबूतरों से अगर वाकई मानव जीवन को खतरा है, तो इसका हल तलाशना भी वैज्ञानिकों के लिए जरूरी है।

दिल्ली के चिकित्सकों ने भी कबूतरों के आवासों को मिटाने के लिए एमसीडी की योजना को सही माना है, और कबूतरों के पोषण के स्थानों को मिटाने का बिल



लाया जा रहा है, लेकिन कबूतरों को संरक्षण देने में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9/51 काम कर सकती है। दिल्ली के प्रशासकों और वैज्ञानिकों को ऐसे अनुसंधान की ओर बढ़ना चाहिए जिसमें फंगस, साल्मोनेला ई. कोली-जो कबूतरों को हमसे दूर करता जा रहा है-को मारने के लिए दवा का ईजाद किया जाना निहायत जरूरी है, ताकि हमारा एक प्रिय पक्षी हमसे दूर न होने पाए।

# रमनलाल स्कूल ने बालक और रतनलाल स्कूल ने बालिका वर्ग में फाइनल में जगह बनाई

## प्रथम स्वर्गीय श्री डी एस धनगर जी स्मृति जिला स्तरीय सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता

संवाददाता

**मथुरा।** जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में लक्ष्मी इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित की जा रही प्रथम सब जूनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन रमन लाल पब्लिक स्कूल ने सेमीफइनल मैच में रोमांचक मुकाबले में लक्ष्मी इंटरनेशनल स्कूल को 25- 20 और 29 -27 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई वही रतनलाल फूल कटोरी देवी स्कूल ने कार्ष्णि स्कूल रमणरेती को 25-20, 25-18 के अंतर से हरकर फाइनल में जगह बनाई बालिका वर्ग के दूसरे सेमीफइनल मैच में रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल ने रियल पब्लिक स्कूल को हराकर फाइनल में जगह बनाई। आज कई और



मुकाबले खेले गए और कई मुकाबले काफी रोमांचक रहे। दूसरे दिन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष सेठ रामकिशन अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि जिला वालीबाल संघ के सचिव डॉक्टर डीपी शर्मा रहे। जिन्होंने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच का शुभारंभ कराया आज के मैच में रेफरी की भूमिका जेपी कुशवाह, अभय शुक्ला, वर्षा गौतम, राजेंद्र सिंह, दीपेंद्र शर्मा, स्कोरर सौरभ धनगर व गौरव धनगर रहे। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला रविवार को खेले जाएगी इस अवसर पर पटियाला के साई सेंटर से एथलेटिक्स प्रशिक्षक अशोक चौधरी, दिनेश मिश्रा, महेंद्र सिंह राजपूत सत्येंद्र राणा, आलोक त्रिपाठी, बी एल सारस्वत, आयोजन अध्यक्ष संजय धनगर प्रधान उपस्थित रहे।

## भुलई भाई शुचिता और ईमानदारी के पर्याय थे : क्षेत्रीय अध्यक्ष



संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने कार्यकताओं में एक श्रीनारायण उर्फ भुलई भाई के ब्रम्हभोज पर शुक्रवार को क्षेत्र के सैकड़ों जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और दिग्गज भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। रामकोला विधानसभा के पगार छपरा में भुलई भाई के निवास पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने स्वर्गीय भुलई भाई के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में भुलई भाई शुचिता और ईमानदारी के पर्याय थे। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए और उन्होंने अपने कार्यकाल में जनता के बीच एक मजबूत पहचान बनाई।उनका निधन अत्यंत दुःखद है और भारतीय जनता पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, डॉ प्रेमचंद मिश्र, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा,जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, भीखम प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष रामदेव कुशवाहा रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, पूर्व विधायक मदन गोविंद राव, जटाशंकर मणि त्रिपाठी, राधेश्याम दीक्षित सहित सैंकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने स्वर्गीय भुलई भाई को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## पड़े गिरने से चपेट में आया ऑटो

संवाददाता

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र में टाउनशिप स्थित सीएनजी पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़ा यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक प्लाईओवर की दीवारी पर जा गिरा। पुल की दीवार गिरने से वहां से निकल रहा एक ऑटो चपेट में आ गया। उसमें सवार करीब पांच सवारियां चुटैल हो गईं। इस दौरान टूरिस्ट बस के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बस को रोका।टेंपो में बैठीं दो महिलाएं व तीन पुरुष फरह से मथुरा जा रहे थे। ऊपर से पेड़ गिरता देख चालक ने टेंपो की रफ्तार बढ़ा दी। दीवार गिरने से फरह के जोगी निवासी सावित्री देवी को ज्यादा चोट आई हैं। वे टेंपो में किनारे पर बैठीं थीं, उन्हें लोगों ने स्वर्ण जयंती अस्पताल में भर्ती कराया। चालक माटु के भी चोट आई हैं। अन्य सवारियों के हल्की चोटें हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर आगरा से दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क पर पेड़ गिरने से राजमार्ग पर करीब आधा घंटे तक जाम लग गया।

## देव दीपावली पर दीपों से जगमग हुआ सोहसा दुबौली घाट

संवाददाता

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा जन सहयोग से देव दीपावली (कार्तिक पूर्णिमा) के अवसर पर शुक्रवार की शाम कुशीनगर जनपद स्थित सोहसा दुबौली घाट पर बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी की अध्यक्षता में 2100 दीपों के साथ दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन कर देवी - देवताओं से लोक मंगल व सोहसा मोक्ष धाम एवं दुबौली छठ घाट निर्माण की मंगल कामना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद विजय दुबे ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण में आ रही विधिक अड़चनों को दूर कराने एवं दुबौली में अपने निधि से छठ घाट निर्माण कराने की घोषणा की। इसके



पूर्व पंडित राघवेंद्र मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीपदान प्रारम्भ हुआ और मंच से जनता के प्रतिनिधि के रूप में नयी दिशा सचिव डा0 हरिओम मिश्र ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण और दुबौली छठ घाट निर्माण की मांग को मजबूती के साथ रखा। धीरज राव की टीम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख हाटा प्रतिनिधि सुधीर राव, ब्लॉक प्रमुख कसया प्रतिनिधि अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, सोहसा प्रधान प्रतिनिधि मुकेश राव, दुबौली प्रधान सेवा लाल यादव, भठही बाबू प्रधान सुभाष कान्दू, परवरपार प्रधान राजेश राव, मुहम्मदा प्रधान विनय कुशवाहा, सिकटिया प्रधान जमुना सागर, सत्यजीत सिंह, बबलू मिश्र, राम कोमल, ए डी ओ मोतीचक प्रमोद सिंह, हेमंत मिश्र, पंडित कन्हैया मिश्र, कृष्णमोहन, पेशकार, आशुतोष पांडेय, डीके पांडेय, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, राम नरेश मिश्र, रवि यादव, देवानंद, आदित्य पांडेय, विजय राव, शम्भू राव, जय राम पटेल, हर्षित मिश्र, जितेंद्र राव, टुनटुन मिश्र, गौतम मुनि तिवारी, पारस गुप्ता, प्रशांत किशोर यादव, रुदल पटेल, विकेश, संजेश, गुलशन तिवारी, प्रमोद सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, आशुतोष मिश्रा, बबिता सिंह, संगीता सिंह, प्रियंका सिंह, रिशु यादव, आर के पांडेय, मनोज कुमार, कन्हैया सिंह, अखिलेश दास गुप्ता, अनिल तिवारी, दिनेश पांडेय, गुलशन त्रिपाठी, रविश सिंह, सत्यकाम पांडेय, राघवेंद्र प्रताप शुक्ल, चिन्टु मणि त्रिपाठी, हर गोविंद राव सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाये: डीएम

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस मौके पर आई शिकायतों के वक्त पर बेहतर तरीके से निस्तारण के दिये निर्देश।सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनने के बाद उनके निस्तारण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही कहा, कि किसी भी शिकायत के निस्तारण करते वक्त मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को जरूर सुना जाय। जबकि अधिकारी शिकायत के निस्तारण के दौरान मौके पर लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद की सभी नहरो को पूरी पावर के साथ चालू रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी



ने कहा कि सभी नहरों की टेल तक पानी पहुंचाया जाए, साथ ही सभी एसडीएम इसका सत्यापन भी करें, जबकि नलकूप विभाग ,विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग सहित लघु डाल आपस में तालमेल बैठाकर करके काम को पूरा करें, ताकि किसानों को बुवाई में किसी तरह की दिक्कत न हो, जबकि सभी नलकूपो को चालू रखा जाए ,इसमें किसी तरह की लापरवाही ना बरती जाय। जनपद में खाद व बीज वितरण कार्य को ठीक तरह से संपादित किया जाए। विपणन विभाग विभिन्न प्रकार की फसलों के खरीद से संबंधित केंद्र को क्रियाशील रखा जाय साथ ही किसानों का रजिस्ट्रेशन बढ़ाया जाए। पशुपालन विभाग सभी गौशालाओं का सत्यापन कर वहां की चारा पानी भूसा ,टीनशेड व ठंड से बचाव के प्रबंध रखे जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों को शासन स्तर से जो भी लक्ष्य दिए गए हैं उसके सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित की जाए । यदि किसी विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली के चलते जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए । शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े । कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम सहित सीओ हमीरपुर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

## बाल दिवस पर कान्हा माखन पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित

संवाददाता

**मथुरा ।** बाल दिवस के अवसर पर कान्हा माखन पब्लिक स्कूल सरस्वती कुंड में एक विशेष बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को व्यापार और उद्यमिता से संबंधित चुनौतियों और अनुभवों से अवगत कराना था।

मेले का उद्घाटन मथुरा-वृंदावन विधायक विधायक श्री कांत शर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिन्हें बच्चों ने स्वयं तैयार किया और उनका संचालन भी किया। भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया विधायक श्रीकांत शर्मा ने बच्चों तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों के विकास में मनोरंजन का भी



काफी महत्व है. इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को ऊर्जावान बनाते हैं. वही मीडिया श्याम ने बताया बाल दिवस उत्सव कार्यक्रम में इन स्टॉलों पर खाद्य पदार्थ, हस्तकला की वस्तुएं, और खेलकूद से संबंधित सामग्री उपलब्ध थी। प्रत्येक बच्चे ने अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर स्टॉल को आकर्षक बनाने का प्रयास किया और ग्राहक बनाने की कला सीखी। इस आयोजन में बच्चों ने बिक्री, विपणन, और ग्राहक सेवा के महत्वपूर्ण पहलुओं का अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकगण और अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके उत्साह को बढ़ाया। इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। कान्हा माखन पब्लिक स्कूल के इस प्रयास ने बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान और उनके व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## कोहरे के साथ सर्दी ने दी दस्तक

**मथुरा।** सर्दी ने कोहरे के साथ दस्तक दे दी है। शुक्रवार को सीजन का पहला कोहरा पड़ा तो तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। शहर में भी यही दिक्कत रही। पूरे जिले में सुबह 10 बजे तक कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कोहरे के साथ ठंड ने भी दस्तक दे दी है। बृहस्पतिवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 17.8 और अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई। सुबह 10 बजे तक वाहन रेंगते रहे। वाहन एक के पीछे एक चल रहे थे। दृश्यता 50 मीटर से कम होने के कारण वाहन लाइट जलाकर चलने को मजबूर हो गए। यही हाल शहर के अंदर की सड़कों पर था। मौसम में ठंडक हो गई। लोग गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे।

## वज्रनाभ के समाधि स्थल का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

संवाददाता

**मथुरा।** बरसाना के पास करहला गांव में भगवान श्रीकृष्ण के प्रपौत्र वज्रनाभ के समाधि स्थल का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है। 2.10 करोड़ रुपये की लागत से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा सैकड़ों वर्ष पुराने इस इस स्थल पर कॉरिडोर बनाया जा रहा है। बरसाना से छह किलोमीटर दूर करहला गांव में स्थित भगवान श्रीकृष्ण के प्रपौत्र वज्र नाभ का प्राचीन समाधि स्थल है। समाधि स्थल का फिर से निर्माण के साथ ही उसके आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। एमवीडीए द्वारा यह कार्य दो करोड़ 10 लाख रुपये से किया जा रहा है। यहां प्राधिकरण द्वारा प्राचीन होने के साथ ही देखरेख के अभाव में जर्जर हो गए समाधि स्थल के जीर्णोद्धार के साथ ही उसकी चहारदीवारी का निर्माण



किया जाएगा। समाधि स्थल तक पहुंच के लिए कॉरिडोर का निर्माण होगा। समाधि स्थल का भव्य द्वार का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बैंच और पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। लगभग 30 मीटर चौड़ा और 30 मीटर लंबा समाधि स्थल को लाल पत्थर से बनाया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगाई जाएंगी। श्याम बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने कहा, ब्रज के पौराणिक स्थलों को सजाने और संवारने का कार्य चल रहा है। इस क्रम में करोड़ों की लागत से वज्रनाथ के समाधि स्थल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

## स्काउट गाइड: शिविर में सीखे गुर आते हैं काम: ओमप्रकाश जायसवाल

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के टेकुआ टार स्थित श्यामदेवी इंटरमीडिएट कालेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन विकसित राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हो गया। शनिवार को आयोजित तीसरे दिन शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया। शिविर में प्रतिभागियों ने रंगोली, खेलकूद, रस्सी बंधना, टेंट निर्माण, चित्र, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षक डेविड पटेल, अभिषेक चौधरी ने प्रतिभागियों को टिप्स दिए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि स्काउट गाइड शिविर से सीखे गुर जीवन के मुश्किल समय मे काम आते हैं



और जीने का तरीका सिखाते है। विशष्ट अतिथि ग्रामप्रधान इसरार अहमद ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक बच्चों को नैतिक और सांस्कारिक शिक्षा दिलाने का प्रयास करें। विद्यालय के प्रबन्धक एडवोकेट दिनेश सिंह, सीएमडी स्कूल कसया के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शिविर में जो आपने सीखा है उसे जीवन में उतारने का प्रयास करें। विद्यालय के संस्थापक शम्भू राव ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंद्रेश चौधरी, प्रेम गोविन्द राव, मुकेश राव, हसनैन अंसारी, पुनीत उपाध्याय, लक्ष्मी गुप्ता, प्रीति, अनिता, अंगिरा, कौलेश प्रसाद, प्रमोद, गुप्ता, धीरज राव, भुवनेश्वर शर्मा, गफूर अली आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### 2100 सौ दीपो से जगमग हुआ माँ कुलकुला देवी का स्थान



संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर स्टेट के विनोद बन में स्थिति माँ कुलकुला देवी मंदिर परिसर में देव दिपावली के अवसर पर माँ के साथ शिव मंदिर में इक्कीस सौ दीप प्रज्वलित किया गया। इसके साथ माँ की आरती भी की गई । कुंवर उपेन्द्र सिंह ने बताया की लगातार छः वर्षो से माँ के मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन किया जाता है। माँ कुलकुला देवी भक्तो की मुरादें पूरी करती है । इनका वर्णन दुर्गा सप्तसती में मिलता है। इस दौरान कुंवर डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह,कुंवर योगेंद्र कुमार सिंह, कुंवर समरेन्द्र कुमार सिंह, इकांश मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, अमीन सिंह, पिंटू यादव, प्रहलाद यादव, गुड़िया गिरी, सरोज मिश्रा, प्रभावती मिश्रा, श्याम, हरेराम सैनी, गोविन्द श्रीवास्तव, जयेश श्रीवास्तव, अजय कुशवाहा, प्रविन्द कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, राहुल कुशवाहा आदि मौजूद रह।

### आदिवासियों ने मुगलों व मुगल व अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बिगुल बजाया: कुंवर प्रशांत सिंह



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के बार्ड संख्या 9 (नरकटिया खुर्द) बार्ड नंबर 9 बाला साहब देवरस नगर में महारानी दुर्गावती सेवा संस्थान द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवारा के तहत जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश गढ़ मंडला राज परिवार के कुंवर प्रशांत सिंह मरावी ने कहा कि भारत देश गोंडवाना लैंड का हिस्सा है तथा अनादि काल से गोंड पृथ्वी पर निवास करता रहा है इसी लिए इन्हें आदिवासी कहा जाता है आदिवासी समाज प्रकृति शक्ति को पूजता है स्वतंत्रता के बाद अखंड भारत के निर्माण में गोंड राजाओं का बहुत योगदान है। कार्यक्रम संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी एस टी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड ने कहा कि भारत में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सर्व प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा ने आरंभ किया था आदिवासी समाज मुगलिया हुकूमत के साथ-साथ अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बिगुल बजाया तथा प्रकृति द्वारा दिए गए जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए जंगलों में निवास किया तथा अपने मान सम्मान एवं संस्कृति बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अध्यक्षता भूमक शिवनाथ मरावी तथा संचालन राममनोहर गोंड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्या लाल गोंड, लल्लन कुमार गोंड, पंकज कुमार गोंड, अरविंद कुमार गोंड, रामधनी गोंड, सहदेव गोंड, प्रेमचंद गोंड, संजय कुमार गोंड, भोला गोंड, घनश्याम गोंड, रंजन श्रीवास्तव,समसुल अंसारी, मीर हसन अंसारी, मनोज कुमार गोंड, राधिका देवी,सुनैना देवी, रीमा देवी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भी जारी रहा है कांग्रेसियों का धरना



संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकेश धनगर के नेतृत्व में दूसरे दिन भी जिला मुख्यालय पर मथुरा जनपद में किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि महासचिव विपुल पाठक प्रवीण भास्कर कुंवर सिंह निषाद महासचिव अप्रतिम सक्सेना दीपक पाठक साथ में बैठे दोपहर बाद सिटी मजिस्ट्रेट एवं सहायक निबंधक सहकारिता मथुरा वार्ता करने अनशन स्थल पर आकर लिखित पत्र द्वारा आश्वासन दिया कि हम एक हफ्ते के अंदर मथुरा जनपद के किसानों को डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएंगे लिखित पत्र आश्वासन को देखते हुए हमने अपनी भूख हड़ताल एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दी गई है अगर एक हफ्ते के अंदर अंदर किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो अभी तो हमने गांधीवादी तरीके से अनशन किया है। अनशन का संचालन किसान नेता कैलाश बाबू ने किया । अनशन के समर्थन में उपस्थित राजा गौतम शैलेंद्र चौधरी जिलानी कादरी राकेश दिवाकर रमेश कश्यप सिम्मी बेगम महेश चतुर्वेदी अमित राज अनिल खरे सुशील सागर एडवोकेट पंकज चौधरी एडवोकेट रवि खरे वाल्मीकि अनवर फारुकी संजय सक्सेना मेदाराम ठाकुर प्रेम सिंह ठाकुर सुरेश चंद कमल शर्मा रूपेश धनगर नवनीत दीक्षित भगवान सिंह जादौन पुरोहित कुमार विनोद कुमार विवेक धनगर प्रदेश कुमार राजेश कुमार प्रदीप सागर दीनदयाल रमेश चंद सियाराम कोमल हरेंद्र सिंह जगदीश प्रसाद अरुण भारती एडवोकेट बलबीर सिंह पूरन सिंह शाहरुख खान केके शर्मा आदर्श गौतम बनी सिंह नंदलाल गुड्डू सिंह डॉक्टर भगवान सिंह मनोज कुमार बानी सिंह चौधरी हरेंद्र सिंह बाल स्वरूप गुर्जर बेबी ठाकुर हाकिम सिंह कल्याण सिंह बदन सिंह नेत्रपाल सिंह चरण सिंह हरगोपाल निरंजन सिंह नवल सिंह देवकीनंदन धांसू सिंह कान्हा सिंह बिरजू लाल प्रेम सिंह दीवान सिंह खली पहलवान हेमंत चौधरी रतन चौधरी चित्रा सिंह एडवोकेट राकेश शर्मा हर प्रसाद शर्मा रामबाबू धनगर आदि सैकड़ो की संख्या में किसान एवं कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### घने कोहरे में ट्रक के पीछे से घुसी बस

संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना जैंत क्षेत्र में चौमुहां कस्बे के पास घने कोहरे के कारण बस पीछे से ट्रक में घुस गई। बस में बैठी हुईं 12 सवारियां घायल हो गईं। बस मथुरा से दिल्ली की तरफ जा रही थी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7 बजे घने कोहरा होने के कारण आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे से आ रही यूपी रोडवेज की बस ट्रक में जा घुसी। बस के ट्रक से टकराते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को बस से निकाला। उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया कि हादसे में 12 सवारियां घायल हुई हैं। घायलों में कुछ श्रद्धालु भी थे, जो मथुरा-वृंदावन मंदिरों के दर्शन कर दिल्ली की तरफ जा रहे थे।

# एफपीआई ने बिकवाली करके 18,077 करोड़ के शेयर बेचे

## सरकारी प्रतिभूतियों के यील्ड में अब सिर्फ 240 आधार अंक का अंतर है

नई दिल्ली।

विदेशी निवेशक (एफपीआइएस) के निवेश की दिशा में बदलाव देखने को मिल रहा है, जैसे ही दोनों भारतीय ऋण और इक्विटी बाजारों से धीरे-धीरे निकाल रहे हैं। सीसीआईएल की रिपोर्ट के अनुसार नवंबर में एफपीआईएस ने शुद्ध बिकवाली करके सरकारी प्रतिभूतियों के 8750 करोड़ रुपये के बेची। अक्टूबर में इस आंकड़ा 5142 करोड़ रुपये था। विदेशी निवेशक इक्विटी बाजार से भी धीरे-धीरे बाहर निकल रहे हैं, जिसमें नवंबर में 18077 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए हैं। दक्षिण एशियाई बाजारों में अवेक्षण करने वाले जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के ट्रेजरी और कैपिटल मार्केट्स के एक अे धिकारी कहते हैं कि सरकारी प्रतिभूतियों के यील्ड में अब सिर्फ 240 आधार अंक का अंतर है, जिससे भारतीय बाजार के लिए निवेश कम हो सकता है। अमेरिका में बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के संकेत हैं, जबकि डॉलर मजबूत हो रहा है जिससे भारतीय रुपया 84.41 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर उतार चढ़ाव देख रहा है। एवेंडस कैपिटल पब्लिक मार्केट्स के सीईओ कहते हैं कि एफपीआईएस की निवश में जल्दी का उम्मीदवार नहीं है। हालांकि, बाजारों की समेकन अवधि में वृद्धि की उम्मीद है जिससे कंपनियों की आय बढ़ेगी और ब्याज दरों में कमी आ सकती है। उभरते बाजारों में भारत को एक आकर्षक विकल्प के रूप में देखा जा सकता है जिससे निवेशकों को स्थिरता की आशा है।




# ईजमाईट्रिप प्लैनेट एजुकेशन ऑस्ट्रेलिया का करेगी अधिग्रहण

## - प्लैनेट एजुकेशन के वैश्विक स्तर पर 25 कार्यालय हैं

नई दिल्ली।

यात्रा बुकिंग प्लेटफॉर्म ईजमाईट्रिप ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह प्लैनेट एजुकेशन ऑस्ट्रेलिया प्राइवेट लिमिटेड की 49 प्रतिशत चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करेगी। यह अधिग्रहण ईजमाईट्रिप के ग्राहक आधार, एजेंट नेटवर्क, तकनीकी क्षमताओं और प्लैनेट एजुकेशन के वैश्विक शिक्षा नेटवर्क के बीच तालमेल को मजबूत करेगा। यह डील प्लैनेट एजुकेशन की वृद्धि की सार्वजनिक श्रेणी में महत्वपूर्ण कदम होगा। सिडनी में मुख्यालय वाली प्लैनेट एजुकेशन वैश्विक स्तर पर 25 कार्यालयों में उपस्थित है और 350 से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग कर रहा है। इस समन्वयन से प्लैनेट एजुकेशन और ईजमाईट्रिप की गति और गुणवत्ता में सुधारित होगा। ईजमाईट्रिप के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि हर साल लाखों छात्र उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न देशों में जाते हैं। उन्होंने कहा प्लैनेट एजुकेशन के अधिग्रहण से हमें अंतरराष्ट्रीय अध्ययन पर्यटन के क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने का सामर्थ्य मिलेगा। यह आलेख संदेश करता है कि ईजमाईट्रिप का प्लैनेट एजुकेशन का अधिग्रहण किया जाना साथ संयुक्त शक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है जो उच्च शिक्षा एजेंसियों के लिए एक नया परिदृश्य स्थापित करेगा।




# जियो ने बिना नीलामी सैटेलाइट संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटन का विरोध किया

## बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम आवंटन से स्थानीय संस्थाएं विदेशी सैटेलाइट कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी

नई दिल्ली।

रिलायंस जियो ने बिना नीलामी के सैटेलाइट संचार (सैटकॉम) कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। कंपनी ने कहा कि बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम आवंटन से स्थानीय संस्थाएं सीधे विदेशी सैटेलाइट कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। दूरसंचार नियामक ट्राई को लिखे पत्र में कंपनी ने बताया कि एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजन की कुइपर के संयुक्त उद्यम ने पिछले कुछ वर्षों में तीनों प्रमुख भारतीय दूरसंचार कंपनियों की तुलना में अधिक क्षमता सृजित की है। जियो ने कहा, नीलामी के माध्यम से स्पेक्ट्रम आवंटन भारतीय संस्थाओं को सीधे विदेशी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करेगा। विदेशी कंपनियों ने आईटीयू (अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ) के पहले आओ, पहले पाओ मानदंड के आधार पर प्राथमिकता सूची को अवरुद्ध कर दिया है और अपनी खुद की समूह योजना बनाई है। कंपनी ने उल्लेख किया कि स्पेक्ट्रम आवंटन/प्राथमिकता में पारदर्शिता और निश्चितता के बिना, कोई भी भारतीय संस्था कभी भी अपना स्वयं का एनजीएसओ (गैर-भूस्थिर उपग्रह कक्षा) समूह शुरू नहीं कर पाएगी। उल्लेखनीय है कि 2023 के दूरसंचार अधिनियम में सैटकॉम कंपनियों को बिना नीलामी के प्रशासनिक रूप से स्पेक्ट्रम आवंटित करने का उल्लेख किया गया है। इसका कारण यह है कि सैटेलाइट कंपनियां आवंटित रेडियो फ्रीक्वेंसी को साझा स्पेक्ट्रम मानती हैं और उनका मानना है कि सैटकॉम इकाइयों को अलग-अलग फ्रीक्वेंसी आवंटित करना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। जियो ने भी इस तर्क को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि सैटकॉम सेवाएं उन दूरसंचार सेवाओं की पूरक होंगी जहां कोई नेटवर्क कवरेज मौजूद नहीं है।





# सैमसंग कर रही चिप बनाने में देरी का सामना

नई दिल्ली। ऐपल की प्रतिद्वंद्वी सैमसंग ने बताया कि वह अपनी आगामी मोबाइल सीरीज गैलेक्सी एस25 के लिए एक्सीनोस 2500 चिप बनाने में देरी का सामना कर रही है। इसके पीछे कंपनी का मानना है कि दक्षिण कोरिया में प्रति सप्ताह 52 घंटे का कार्य सीमा है, जिसके कारण वे अपने उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

सैमसंग ने अपने चिप प्रोडक्शन में देरी के कारणों का अजीब तर्क देते हुए कर्मचारियों की वर्किंग ऑवर्स को जिम्मेदार ठहराया है। सैमसंग का दावा है कि 52 घंटे की यह कार्य सीमा, जिसमें 12 घंटे का ओवरटाइम शामिल है, चिप उत्पादन की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कंपनी के अनुसार, कार्य सीमा की वजह से उनके इंजीनियर जरूरत के समय भी काम बंद कर देते हैं, जिससे उत्पादन अधूरा रह जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग के कई कर्मचारियों को बिना अतिरिक्त भुगतान के ओवरटाइम करना पड़ता है ताकि कंपनी अपने लक्ष्यों को हासिल कर सके। इसी के मद्देनजर, सैमसंग ने अधिक कार्य की अनुमति प्राप्त करने के लिए दक्षिण कोरिया के सांसदों से नीति परिवर्तन की चर्चा शुरू की है। हालांकि, सैमसंग के इस तर्क पर कई आलोचक सवाल उठा रहे हैं। प्रतिस्पर्धा में मौजूद ताइवान की टीएसएमसी जैसी अन्य कंपनियां सप्ताह में 48 घंटे के कार्यकाल में भी अपने लक्ष्यों को समय पर पूरा कर रही हैं। इसके अलावा, दक्षिण कोरिया की एसके हायनिक्स भी इन्हीं घंटों में काम कराकर अपने उत्पादन को पूरा कर रही है, जबकि सैमसंग अपने देरी का ठीकरा कार्य समय सीमा पर फोड़ रही है। दुनिया भर में कार्य घंटों के सामान्य औसत पर नजर डालें, तो अधिकांश देशों में कार्य समय प्रति सप्ताह 40 से 50 घंटे के बीच है। भारत में यह सीमा 48 घंटे प्रति सप्ताह है, जबकि अमेरिका में यह 38.5 घंटे और ऑस्ट्रेलिया में 36.5 घंटे प्रति सप्ताह है। वहीं, दक्षिण कोरिया में 52 घंटे की कार्य सीमा है, जो अन्य कई देशों की तुलना में अधिक है। फिर भी सैमसंग अपने लक्ष्यों को समय पर हासिल नहीं कर पा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सैमसंग को अपनी आंतरिक प्रबंधन और रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



# अनिल अंबानी की कंपनी की चूक की चर्चाएं तेज

## - लोन की रकम के दुरुपयोग का आरोप, केनरा बैंक ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली।


रिलायंस कम्युनिकेशंस के मालिक अनिल अंबानी की मुसीबतें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। केनरा बैंक ने दावा किया है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहायक कंपनी रिलायंस टेलीकॉम के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने के लिए एक नोटिस जारी किया गया है। केनरा बैंक ने 28 अक्टूबर को नोटिस जारी किया था, जिसमें बताया गया कि कंपनी को साल 2017 में 1,050 करोड़ रुपये का लोन दिया गया था। इस लोन को चुकाने में रिलायंस कम्युनिकेशंस विफल रही। नोटिस के अनुसार बैंकों से मिलाकर कंपनी को कुल 31,580 करोड़ रुपये का लोन दिया गया था, जिसमें से करीब 13,668 करोड़ रुपये का इस्तेमाल लोन और अन्य भुगतानों के लिए किया गया था। इसके अलावा, बैंक दावा कर रहा है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने लोन की मंजूरी की शर्तों का भी उल्लंघन किया है। ऑडिट में पाया गया है कि कंपनी ने लोन के एक भाग का इस्तेमाल अनअथॉराइज्ड उद्देश्यों के लिए किया गया था। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक के इस नोटिस का अभी तक जवाब नहीं दिया है। दिवालिया हो चुकी कंपनी ने दावा किया है कि वह दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में है और किसी भी डांट के प्रति मुकदमा सुरक्षित है। इस विवाद की चर्चा व्यापक है और अनिल अंबानी की कंपनी के भविष्य पर प्रश्न खड़े कर रहे है। रिलायंस कम्युनिकेशंस की पक्ष और केनरा बैंक की भूमिका की समीक्षा जारी है, जो इस मामले का समाधान तय करेगी।



# त्योहारी सीजन में वाहनों की मांग बढ़ी

## - 42 दिन में बिक गईं 42,88,248 गाड़ियां

मुंबई। देश में यातायात सेवाओं की मांग में भारी बढ़ोतरी के बाद विविध वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि दर्ज की गई है। डीलरों के संगठन ने जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष 42 दिन की त्योहारी अवधि में वाहनों का पंजीकरण 12 प्रतिशत तक बढ़कर 42,88,248 इकाई हो गई है। इसमें यात्री वाहनों की बिक्री में भी सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वाहन डीलर संघों के अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग का अद्भुत उछाल देखने को मिला है, जिसने दोपहिया वाहनों की बिक्री में 14 प्रतिशत की वृद्धि को प्रेरित किया है। सिमित अवधि में ट्रैक्टर की बिक्री में कमी दर्ज की गई है, जबकि स्कूटर की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है। उद्योग संगठन सियाम ने बताया कि अक्टूबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही, दोपहिया वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी भी देखने को मिली है। स्कूटर की बिक्री में भी अवधि के तुलना में वृद्धि की गई है। यह आंकड़े देशभर के राज्यीय परिवहन कार्यालयों से एकत्र किए गए हैं, जो वाहन वाणिज्य के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव दर्शाते हैं। सम्मानित उद्योग संगठनों ने आगे देश के यातायात सेवाओं में सिफारिश देते हुए, ये आंकड़े असहनीय रूप से उत्तेजना देने वाले हैं।



# देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 675.65 अरब डॉलर पर

## गोल्ड रिजर्व भी 1.94 अरब डॉलर घटकर 67.81 अरब डॉलर हुआ

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह 6.48 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है, जो सप्ताह के दौरान कम हो गया है। रिजर्व बैंक के हाल ही में बयान के मुताबिक विदेशी मुद्रा आस्तियों में 4.47 अरब डॉलर का घाटा होकर 585.38 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। विदेशी मुद्रा भंडार का बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है और इसका सीधा प्रभाव मुद्रा बाजारों पर होता है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की यह सूचना देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव डाल सकती है। विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड रिजर्व की भी गिरावट हुई है, जो 1.94 अरब डॉलर घटकर 67.81 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। अतः विदेशी मुद्रा भंडार में प्रमुख गिरावट और इसके प्रभाव की जांच आवश्यक है। साथ ही अंतरराष्ट्रिय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.30 अरब डॉलर पर आ गया है। यह भी एक महत्वपूर्ण विकेन्द्रित विषय है जिसे अधिक जानकारी और विश्लेषण की आवश्यकता है। रिजर्व बैंक की आंकड़ों के अनुसार यह सभी परिवर्तन दर्शाते हैं कि कारोबारी समृद्धि और अर्थव्यवस्था को लेकर मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना है। इसके लिए विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को सभय रहते सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती है।

# जीईएम पोर्टल के जरिये सार्वजनिक खरीद तीन लाख करोड़ के पार

## जीईएम पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय इकाइयों की खरीद में भी देखी गई वृद्धि

नई दिल्ली। जीईएम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद ने वित्त वर्ष के शुरुआती महीनों में एक बड़ी उछाल देखा है। इस माध्यम से अब तक तीन लाख करोड़ रुपये की सरकारी खरीद हो चुकी है, जिसके उल्लेख्य कारण मंत्रालयों और विभागों में खरीद गतिविधियों में वृद्धि है। जीईएम पोर्टल की शुरुआत से बीते वित्त वर्ष में केंद्रों और राज्यों के सरकारी विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने चार लाख करोड़ रुपये की खरीद की थी। इसके साथ ही जीईएम ने पंचायतों और सहकारी समितियों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है। जीईएम पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय इकाइयों की खरीद में भी वृद्धि देखी गई है, जिसमें करीब 30,264 करोड़ रुपये का खाता है। इसके साथ ही 9.7 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों ने जीईएम पर पंजीकरण करवाया है, जिन्हें कुल ऑर्डर का लगभग 40 प्रतिशत अंश प्राप्त हुआ है। जीईएम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद के लिए एक सुविधाजनक प्लेटफ़ॉर्म प्राप्त होने के साथ-साथ उद्यमों को भी बड़ी और छोटी स्केल पर व्यापार का मौका प्रस्तुत हो रहा है। इस स्थिति में जीईएम पोर्टल सरकारी खरीद के प्रक्रियाओं में सुधार और पारदर्शिता में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# मैनकाइंड फार्मा ने भारत सीरम्स का हिस्सा गिरवी रखा

## - कंपनी ने निजी नियोजन के आधार पर 10,000 करोड़ जुटाने की योजना बनाई

नई दिल्ली। मैनकाइंड फार्मा ने अपनी सहायक भारत सीरम्स ऐंड वैक्सींस लिमिटेड (बीएसवी) के लिए 5,000 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी किए हैं। इसके लिए कम्युनिकेशन कंपनी कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड के साथ 39.68 फीसदी हिस्सेदारी का कदम उठाया गया है। यह कदम 10 अक्टूबर को तीन डिबेंचर ट्रस्ट डीड्स की व्यवस्था के तहत किया गया। गिरवी करार को 14 नवंबर को औपचारिक रूप दिया गया है। इससे मैनकाइंड फार्मा को एनसीडी जारी करने की संभावना है। कंपनी ने सितंबर में घोषणा की थी कि उन्होंने अपने निजी नियोजन के आधार पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। इसके तहत, 23 अक्टूबर को उन्होंने बीएसवी के पूर्ण स्वामित्व का अधिग्रहण किया था। गिरवी के लिए किसी रकम का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इसके संदर्भ में कोई सौदा नहीं है। कंपनी ने नियमकीय सूचना में इसे स्पष्ट किया है। इस गिरवी से मैनकाइंड फार्मा की रणनीतिक पहल और वृद्धि योजना को सहारा मिलने की उम्मीद है। इसके जरिए कंपनी कि विकास की गति में मदद मिलेगी।

# वैश्विक ब्रोकरेज सीएलएसए का फिर भारत पर जोर, चीन में निवेश घटाया

## - सीएलएसए ने दोनों देशों में निवेश की रणनीति में बदलाव करने का लिया है निर्णय

नई दिल्ली।

वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी सीएलएसए ने भारतीय शेयर बाजारों से निकलकर चीन में निवेश करने की घोषणा की है। ब्रोकरेज ने चीन में निवेश को अपनी रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से में बदल दिया है। इसके बजाय, वह भारत में निवेश को बढ़ाने का मंजूरी दी है। सीएलएसए की रिपोर्ट में कहा गया कि चीनी बाजारों में व्यापार की चुनौतियों के उभार के बाद, चीन में निवेश कम किया जा रहा है। इसके बजाय भारत में निवेश को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। व्यापारिक मामलों में चीन के विपक्षी नेता डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए भारी विचारधारा बयान किया गया है, जो एक व्यापारिक युद्ध की संभावनाओं का सिग्नल दे रहा है। इस संदर्भ में, सीएलएसए ने दोनों देशों में निवेश की रणनीति में बदलाव करने का निर्णय लिया है। अक्टूबर की शुरुआत में भारत में निवेश को कम करते हुए, सीएलएसए ने चीन में निवेश को बढ़ाने का फैसला किया था। हालांकि, अब ब्रोकरेज कंपनी ने इस निर्णय को वापस लेते हुए भारत में निवेश में वापसी की घोषणा की है। सीएलएसए के इस रूपांतरण के साथ, व्यापारिक दुनिया में स्थिति में एक सकारात्मक परिवर्तन आएगा। सीएलएसए का नया मुख्यालय भारत के वृद्धि और विकास के भविष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




# शेयर बाजार में दूसरे सप्ताह भी गिरावट रही

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखने को मिली जिसके बाद मंगलवार को मजबूती के बावजूद फिसला। बुधवार और गुरुवार को भी शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। गुरुनानक जयंती पर शुक्रवार को बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में बीते कुछ समय से जारी गिरावट का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 484.98 अंक गिरकर 79,001.34 पर खुला और 9.83 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,496.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 143.6 अंक फिसलकर 24,004.60 के स्तर पर खुला और 6.90 अंक गिरकर 24,141.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मजबूत शुरुआत के बावजूद फिसल गया। शुरुआती सत्र में हरे निशान पर कारोबार करने के बाद बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में बिकवाली से बेंचमार्क सूचकांक फिसल गए। सेंसेक्स 675.23 अंकों की गिरावट के साथ 78,820.92 पर खुला और 820.97 अंक टूटकर 78,675.18 पर बंद हुआ। निफ्टी 221.10 टूटकर 23,920.20 पर खुला और 257.85 अंक फिसलकर 23,883.45 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी 50 बुधवार को तिमाही परिणामों में कंपनियों की आय में मंदी और कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एक बार फिर लाल निशान पर खुले।

बीएसई सेंसेक्स 78,495.53 पर खुला और 984 अंक या 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,691 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 23,822.45 पर खुला और 324 अंक की गिरावट के साथ 23,559 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ सपाट खुले। सेंसेक्स 254.5 अंक चढ़कर 77,945.45 पर खुला और 110.64 अंक गिरकर 77,580.31 पर बंद हुआ। निफ्टी 86.25 अंक चढ़कर 23,645.30 पर खुला और 26.35 अंक की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ।




# अक्टूबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 14.2 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली।

अक्टूबर 2024 में देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 14.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान कुल 21.64 लाख यूनिट दोपहिया वाहन बिके, जबकि अक्टूबर 2023 में यह आंकड़ा 18.96 लाख यूनिट था। यह जानकारी सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में दी है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बताया कि इन त्योहारों ने ऑटो इंडस्ट्री की परफॉर्मेंस को महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया। अक्टूबर 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री भी बढ़ी, जिसमें कार और एसयूवी की बिक्री मिलाकर कुल 3.93 लाख यूनिट तक पहुंच गई, जो अक्टूबर 2023 के 3.9 लाख यूनिट के उच्च आंकड़े से 0.9 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि वाहन रजिस्ट्रेशन डेटा में भी दिखाई दी, जिसमें दोनों प्रकार के वाहनों (यात्री और दोपहिया) के रजिस्ट्रेशन में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। हालांकि, तिपहिया वाहनों की बिक्री में 0.7 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह अक्टूबर 2024 में 0.77 लाख यूनिट रही। वहीं, रजिस्ट्रेशन में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि का प्रमुख कारण ग्रामीण मांग में वृद्धि है। इस वर्ष सामान्य मानसून के कारण फसल की पैदावार बेहतर हुई, जिससे कृषि क्षेत्र में आय में वृद्धि हुई और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग वस्तुओं की मांग में भी इजाफा हुआ।

इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों की आय में और भी बढ़ोतरी हुई। यह ट्रेंड केवल ऑटोमोबाइल क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारत के फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर में भी देखने को मिला है। नीलसनआईक्यू के सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में एफएमसीजी वस्तुओं की बिक्री में मूल्य के हिसाब से 5.7 प्रतिशत और मात्रा के हिसाब से 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि लगातार तीसरी तिमाही में ग्रामीण मांग के कारण हुई, जो शहरी बाजारों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। बताया जा रहा है कि बिक्री में बढ़ोतरी का मुख्य कारण देश में दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों का एक ही महीने में आना था, जो उपभोक्ता मांग में वृद्धि का कारण बने।

# प्याज की कीमत में आई गिरावट

## दिल्ली में प्याज की कीमत 67 रुपए किलो से 63 रुपए किलो गिरी

नई दिल्ली।

दिल्ली में प्याज की कीमतों में मामूली गिरावट की खबर सभी को राहत देने वाली है। इस सप्ताह प्याज की कीमत 67 रुपए प्रति किलो से 63 रुपए प्रति किलो गिरी है। सरकार की उम्मीद है कि अगले 1-2 सप्ताह में और गिरावट आ सकती है। राजस्थान के अलवर में प्याज की फसल तैयार हो गई है, लेकिन दिवाली और छठ पर्व के दौरान मजदूरों की कमी के कारण फसल की कटाई में देरी हुई है। सरकारी सहकारी समितियां नैफेड और एनसीसीएफ ने प्याज की सप्लाई बढ़ा दी है। सरकार ने इस साल 4.75 लाख टन प्याज का बफर स्टॉक तैयार किया है। पिछले सप्ताह दो मालगाड़ियां प्याज लेकर दिल्ली पहुंची थीं और एक और मालगाड़ी नासिक से रवाना हो रही है। साथ ही, अब प्याज को मालगाड़ियों के माध्यम से भेजा जा रहा है, जिससे लोकल प्याज की आपूर्ति में वृद्धि हो रही है। आजादपुर मंडी में प्याज व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि कीमतों में स्थायी गिरावट की संभावना है, लेकिन इसमें थोड़ी देरी हो सकती है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि खरीफ की फसल आने के बाद कीमतें और भी कम हो सकती है।

# सदर अस्पताल में लापरवाही की हद!

## प्रसव वार्ड के बाहर खुले में नवजात को दिया जन्म, चुस्की लेते रहे स्वास्थ्यकर्मी





**सहरसा।** सदर अस्पताल राज्य का पहला मॉडल अस्पताल है। यह अपनी लचर व्यवस्था और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं के कारण एक बार फिर सुर्खियों में है।

ताजा मामला अस्पताल के प्रसव वार्ड का है, जहां ड्यूटी पर तैनात नर्सों की लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला ने अस्पताल परिसर में खुले आसमान के नीचे बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह की इस घटना में प्रसव पीड़िता दर्द से कराह रही थी। परिजन उसे प्रसव वार्ड लेकर पहुंचे। लेकिन वहां मौजूद नर्सों ने महिला की हालत पर ध्यान देने के बजाय उसे टहलाने की सलाह देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद प्रसव वार्ड में जगह न होने और नर्सों की लापरवाही के कारण महिला ने वार्ड के सामने खुले मैदान में बच्चे को जन्म दिया। घटना के समय नर्सें वार्ड में मौजूद थीं और चाय की चुस्कियों में व्यस्त थीं। जब लोगों ने नर्सों से सवाल किया, तो उन्होंने आशा कार्यकर्ता और परिजनों पर ही लापरवाही का आरोप मढ़ दिया। मरीज के परिजनों का कहना है कि गर्भवती महिला को वार्ड में भर्ती करने के बजाय नर्सों ने उसे टहलाने की सलाह दी। इस दौरान जब महिला दर्द से कराह रही थी, नर्सों ने उसकी अनदेखी की और प्रसव वार्ड के बाहर ही नवजात का जन्म हो गया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि नर्सें अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनहीन हैं और अक्सर पैसे की मांग करती हैं। सदर अस्पताल में पहले भी प्रसव वार्ड में लापरवाही और दलालों के कब्जे की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले डीएम वैभव चौधरी ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था, जिसमें कई डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए थे। पूर्व डीएम आनंद शर्मा ने भी छापामारी में दलालों को चिन्हित किया था। इसके अलावा अस्पताल में अक्सर प्रसव के मामलों में मरीजों से अवैध पैसे की मांग की जाती है। अस्पताल प्रबंधक सिंपी कुमारी से घटना पर प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, लेकिन उनका कॉल नहीं उठा।

वहीं, इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने नर्सों और अस्पताल कर्मियों के खिलाफ जमकर नाराजगी व्यक्त की और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की कड़ी निंदा की।

## कपड़ा व्यवसायी के स्टाफ का अपहरण



**सुपौल।** त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणीगंज बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान से लौट रहे स्टाफ का अपहरण होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर परिजनों ने लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। लापता युवक थाना क्षेत्र के कुपड़िया वार्ड-13 निवासी रूपेश कुमार (28) बताया जा रहा है। अपहृत युवक के पिता जनार्दन यादव ने कहा कि उनके बेटे की शादी 5 महीने पहले पड़ोसी ललिता कुमारी से हुई थी। वह अपनी पत्नी के साथ भाड़े के मकान में नगर परिषद डपरखा वार्ड- 25 में रहता है और बाजार के नरसिंह भंडार नामक कपड़ा दुकान में स्टाफ के रूप काम करता था। गुरुवार की रात दुकान से मकान के लिए निकला, लेकिन रास्ते में ही किसी ने अपहरण कर लिया। इसकी जानकारी समधी कीनू यादव से मिली। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। इसके बाद लिखित शिकायत थाने की दी गई। वहीं, अपहृत युवक के ससुर कीनू यादव ने कहा कि गुरुवार की रात उनकी बेटी ललिता कुमारी ने फोन कर बताया कि रूपेश अभी तक घर नहीं पहुंचे है। उनका फोन आया था कि कुछ बदमाशों ने चिलौनी धार के पास हथियार से डराकर मारपीट की है। इसके बाद से उनका फोन बंद है। त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## मिथिलांचल में हर्षोल्लास से मना भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व सामा-चकेवा





**सहरसा।** मिथिलांचल की सांस्कृतिक धरोहर और भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक सामा-चकेवा पर्व शुक्रवार की रात पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सहरसा में महिलाओं और युवतियों ने अपने आंगन और खेतों में सामा-चकेवा की परंपरा को जीवंत रखते हुए भाइयों की दीर्घायु और समृद्धि की कामना की। रात्रि में महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए सामा, चकेवा, चुगला और अन्य मूर्तियों वाले डाले को सजाया।

फिर चुगला को जलाकर सामा-चकेवा का बिसर्जन किया। इस दौरान, भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति प्रेम और कृतज्ञता प्रकट की। बहनों ने अपने भाइयों के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए सामा को उनके बाएं घुटने से फोड़वाया और आंचल में लिया।

सामा-चकेवा की कथा में चुगला एक नकारात्मक पात्र है, जिसे जलाने की परंपरा चुगलखोरी और बुरी प्रवृत्तियों का अंत करने का संदेश देती है। यह पर्व आधुनिक समाज में भी सामूहिकता, प्रेम और नैतिकता का प्रतीक बना हुआ है। गांवों से लेकर शहर तक, देर रात तक महिलाएं और युवतियां सामा-चकेवा के गीत, सोहर और समदाउन गाती रहीं।


खेतों में सामूहिक विसर्जन के दौरान बच्चों ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जताई। महिलाओं ने मिट्टी से चुगला और वृंदावन की मूर्तियां बनाकर इस परंपरा को जीवंत बनाए रखा।

## 2025 में बिहार में फिर से बनेगी एनडीए की सरकार: उपेंद्र कुशवाहा



**पूर्णिया।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा बिहार यात्रा पर निकले हुए हैं। बिहार यात्रा के चौथा चरण के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा पूर्णिया पहुंचे हैं। सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में बिहार में फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार यात्रा का तीन चरण संपन्न हो गया है। चौथा चरण चल रहा है। चौथे चरण में खगड़िया, कटिहार और पूर्णिया के बाद अब सहरसा जाना है। 18 नवंबर को चौथे चरण का समापन होगा। बिहार यात्रा के दौरान लोगों से मिलकर बिहार में हुई विकास की जानकारी ले रहे हैं। लोगों द्वारा फीडबैक दिया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा एनडीए की सरकार में बेहतर विकास हो रहा है। अमन चैन शांति की स्थापना हुई है। बिहार के लोग अमन चैन को खोना नहीं चाहते है। विपक्ष चाहता है कि किसी भी तरह से सत्ता में आ जाना है। लेकिन, विफल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। हर मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिये सदस्यता अभियान आवश्यक है। बिहार में केन्द्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर अच्छा कार्य कर रही है। इससे बिहार की जनता भी खुश है। उन्होंने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में हम भी एनडीए के साथ नहीं थे। इस बार हमलोग साथ हैं और जो छोटी-छोटी समस्याएं थी। उसका समाधान कर लिया गया है और 2025 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की बिहार में सरकार बनेगी। उन्होने कहा कि बिहार में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी यह कोई समस्या नहीं है और वह आनेवाले समय में तय हो जायेगें। इस दौरान उपेंद्र कुशवाहा ने विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उनका कहना है कि इस यात्रा से वह एनडीए और अपने संगठन को मजबूत करेंगे। वहीं पप्पू यादव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा विपक्ष का काम ही पक्ष पर सवाल खड़ा करना। लेकिन पप्पू यादव को नीचे स्तर गिरा कर बयान नहीं देना चाहिए।

## मुजफ्फरपुर, गोपालगंज समेत 12 जिलों में कोहरा



**पटना।** बिहार में मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। 14 नवंबर को आए नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर पश्चिम भारत के साथ-साथ बिहार में भी ठंड बढ़ने लगी है। एक से दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। आज प्रदेश के 12 जिलों में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज और 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। किशनगंज, अररिया, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। जबकि, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा पूर्णिया और कटिहार में यलो अलर्ट है। पटना एयरपोर्ट से ऑपरेट होने वाले 12 जोड़ी विमानों का ऑपरेशन शुक्रवार को देर से हुआ। दिल्ली, चंडीगढ़ और अन्य शहरों में कोहरे की वजह से विमान देर से आए और गए। पटना एयरपोर्ट पर फिलहाल विजिबिलिटी 1000 मीटर है। वहीं कुहासे की वजह से पटना से गुजरने वाली 16 ट्रेनें भी लेट चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ठंड में सबसे ज्यादा फर्क न्यूनतम तापमान में पड़ता है। इस बार 'ला नीना' के कारण तापमान बहुत नीचे जाएगा।


## संक्षिप्त डायरी

### बूढ़ी गंडक पर रिवर फ्रंट बनाने का प्रस्ताव



**पटना।** मरीन ड्राइव की तर्ज पर समस्तीपुर शहर के बीचो-बीच से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी पर नगर निगम क्षेत्र के धर्मपुर से जितवारपुर तक रिवर फ्रंट बनाने का प्रस्ताव भाजपा के एमएलसी डॉक्टर तरुण चौधरी ने दिया है। डॉ. तरुण चौधरी ने बताया कि शहर में रिवर फ्रंट बनने से शहर की सुंदरता में तो चार चांद लगेगा ही, वहीं इस स्थल पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। जिले के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार को दिए गए प्रस्ताव में एमएलसी ने सुझाव दिया है कि धर्मपुर से जितवारपुर राजघाट करीब 3 किलोमीटर में रिवर फ्रंट मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत बनाया जाएगा। बूढ़ी गंडक नदी पर शहर के धर्मपुर से जितवारपुर राजघाट तक रिवर फ्रंट बनने से बांध का चौड़ीकरण होगा। जिससे शहर बाढ़ के खतरे से मुक्त होगा। इसके साथ ही तीन किलोमीटर में विशेष बिजली की व्यवस्था होगी। विशेष तरह के लाइटों से पूरे इलाके को जगमग किया जाएगा। जिससे इलाका सुंदर बनेगा। जगह-जगह बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएगी। जहां लोग परिवार के साथ फुर्सत के पल बिता सकेंगे। जगह-जगह पर युवाओं को कारोबार करने के लिए जगह भी अलॉट होगा। एमएलसी ने बताया कि समस्तीपुर शहर में फुर्सत का समय बिताने के लिए वैसी कोई जगह विकसित नहीं है। दुकानों से राजस्व की भी प्राप्ति होगी। जिससे अन्य इलाकों के विकास पर खर्च किया जा सकेगा। उधर जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि एमएलसी के प्रस्ताव पर विचार कर संबंधित विभाग से मंतव्य मांगा गया है।

### नेतृत्व और संचार के महत्व को बताया




**गया।** 11 से 15 नवंबर तक नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशीप प्रोगाम चला। जिसमें भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बोधगया ने महिला शिक्षाविदों को प्रेरित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से एक ऐतिहासिक कदम उठाया। पांच दिवसीय आवासीय कार्यक्रम ने उच्च शिक्षा में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में नए आयाम स्थापित किए। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी की उपस्थिति ने इसे अधिक प्रभावशाली बना दिया। स्मृति ईरानी ने अपने सत्र में नेतृत्व और संचार के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि आपका बोलना आपके व्यवहार और जुड़ाव का आइना होता है। उन्होंने डिजिटल युग में कहानी सुनाने की ताकत पर चर्चा की और बताया कि कैसे यह कौशल विकास और नेतृत्व के लिए प्रभावी उपकरण बन सकता है। उनकी प्रेरणादायक बातों ने कार्यक्रम में मौजूद 33 वरिष्ठ शिक्षाविदों को भी प्रभावित किया। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी, और केंद्रीय विश्वविद्यालयों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रमुख वक्ताओं में आईआईएम-अहमदाबाद की पूर्व निदेशक प्रो. इंदिरा पारिख, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव और आईआईटी-दिल्ली की प्रो. सीमा शर्मा ने महिला नेतृत्व से जुड़े अनुभव साझा किए। आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उच्च शिक्षा में नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। प्रतिभागियों को महाबोधि मंदिर और नालंदा के ऐतिहासिक दौरे के माध्यम से शैक्षणिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनुभव कराया गया।

### 7 साल की बच्ची से रातभर गैंगरेप

**गया।** 7 साल की बच्ची से गैंगरेप हुआ है। दो नाबालिग आरोपी उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गए थे। रात भर उसके साथ दरिंदगी की, फिर दूसरे दिन सुबह सड़क किनारे फेंक कर भाग गए। मामला बेलागंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। बच्ची गुरुवार शाम घर से खेलने के लिए निकली थी, वो झूला झूल रही थी और अचानक गायब हो गई। पूरी रात घर नहीं लौटी। परिजनों ने बच्ची की काफी तलाश की, लेकिन वो नहीं मिली। परिजनों को लगा कि बच्ची खेलते-खेलते कहीं सो गई होगी। सुबह फिर से बच्ची को खोजने की तैयारी थी। पुलिस ने आरोपी नाबालिगों के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि दोनों गांव में नहीं हैं। दोनों आरोपियों की उम्र 15 से 16 साल के बीच की है। पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उसे प्रभावती अस्पताल रेफर कर दिया गया। बच्ची के गले और चेहरे पर चोट के निशान हैं। जब वो घर पहुंची थी तो उसकी स्थिति ठीक नहीं थी। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची का मेडिकल कराया जा रहा है।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से बुलेट सवार की मौत



**पटना।** बिक्रम थाना क्षेत्र में पानी भरे आहार(पानी भरे गड्ढे) में डूबने से बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है।

मृतक विशाल चौधरी(20) बिहटा के लई गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम विशाल अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहा था। मंझौली गांव के पास संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे पानी भरे आहर में डूब गया। सूचना मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। स्थानीय गोताखोर और पुलिस की मदद से शव शनिवार सुबह बाहर निकाला गया। वहीं, बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। रात में ही गाड़ी को बाहर निकाल लिया गया था। अंधेरा होने के चलते युवक का कुछ पता नहीं चला। आज शव को पानी से बाहर निकाला गया। मामले की छानबीन की जा रही है।

## बॉयफ्रेंड ने दूसरे प्रेमी को गर्लफ्रेंड की न्यूड फोटो भेजी

### प्रेमिका ने बुलाया, पहले से तैयार था पेट्रोल, बोरी और रस्सी, दोनों ने मिलकर हत्या की



**नवादा।** डंपिंग यार्ड में बाइक के साथ मिले जले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बीते रविवार को प्रवीण कुमार का अधजला शव और उसकी बाइक मिली थी। पुलिस का दावा है कि प्रवीण की हत्या प्रेम-प्रसंग में हुई। प्रवीण की हत्या में उसकी गर्लफ्रेंड भवानी कुमारी, गर्लफ्रेंड का दूसरा प्रेमी सुधांशु कुमार और भवानी कुमारी का नाबालिग भाई शामिल था। तीनों ने मिलकर पहले प्रवीण को रूम पर बुलाया, जहां सुधांशु ने उसकी गला दबाकर हत्या की थी। हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर घर से 2 किलोमीटर दूर उसकी बाइक के साथ फेंककर पेट्रोल से जला दिया। भवानी कुमारी ने प्रवीण से रिश्ता तोड़ दिया था, लेकिन प्रवीण चाहता था कि वो उससे बात करे। जब दूसरे प्रेमी को इसकी जानकारी हुई तो उसने भवानी के मोबाइल से प्रवीण से चैट किया। इस दौरान प्रवीण ने कुछ आपत्तिजनक फोटो भेजी और वायरल करने की धमकी दी, जिसके बाद तीनों ने मिलकर मर्डर की प्लानिंग की। मामले में प्रवीण की प्रेमिका, उसके दूसरे प्रेमी और लड़की के नाबालिग भाई को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले की जानकारी एसपी अभिनव धीमान ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि 'स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के बाद रविवार को प्रवीण का जला हुआ शव नगर थाना क्षेत्र के खरीदी बिगहा में सड़क किनारे कचरे के ढेर से बाइक के साथ बरामद किया गया था। टीम ने जब इसकी जांच की तो पता चला कि प्रवीण कुमार का एक लड़की भवानी कुमारी से प्रेम प्रसंग था।' 'लोगों ने बताया कि कुछ दिन बाद प्रवीण की लड़की से बातचीत बंद हो गई और भवानी कुमारी दूसरे लड़के से बात करने लगी। वहीं, जब उसके प्रेम प्रसंग की जानकारी दूसरे प्रेमी सुधांशु कुमार को मिली तो उसने लड़की के साथ मिलकर प्रवीण कुमार को रूम पर बुलाया।' 'वहां उसकी पिटाई करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भरकर उसकी बाइक से 2 किलोमीटर दूर लेकर गए और पेट्रोल डालकर बाइक के साथ जला दिया।' एसटीएफ टीम ने जब घटनास्थल और शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला को एक के बाद एक राज खुलते चले गए। इसके बाद पुलिस ने सबसे पहले भवानी कुमारी फिर उसके दूसरे प्रेमी सुधांशु कुमार और उसके नाबालिग भाई को गिरफ्तार किया। भवानी कुमारी ने पूछताछ में बताया कि 3 साल पहले प्रवीण कुमार रोह थाना क्षेत्र में अपनी कोचिंग चलाता था।

इस दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। वहीं कुछ महीने बाद वह अपने भाई के साथ नवादा के न्यू एरिया स्थित एक किराए के मकान में रहने चली गई। कोचिंग से दूरी होने के कारण उसका प्रेम प्रसंग सुधांशु कुमार के साथ चलने लगा। इस बीच सुधांशु को उसके पहले प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया। वह प्रवीण कुमार से भवानी के वॉट्सऐप नंबर से चैटिंग करने लगा। प्रवीण कुमार ने चैटिंग के दौरान सुधांशु को भवानी की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें भेजी। इसके बाद सुधांशु को डर सताने लगा कि कही वह फोटो-वीडियो को वायरल न कर दे। इसलिए उसको झांसा देकर भवानी के कमरे में बुलाया और फिर हत्या कर दी। इस बीच प्रवीण रिश्ता जारी रखने के लिए फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी भी देता था। घटना के दिन सुधांशु ने भवानी की मदद से मैसेज और कॉल करके उसको बुलाया था। वह न्यू एरिया स्थित मकान में पहुंचा। वही पर तीनों लोगों ने घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि 'प्रवीण को बुलाने से पहले ही तीनों ने पेट्रोल, टेप, बोरा, रस्सी का इंतजाम कर लिया था। कमरे में आते ही सुधांशु, भवानी और उसके नाबालिग भाई ने मिलकर उसको रस्सी से बांधा और टेप से मुंह बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर उसके ही बाइक पर लादकर खरीदी बीघा लेकर गए और सबूत मिटाने के लिए पेट्रोल छिड़ककर जला दिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने अभियुक्तों की निशानदेही पर प्रवीण कुमार का जला हुआ मोबाइल, जला हुआ पैन कार्ड और पर्स को बरामद कर लिया है।'



# दूर का दिखाने वाली दूरबीन

चिड़िया देखना हो या फिर तारे। एक दूरबीन से दो काम बहुत अच्छे से हो सकते हैं। अपनी पॉकेट मनी बचाकर अगर ऐसी कोई चीज खरीदते हो तो वह जिंदगीभर काम आएगी। दूरबीन दूर की दुनिया को तुम्हारे पास ले आएगी। जाड़े के दिनों में तो प्रकृति को, पंछियों और तारों को दूरबीन से घंटों देखा जा सकता है। कौन जाने, एक दूरबीन तुममें भी वैसी ही कुछ रुचि पैदा कर दे या फिर गैलीलियो की तरह तुम भी अपनी दूरबीन के कारण अपने दोस्तों में पहचाने जाओ। जन्मदिन पर तुम पापा-मम्मी से कोई बड़ी चीज मॉंगने के बजाय दूरबीन की जिद भी कर सकते हो। उन्हें भी दूरबीन दिलाने में कोई परेशानी नही होगी। दूरबीन से देखने पर नई दुनिया खुल जाती है। दूर की कौड़ी को पास लाने वाली दूरबीन अगर तुम्हारी दोस्त बन जाए तो क्या बात है। तो ले आओ दूर की चीजों को पास, एक दूरबीन के साथ।



## सॉँप-सीढ़ी खेल की शुरुआत किस देश में हुई?

बच्चों के पसंदीदा इस खेल की शुरुआत प्राचीन भारत में हुई है। पहले इसे मोक्षपत और मोक्षपतामु कहा जाता था। इसकी शुरुआत कब हुई इसका ठीक-ठीक समय तो पता नहीं पर माना जाता है यह खेल ईसा के जन्म के भी दो सौ सालों पहले से खेला जा रहा है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि ईसा के 1300 साल बाद संत ज्ञानदेव ने इसकी शुरुआत की। इस खेल के जरिए बच्चों को यह सिखाया जाता था कि अगर वे अच्छा काम करते हैं तो वे आगे बढ़ेंगे। भारत में जो खेल चलता था उसमें सॉंप के मुकाबले सीढ़ियों की संख्या कम होती थी। फिर यह खेल इंग्लैंड पहुँचा और वहॉं कुछ बदलाव के साथ यह स्नेक एंड लेडर्स के तौर पर पहचाना जाने लगा। यहॉं से खेल में जितने सॉंप हो गए उतनी ही सीढ़ियॉं हो गई। 1943 से यह खेल अमेरिका में भी खेला जाने लगा।

# कैटरपिलर

कैटरपिलर का मतलब इल्ली होता है। जितनी भी तितलियॉं या मोथ हैं सभी के अंडे से पहले इल्ली बनती है। धीरे-धीरे यह कैटरपिलर बड़ी होती है और बटरफ्लाय में चेंज हो जाती है। कैटरपिलर में स्पेशल ग्लैंड होती है जिसकी सिकरिशन से वे सिल्क बनाती हैं। कैटरपिलर के सिर पर 12 छोटी-छोटी ऑंखें होती हैं जिसे 'ओसिली' कहा जाता है। इसके सिर पर दो जोड़ी जबड़े भी जुड़े रहते हैं, जो मेंडीबल्स कहलाते हैं।
इसकी स्किन स्ट्रेचेबल नही होती है इसलिए जैसे ही इसका साइज बढ़ता है इसकी स्किन टूटती जाती है। कैटरपिलर के आगे के तीन जोड़ी पैर को थोरेसिक लेग कहा जाता है और ये चलने और पकड़ने का काम करते हैं। इसकी बॉडी 13 सेगमेंट में बँटी हुई होती है। सभी इंसेक्ट की तरह यह भी शरीर पर मौजूद छेदों से सॉंस लेते हैं। इन छेदों को स्पाइरेकल कहा जाता है। इसके पीछे के पैरों को प्रोलेग कहा जाता है। इन पैरों से वह पौधों की डालियों को पकड़ने का काम करता है।
ज्यादातर कैटरपिलर का कलर हरा होता है ताकि वे आसानी से पत्तियों में छुपे रहें। इनका मुख्य खाना ही पत्तियॉं होती हैं। लेकिन कुछ कैटरपिलर बहुत सुंदर होते हैं। जैसे कैबेज व व्हाइट कैटरपिलर पर बहुत ही सुंदर स्पाट होते हैं। टाइगर मोथ एकदम लाल रंग का होता है। पस मॉथ का शेप एकदम अलग ढंग का होता है। एम्प्ररर मॉथ हरे रंग का बहुत सुंदर कैटरपिलर होता है। वैसे तो मॉथ के सभी कैटरपिलर सिल्क बनाते हैं, लेकिन जो सबसे अच्छी क्वालिटी का सिल्क देता है उसे सिल्क वर्म कहा जाता है।





# आलसी जानवरों की दुनिया

दोस्तों, तुम 6-8 घंटे जरूर सोते होगे, जिसके बाद फ्रेश होकर अपने काम में जुट जाते होगे। तुमने अपने पेट्स और आसपास रहने वाले जानवरों को भी रात भर सोते हुए देखा होगा। यही नहीं, अगर मौका मिले तो वे दिन में भी सो जाते हैं, ऊंघते रहते हैं या आलसी बनकर पड़े रहते हैं। लेकिन क्या तुम दुनिया के ऐसे जानवरों के बारे में जानते हो, जो पूरे दिन का 60-80 प्रतिशत से भी अधिक समय सोने में खर्च करते हैं। यानी कई जानवर दिन भर में 16-22 घंटे सोते रहते हैं। इनमें कुछेक को छोड़ कर सभी आलसी होते हैं। वे खाते-पीते हैं और अपने जरूरी काम धीरे-धीरे निपटाकर दोबारा सो जाते हैं। तुम ऐसे जानवरों को लेजी, सोतूराम या आलसीराम नहीं कहोगे क्या? लेकिन ऐसा कर ये जानवर एक तो शिकारियों से अपना बचाव करते हैं, साथ ही लंबे समय तक अपनी एनर्जी भी बचाए रखते हैं।

## शेर



तुम्हें यह अटपटा जरूर लगेगा कि ताकतवर और जंगल का राजा शेर भी अधिक सोने वाले जानवरों की क्षेणी में आता है। यह अलग बात है कि नर शेर आलसी या कमजोर बिल्कुल नही हैं। ताकत से भरपूर और एक्टिव होने के कारण ही ये जंगल के दूसरे जानवरों पर अपना दबदबा बनाए रखते हैं। शिकार करके नर शेर के खाने-पीने का इंतजाम करने का जिम्मा भी जब मादा शेरनी का होता है तो ये दिन में 18-22 घंटे ऊंघने के अलावा करते ही क्या हैं। कभी-कभी तो ये नर शेर दिन में 24 घंटे सोते रहते हैं।

## कोआला




ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले कोआला आलसी जानवरों में पहले स्थान पर हैं। ये ज्यादातर नीलगिरी के पेड़ों पर समूह में रहते हैं और आसानी से उपलब्ध नीलगिरी के पत्ते, फल-फूल, पेड़ की छाल खाकर पेट भरते हैं। खाना ढूंढ़ने के लिए उन्हें कहीं जाने की भी जरूरत नही पड़ती। फाइबर से भरपूर ये पत्ते कोआला को ऊर्जा प्रदान करते हैं। कोआला नीलगिरी के पेड़ों पर बैठे-बैठे दिन में 22 घंटे सोते रहते हैं।

## आर्माडीलो



ये एक दिन में 18-20 घंटे तक सोते हैं। अकेले रहने वाले आर्माडीलो रात के समय एक्टिव होते हैं और दिन में अपने बिल के अंदर जहां तक होता है, क्रॉल करते रहते हैं। ये कमजोर नजर वाले होते हैं। सूंघ कर अपने भोजन की तलाश करते हैं।

## स्लोथ



दक्षिण और मध्य अमेरिका में पाए जाने वाले स्लोथ बहुत धीमी गति से अपने काम करते हैं। जमीन पर चलते और पेड़ पर चढ़ते वक्त ये एक मिनट में सिर्फ 15-20 सेमी ही आगे बढ़ पाते हैं। ये इतने आलसी होते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है, इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। स्लोथ दिन में अपने हाथों से पेड़ों की शाखाओं को घेरकर उलटे लटके रहते हैं। ऐसे ही ये लटके हुए 20 घंटे तक सोते रहते हैं।

## ब्राउन बैट



ये उत्तरी अमेरिका में पाए जाते हैं। उलटे लटकने वाले ब्राउन बैट दिन में 20 घंटे सोते रहते है और रात को एक्टिव होते हैं।

## गिलहरी




गिलहरी कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा से भरपूर खाना खाती है, जिससे इसे नींद ज्यादा आती है। ये टहनियों, पत्तों, फर और पंखों जैसी नरम चीजों से बनाए घोंसले में रहती है और दिन में करीब 14 घंटे सोती है।

## आउल मंकी



ये दक्षिण और मध्य अमेरिका के जंगलों में पाए जाते हैं और समूह में रहते हैं। आउल मंकी एक दिन में 17 घंटे सोते रहते हैं। ये रात के समय एक्टिव रहकर अपने सारे काम निपटा लेते हैं।



## दरियाई घोड़े

अफ्रीका में पाए जाने वाले हिप्पो ऊंघने में मास्टर होते हैं। समूह में रहने वाले हिप्पो दिन के समय गर्मी से बचने के लिए पानी के नीचे या जमीन पर, जहां भी मौका मिलता है, झपकी ले लेते हैं। अपने समूह के साथ हिप्पो बेखौफ होकर दिन में 18-20 घंटे सोते हैं।

## प्यारा और अनूठा शेवट्रेन

शेवट्रेन ऐसा जीव है, जिसका शरीर हिरन की तरह और मुंह चूहा जैसा होता है। अलग-अलग देशों के लोग इसे अलग-अलग नामों से बुलाते हैं। यह दक्षिण भारत के अलावा एशिया और अफ्रीका के विभिन्न जंगलों में पाया जाता है। इसे आर्द्र जलवायु ज्यादा भाती है। यही कारण है कि यह वर्षावनों में ज्यादा पाया जाता है। शेवट्रेन या पिसूरी चूहे की शक्ल का जीव है, पर इसका शरीर हिरन जैसा होता है। इसलिए लोग इसे माउस डियर कहते हैं। एशिया में पाए जाने वाले माउस डियर अफ्रीकी माउस डियर से हल्के और छोटे होते हैं। एशियाई माउस डियर आठ किलोग्राम तक के होते हैं। वहीं, इसकी अफ्रीकी प्रजाति का वजन 16 किलोग्राम तक होता है। यह पूरी तरह शाकाहारी होता है और पौधों के मुलायम पत्ते व पेड़ से गिरे फलों को खाता है। इसके शरीर के निचले हिस्से पर हिरन के जैसी ही धारियां भी बनी होती हैं। इसके कान छोटे-छोटे होते है। यह बहुत ही डरपोक होता है, पर विरोधी कमजोर हो, तो हमला भी कर देता है। शेवट्रेन नाम फ्रेंच से लिया गया है, जिसका मतलब 'छोटी बकरी' होता है। तेलुगु में इसे जारिनी पंडी, मलयालम में खूरान और कोंकणी में इसे बरिंका कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार इस जीव की खोज नव पाषाण काल में हुई। इसके पेट की संरचना बाकी जीवों से थोड़ी अलग होती है। इसके पाचन प्रक्रिया के लिए चार अलग-अलग चेंबर होते हैं। भोजन बारी-बारी से हर चेंबर से होकर गुजरता है, जहां पौष्टिक तत्वों का अवशोषण होता है। मादा एक बार में एक ही बच्चा देती है. इस कारण इनकी संख्या बहुत ही कम है। इनके पैर पतले होते हैं और खुर गाय जैसे, पर काफी छोटे होते हैं। इन्हें सींग नहीं होता, पर नर का जबड़ा काफी मजबूत होता है और जरूरत पड़ने पर इससे वह दुश्मनों पर हमला भी करता है। ये समूह में रहने के बजाय जोड़ी में रहना पसंद करते हैं। ये बच्चों का देखभाल 2-3 माह तक ही करते हैं। 10 माह में इनके बच्चे वयस्क की भूमिका निभाने और प्रजनन के लिए तैयार हो जाते हैं।





# इनक्यूबेटर का कमाल

**आर्यन और प्रफुल्ल दोनों भाइयों की साइंस में विशेष रुचि थी। साइंस की उन्हें काफी जानकारी भी थी। स्कूल से लौटकर आने के बाद भी वे दोनों कभी साइंस की कोई मैगजीन पढ़ते रहते तो कभी साइंस से जुड़ी कोई वेबसाइट देखते रहते। उनकी कॉलोनी में रहने वाले लोग अकसर उनके पापा से कहते, 'देख लीजिएगा श्याम जी! आपके बेटे एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनेंगे।'**

लोगों के ऐसा कहने की वजह यह थी कि उन्होंने कई बार आर्यन और प्रफुल्ल को साइंस की मदद से समस्याओं के काफी रोचक समाधान निकालते देखा था। आज भी उनके पास एक ऐसी समस्या आ गई थी। दरअसल सुबह जब वे स्कूल बस के आने का इंतजार कर रहे थे तब उनकी कॉलोनी में रहने वाले एक अंकल उनके पास आए और कहने लगे, 'मैं एक मुश्किल में फंस गया हूं। मुझे लगता है कि उसका समाधान तुम दोनों निकाल सकते हो। क्या तुम मेरी मदद करोगे?'
'क्या हुआ अंकल, आप बताइए। अगर संभव हुआ तो हम आपकी परेशानी का हल जरूर निकालेंगे।' आर्यन बोला।
'थैंक्यू बच्चो! मुझे तुमसे यही उम्मीद थी। अब मेरी समस्या सुनो- मेरे पास एक मुर्गी है, जिसे मैंने बड़े प्यार से पाला है। कल वह घर के बाहर घूमते-घूमते अचानक सामने वाले घर में चली गई और लोहे के कंटीले तारों में फंसकर जख्मी हो गई। कल ही उसने दो अंडे दिए हैं। अंडों में से चूजों के बाहर आने में अभी समय है और मुर्गी अभी ऐसी हालत में नहीं है कि उन्हें गर्मी देकर से सके। क्या अंडों को सेने का कोई और तरीका हो सकता है? मैं चाहता हूं कि दोनों चूजे अंडों से बाहर निकलने के बाद पूरी तरह स्वस्थ हों और तब तक मुर्गी की हालत भी सुधर जाए।'
आर्यन और प्रफुल्ल ने एक पल के लिए कुछ सोचा और एक-दूसरे की तरफ देखकर दोनों के मुंह से निकला- 'इनक्यूबेटर' फिर वे दोनों बोले, 'अंकल आपका काम हो जाएगा। हमें शाम तक का समय दीजिए। आपके चूजे भी सही सलामत रहेंगे और मुर्गी भी।' यह सुनते ही कॉलोनी वाले अंकल के चेहरे पर मुस्कान आ गई।
स्कूल से घर वापस आते ही दोनों भाइयों ने खाना खाया और इनक्यूबेटर बनाने में लग गए। सबसे पहले आर्यन ने थर्मोकॉल का एक चौकोर डिब्बा बनाया, जिसे खोला भी जा सके। इसके बाद प्रफुल्ल ने उसके अंदर चारों तरफ रुई की मोटी पर्त बिछा दी ताकि उसके अंदर अंडों को सेने के लिए जरूरी गर्मी बनी रहे। दोनों भाइयों ने बायोलॉजी के पाठ इनक्यूबेटर में पढ़ा था कि मुर्गी के अंडों को सेने के लिए 99 से 102 डिग्री के आस-पास के तापमान की जरूरत होती है। दोनों ने इसके लिए उस डिब्बे का तापमान मापने के लिये उसमें तापमान मानक यंत्र के रूप में थर्मामीटर रख दिया। फिर डिब्बे के अंदर एक साफ मुलायम कपड़ा बिछाया। साथ ही उस डिब्बे में ऊपर से एक छेद करके उसमें बिजली का एक तार लटकाया। बिजली के उस तार के एक कोने में प्लग लगाया और तार के दूसरे कोने को बॉक्स में लटकाकर उसके अंदर होल्डर लगाया। होल्डर में एक बल्ब फिट किया और उसे जला दिया ताकि उसके जलने से डिब्बे में जरूरत के हिसाब से तापमान बना रहे। इसके बाद दोनों ने उसका तापमान थर्मामीटर से मापकर देखा तो वह उतना ही था, जितने की उन्हें जरूरत थी। अब उनका इनक्यूबेटर मुर्गी के अंडे सेने के लिए तैयार था।
शाम को आर्यन और प्रफुल्ल इनक्यूबेटर लेकर मुर्गी वाले अंकल के घर गए। वहां उन्होंने उसे सेट करके उसमें दोनों अंडों को रख दिया। साथ ही उन्होंने अंकल से कहा,'इन अंडों में से चूजे निकलने में 21-23 दिन का समय लगेगा। हम बीच-बीच में आकर इसे चेक करते रहेंगे। अब हम चलते हैं और आप भी अब निश्चिंत होकर अपनी मुर्गी का इलाज करवाइये।
घरेलू इनक्यूबेटर में अंडों के सेने का इंतजाम असर दिखा रहा था। 21वें दिन आर्यन और प्रफुल्ल को अंडों में कुछ हलचल सी दिखी। यह देखकर वे दोनों बहुत खुश हुए। 23वें दिन अंडे का छिलका टूटा और उसके अंदर से दो प्यारे-प्यारे चूजे बाहर आए। उन्हें देखकर सब तालियां बजाने लगे। कॉलोनी में रहने वाले लोग आर्यन और प्रफुल्ल को बधाई दे रहे थे।
आर्यन और प्रफुल्ल की खुशी का ठिकाना नहीं था। अगले दिन उन दोनों के स्कूल में प्रिंसिपल सर ने दोनों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'आर्यन और प्रफुल्ल हमारे स्कूल के नंबर वन बाल वैज्ञानिक हैं। ये सिर्फ परीक्षा में पास होने के लिए ही पढ़ाई नहीं करते, बल्कि उसे अमल में भी लाते हैं। आज स्कूल के सभी छात्र इन दोनों के लिए तालियां बजाएंगे।' सर का इतना कहना था, सारे बच्चों ने प्रफुल्ल और आर्यन के लिए जोरदार तालियां बजाई। इससे दोनों का हौसला और बुलंद हो गया। दोनों ने सोच लिया था कि वे थॉमस अल्वा एडीसन, गैलीलियो और आइंस्टीन के बारे में केवल एग्जाम में ही नहीं लिखेंगे, बल्कि उनकी तरह बन कर दिखाएंगे और अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



# संजू सैमसन और तिलक के धमाकेदार शतक, साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने जीती 3-1 से सीरीज

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** भारत ने संजू सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 138 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की। सैमसन (नाबाद 109) और वर्मा (नाबाद 120) के बीच दूसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 210 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। अर्शदीप सिंह (20 रन देकर तीन विकेट) के शानदार शुरूआती स्पैल की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 10 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे और फिर पूरी टीम 18.2 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा।

सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में बनी 210 रन की साझेदारी भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही। हैदराबाद के 22 वर्षीय तिलक ने महज 47 गेंद में नौ चौके और 10 छक्के जड़े जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस युवा प्रतिभा को मौका देने के लिए अपने पसंदीदा बल्लेबाजी स्थान को छोड़ने का फैसला किया जो उनकी नेतृत्व क्षमता दिखाता है। पहले मैच में शानदार शतक जड़ने वाले सैमसन ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी शतकीय पारी में छह चौके और नौ छक्के जमाये। वर्मा के साथ मिलकर सैमसन ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की धुनाई की।

तीसरे नंबर पर वर्मा आत्मविश्वास और जोश से भरे दिखे। सैमसन ने पिछली पांच पारियों में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े हैं जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल हैं जबकि वर्मा ने लगातार दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत ही काफी खराब हुई, उसने तीसरे ओवर में 10 रन पर चार विकेट खो दिये थे। इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए बल्लेबाजों का दबाव में आना लाजमी था।

दक्षिण अफ्रीका ने पारी की तीसरी गेंद पर अपने सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स का विकेट गंवाया जो अर्शदीप सिंह का पहला शिकार हुए। दूसरे ओवर में आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने रेयान रिकेल्टन को पवेलियन भेज दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 10 रन के स्कोर पर ऐडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन के विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर 10 विकेट पर चार रन था।

ऐसी शुरूआत के बाद दक्षिण अफ्रीकी पारी के जल्दी समाप्त होने की उम्मीद थी लेकिन टीम 18.2 ओवर तक खेलने में सफल रही। उसके लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 43 रन, डेविड मिलर ने 36 और मार्को यानसेन ने नाबाद 29 रन बनाये। भारत के लिए अर्शदीप के तीन विकेट के अलावा वरूण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो दो विकेट झटके।

इससे पहले सैमसन 51 गेंद में छह चौके और आठ छक्के से 100 रन पूरे किये और वर्मा ने अपना सैकड़ा पूरा करने के लिए 41 गेंद खेलीं जिसमें छह चौके और नौ छक्के शामिल थे। अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 36 रन) को भी पावरप्ले में चार बड़े छक्के जड़कर पारी को लय देने का श्रेय मिलना चाहिए। बल्लेबाजी के लिए




अच्छी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड 23 छक्के लगाए।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्फ कोएत्जी चोटिल दिख रहे थे जिससे उन्हें गेंदबाजी में परेशानी हो रही थी और इससे भारत को फायदा ही हुआ। दोनों बल्लेबाजों ने मध्यम गति के गेंदबाज एंडिले सिमेलाने और लूथो सिपामला को खूब धुना। जब तक कप्तान एडेन मार्करम ने कोएट्जी को दूसरे स्पैल के लिए लगाया तब तक भारतीय बल्लेबाज अपना काम कर चुके थे। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हड़बड़ाहट में लगाम कसने के लिए 17 वाइड गेंद फेंक दी।

केशव महाराज और ट्रिस्टन स्टब्स भी दोनों बल्लेबाजों के कोप से नहीं बच सके जिनके खिलाफ दोनों ने कट, पुल, स्लॉग स्वीप, रिवर्स स्वीप जैसे सभी शॉट लगाये। मैदान का कोई भी कोना ऐसा नहीं था जहां इन दोनों भारतीयों ने स्ट्रोक्स नहीं लगाये हों। बल्कि सैमसन का एक शॉट एक महिला दर्शक के गाल पर लगा जिससे वह दर्द से रो रही थी और टीवी कैमरों ने इसे कैमरे पर उतार लिया।

## नेशंस लीग : रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की पोलैंड पर बड़ी जीत



**चेन्नई (एजेंसी)।** मैड्रिड – स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।

इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है। यूईएफए उचित समय पर आगे की जानकारी देगा।% ग्रुप ए4 में पहले ही अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुके स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद ओवरहेड किक पर गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर गदगद हुए वीवीएस लक्ष्मण... तुम पर गर्व

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी 20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष बताया है। भारत ने चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की श्रृंखला 3-1 से जीती। इस श्रृंखला में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। लक्ष्मण ने पोस्ट किया कि जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया। वहीं गेंदबाजी के क्षेत्र वरुण का प्रदर्शन असाधारण रहा। पूरी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया और एक दूसरे की सफलता का आनंद उठाया, उससे मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इस यादगार जीत के लिए बधाई। कप्तान सूर्यकुमार ने भी श्रृंखला में जीत को विशेष बताया। उन्होंने अपने साथियों को संबोधित कर कहा, 'शाबाश मेरे साथियों, हर किसी को बधाई। हर कोई जानता है कि विदेशों में श्रृंखला जीतना कितना मुश्किल है। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। प्रत्येक खिलाड़ी को श्रेय जाता है।

## करनाली याक्स टीम से जुड़े शिखर धवन, फिर लगाएंगे मैदान पर छक्के-चौके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन फिर से क्रिकेट मैदान पर चौके छक्के लगाते नजर आएंगे। धवन करनाली याक्स टीम में शामिल हो गए हैं। वह नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) के उद्घाटन सत्र में खेलते नजर आएंगे। उनका यह फैसला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) द्वारा उन्हें 2025 मेगा-नीलामी से पहले रिलीज करने के बाद आया है। आईपीएल 2024 में शिखर धवन ने पांच मैचों में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया और 125.62 की स्ट्राइक रेट से 152 रन बनाए थे। घायल होने के बाद वह नहीं खेल पाए थे।

करनाली याक्स ने धवन से जुड़ाव का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा- करनाली याक्स नेपाल प्रीमियर



लीग में गब्बर की प्रचंड ऊर्जा शिखर धवन ला रहे हैं! अपने आप को संभालो क्योंकि गब्बर आ गया है। इससे पहले अगस्त में शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अपने फैसले की घोषणा करने के लिए एक भावनात्मक संदेश में धवन ने अपने शानदार करियर पर पर्दा डाला। उन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन वनडे उनकी खासियत थी। उन्होंने 167 वनडे में 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं।

टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने मुरली विजय के साथ शानदार खेल खेला है। धवन ने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर में सात शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे। टी20ई प्रारूप में धवन ने 68 मैच खेले और 27.9 की औसत से 1,759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। घरेलू सर्किट में, धवन ने 122 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच खेले और 44.26 की औसत से 8,499 रन बनाए, जिसमें 25 शतक और 29 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## आईसीसी का ऐलान, चैंपियंस ट्रॉफी 15-26 जनवरी तक भारत के शहरों में करेगी भ्रमण

दुबई । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर इस्लामाबाद से शुरू होगा। ट्रॉफी को शहर के प्रसिद्ध स्थलों जैसे दमन-ए-कोह, फैसल मस्जिद और पाकिस्तान स्मारक में भी प्रदर्शित किया जाएगा, इसमें दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भी मौजूद रहने वाले है। ट्रॉफी टूर हर बड़े आईसीसी इवेंट से पहले एक प्रमोशनल इवेंट होता है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा घोषणा करने के बाद यह एक बड़े विवाद में फंस गया कि स्कार्दू, मुरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान, जो कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आते हैं, चैंपियंस ट्रॉफी टूर सूची में शामिल किए गए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा कड़ी आपत्ति जताने बाद आईसीसी द्वारा घोषित ट्रॉफी टूर कार्यक्रम में केवल मुरी को रखा गया है, जबकि 25 नवंबर तक पाकिस्तान संस्करण की यात्रा के लिए तक्षशिला, खानपुर, एबटाबाद, नथिया गली और कराची जैसे स्थानों को सूची में रखा गया है। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, सभी भाग लेने वाले देशों में प्रदर्शित किए जाने वाली विजेता ट्रॉफी से खेल के उत्साही प्रशंसकों को प्रतिष्ठित ट्रॉफी के करीब होने का अविस्मरणीय अनुभव मिलेगा। ट्रॉफी 26-28 नवंबर तक अफगानिस्तान का दौरा करेगी, फिर 10-13 दिसंबर तक बांग्लादेश और 15-22 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगी। इसके बाद 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया में रहेगी और उसके बाद 6-11 जनवरी तक न्यूजीलैंड जाएगी।

## फिर पिता बने रोहित शर्मा... पत्नी ने दिया बेटे को जन्म



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा फिर से पिता बने हैं, उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। 15 नवंबर को रितिका ने बेटे को जन्म दिया। यह खुशखबरी प्रशंसकों के बीच तेजी से फैल रही है, हालांकि दंपति ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। रोहित और रितिका ने 13 दिसंबर 2015 को शादी की थी और उनके परिवार में पहले से एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। रोहित ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए पितृत्व अवकाश लिया है। वर्तमान में भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी कर रही है, लेकिन रोहित ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दी है। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया कि रोहित की पहले टेस्ट में भागीदारी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि अगर घर पर सब कुछ ठीक रहा, तब वह टीम में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित ने मुंबई में नेट्स पर अभ्यास जारी रखा है, ताकि वह महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तैयार रहें। प्रशंसक इस समय सोशल मीडिया पर दंपति को बधाइयाँ देने में जुटे हैं और रोहित के जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके बेटे के जन्म ने क्रिकेट जगत और उनके चाहने वालों के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। रोहित शर्मा का यह कदम फिर दर्शाता है कि वह एक जिम्मेदार पिता और पति के साथ-साथ एक समर्पित खिलाड़ी भी हैं।

## भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत ने सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज गोयत ने शुक्रवार को टेक्सास के अर्लिंग्टन स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में जेक पॉल बनाम माइक टायसन नेटफ्लिक्स इवेंट के अंडरकार्ड सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया।

डब्ल्यूबीसी रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज ने छह राउंड की गैर-टाइटल लड़ाई में 60-54 के व्यापक अंतर से सर्वसम्मत निर्णय से अपना मुकाबला जीता। यह भारतीय मुक्केबाज का एकतरफा मुकाबला था, जिसने पूरे मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।

भारत के 33 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी जीत पिछले साल दूसरे दौर में फाकोर्न ऐम्योद पर तकनीकी नॉकआउट (टीकेओ) से जीत के रूप में आई थी।

उनके प्रतिद्वंद्वी, नून्स ने हाल ही में मिसफिट्स बॉक्सिंग प्राइम कार्ड में नाथन बार्टलिंग से हारकर अपना पेशेवर पदार्पण किया। ब्राजीलियाई मुक्केबाज केवल प्रदर्शनी मैचों में ही दिखाई दिए हैं। उनका मुकाबला टायसन और पॉल के बीच बड़े मुकाबले से पहले पांच अंडरकार्ड मुकाबलों में से अंतिम था।

## जेक पॉल ने दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन को हराया



नई दिल्ली । युवा यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जेक पॉल ने शुक्रवार रात 58 वर्षीय पूर्व हेवीवेट चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन पर सर्वसम्मति से जीत हासिल की। जजों के अनुसार मुकाबला करीबी नहीं था, एक ने पॉल को 80-72 की बढ़त दी, जबकि अन्य दो ने इसे 79-73 बताया। टायसन शुरुआती घंटी बजने के तुरंत बाद पॉल के पीछे आए और कुछ तेज़ मुक्के मारे, लेकिन बाकी समय उन्होंने कुछ और करने की कोशिश नहीं की। यह लगभग 20 वर्षों में टायसन का पहला स्वीकृत पेशेवर मुकाबला था, जहां उनका सामना एक नौसिखिए मुक्केबाज से था। टायसन के शुरुआती सेकंड में तेज धमाके के बाद पॉल अधिक आक्रामक हो गए, लेकिन मुक्के बहुत प्रभावी नहीं थे। कई बार उन्होंने बेतहाशा वार किए और चूक गए, हालांकि इसके बाद भी उन्होंने अंत में जीत दर्ज की। यह टायसन के लिए 2005 के बाद से पहली स्वीकृत लड़ाई थी, जबकि पॉल ने चार साल से थोड़ा अधिक समय पहले लड़ना शुरू किया था। यह मुकाबला मूलत : 20 जुलाई को होना था, लेकिन उड़ान के दौरान बीमार पड़ने के बाद पेट के अल्सर के उपचार के लिए टायसन को ले जाया गया, जिसके कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

## भारत/ऑस्ट्रेलिया : शुभमन गिल के लगी गंभीर चोट, पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर

**नई दिल्ली/पर्थ (एजेंसी)।** भारत को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब शीर्ष क्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्ष क्रम कमजोर दिख सकता है।

टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराए गए अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी। वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र के अनुसार गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है इसलिए इस स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए शुरुआती मैच के लिए समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा।

अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है। पर एडिलेड में दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू हो रहा है तो संभावना है कि वह उस मैच के लिए समय पर फिट हो जाएंगे। गिल की अनुपस्थिति राष्ट्रीय टीम के लिए बहुत मुश्किल भरी हो सकती है क्योंकि वह तीसरे नंबर के लिए अहम बल्लेबाज हैं और रोहित की अनुपस्थिति में उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत कराने के लिए विचार किया जा सकता था।

वहीं लोकेश राहुल को भी टीम के अभ्यास मैच के शुरुआती दिन प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट गेंद से कोहनी में चोट लगी है और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहुल के चोट वाले हिस्से पर 'आइसिंग' की जरूरत पड़ी और वह शनिवार को अभ्यास के दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि ऐसा एहतियात के तौर पर किया गया। अगर गिल अनुपस्थित रहते हैं तो अभिमन्यु ईश्वरन को टेस्ट पदार्पण का मौका मिल सकता है क्योंकि भारत के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हालांकि बेटे के पिता बने कप्तान रोहित शर्मा अगर तीन दिन की ट्रेनिंग के लिए टीम में शामिल होने का फैसला करते हैं तो कहानी अलग होगी।

मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में 43.2 से अधिक ओवर गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए हैं और 37 रन बनाए हैं। इससे निश्चित है कि वह दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ने जा रहे हैं। अभ्यास मैच का आखिरी दिन रविवार को होगा जिसके बाद रिजर्व खिलाड़ियों को छोड़कर भारत ए की टीम भारत वापस आ जाएगी और खिलाड़ी सैयद मुश्ताक अली




ट्रॉफी के लिए अपने राज्य की टीमों से जुड़ेंगे। इसके बाद मुख्य टीम पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम जाएगी जहां वह शुक्रवार से शुरू होने वाले टेस्ट में उतरने से पहले मंगलवार से गुरुवार तक तीन नेट सत्र में हिस्सा लेगी।

## केएल राहुल की वापसी का लक्ष्य : आईपीएल में प्रदर्शन से नई राह की उम्मीद

पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) । खराब फॉर्म के बावजूद भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने तीनों प्रारूपों में खेलने की अपनी महत्वाकांक्षा को दोहराया है। आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को वह टी20 टीम में वापसी का जरिया मान रहे हैं। राहुल, जिन्होंने 2022 से अब तक टेस्ट में संघर्ष किया है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में ओपनिंग का मौका मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। राहुल ने कहा, 'मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता हूं। पिछले कुछ समय से मैं टी20 टीम से बाहर हूं, लेकिन मुझे पता है कि वापसी के लिए क्या करना है। आईपीएल के नए सत्र का इंतजार कर रहा हूं ताकि अपने प्रदर्शन से टी20 टीम में फिर से जगह बना सकूं।' राहुल का हालिया फॉर्म चिंता का विषय रहा है। उन्होंने 2022 से 12 टेस्ट मैचों की 21 पारियों में केवल 514 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 25.7 रहा। इसके बावजूद राहुल ने जोर देकर कहा कि वह व्यक्तिगत आंकड़ों की बजाय टीम के लिए खेलने को प्राथमिकता देते हैं। राहुल ने कहा, 'हमेशा से मेरी प्राथमिकता टीम रही है। व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम के लिए योगदान देना मायने रखता है। अगर मैं टेनिस खेल रहा होता, तो स्थिति अलग होती, लेकिन क्रिकेट में टीम के लिए अलग-अलग भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं।' राहुल का मानना है कि आईपीएल उनके लिए मंच प्रदान करेगा, जहां वह अपने फॉर्म को सुधारकर राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की कर सकते हैं। भारतीय टीम में वापसी के लिए राहुल के पास आईपीएल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी खुद को साबित करने का मौका होगा। अगर रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर रहते हैं, तो राहुल के पास पारी की शुरुआत का मौका होगा। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन के सामने चयन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। राहुल के लिए यह सीजन बेहद महत्वपूर्ण है, जहां उनका प्रदर्शन उनके भविष्य का रास्ता तय कर सकता है। टीम में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर उन्होंने जो समझ दिखलाई है, उससे उनकी वापसी की संभावनाएं मजबूत हो सकती हैं।

## पंत का दुर्घटना की चोट से उबरना चमत्कार था, मुझे लगा था कि वह कभी नहीं खेल पायेंगे: शास्त्री

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भीषण कार दुर्घटना के बाद जब विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अस्पताल में देखा था तब उनके क्रिकेट भविष्य को लेकर अनिश्चित थे। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज के चोट से उबरने को 'चमत्कार' करार दिया। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने के बाद दलीप ट्रॉफी से लाल गेंद प्रारूप में सफल वापसी की थी। वह बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। शास्त्री ने 'न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, अगर आपने उसे देखा होता तो आप उससे दोबारा क्रिकेट खेलने की उम्मीद नहीं करते।''

भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, ''मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा। वह बहुत पीड़ादायक स्थिति में था। उसके चोटिल होने के एक महीने बाद मैं उसे अस्पताल में देखने गया था। उसे काफी चोट लगी थी और पूरे शरीर पर चोट के निशान थे।'' शास्त्री ने कहा, ''उसका एक बड़ा ऑपरेशन हुआ था और हर जगह टांके लगे थे। उस स्थिति से ठीक होकर क्रिकेट खेलना एक चमत्कार है। फिर आगे बढ़ना और विश्व कप विजेता टीम में खेलना और टेस्ट टीम का हिस्सा बनना वास्तव में एक बड़ी और उल्लेखनीय उपलब्धि है।''

भारतीय टीम 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में है और इस देश में पंत का औसत 62 का है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरे में टीम की सफलता में शानदार भूमिका निभाई थी। सड़क दुर्घटना की चोट से वापसी करने के बाद से पंत शानदार लय में है। शास्त्री ने कहा, '' वह शानदार लय के साथ ऑस्ट्रेलिया आया है। वह ऐसा खिलाड़ी जिसका खौफ ऑस्ट्रेलिया की टीम में है। जब वह अस्पताल में था तब हालांकि इस बात की बेहद कम संभावना था कि वह इस दौरे का हिस्सा बनेगा।'' शास्त्री ने कहा, ''अब जब आप उनसे बात करते हैं तो खेल के प्रति उनके मन में सम्मान और भी बढ़ जाता है। अपनी वापसी के बाद से वह इस खेल को और अधिक महत्व देता है। मैंने उसे टेस्ट क्रिकेट के मुताबिक फिटनेस हासिल करने के लिए काफी कड़ी मेहनत करते हुए देखा है।'' पंत दिसंबर 2022 में नयी दिल्ली से अपने गृह नगर रुड़की लौटते समय कार दुर्घटना में घायल हो गए थे।



## एक और बाघ की मौत, संकट में आ जाएगा मध्यप्रदेश का टाइगर स्टेट का दर्जा

**–बाघ की मौत ने वन विभाग की लापरवाही उजागर की**

भोपाल। मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग को हिल कर रख दिया है। दक्षिणी वन मंडल में एक बाघ की मृत अवस्था में प्राप्त हुई, जिसकी मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम से चला। रिपोर्ट के अनुसार, बाघ को चोट लगने के कारण शिकार करने में असमर्थ हो गया था, और वह कई दिनों तक इधर-उधर भटकता रहा। बाघ ने जंगल में भोजन की तलाश की, लेकिन अंतत- भोजन नहीं मिलने पर अपनी जिंदगी खो दी। यह घटना विशेष रूप से चिंता का विषय बनी है, क्योंकि बाघ का शव एक रिहायशी इलाके के नजदीक मिला था, और आसपास के ग्रामीणों ने बाघ के मूवमेंट की सूचना दी थी। इसके बावजूद, वन विभाग ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। विभाग द्वारा जंगल में पेट्रोलिंग और सीसीटीवी निगरानी की जा रही है, फिर भी घायल बाघ का पता नहीं चल पाया। जहां एक ओर मध्यप्रदेश, जिसे देश का टाइगर स्टेट कहा जाता है, में बाघों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। पेंच टाइगर रिजर्व में मई 2024 में एक बाघिन का शव मिला था, बीते कुछ सालों में करंट लगने या अन्य कारणों से बाघों की मौतें सामने आई हैं। 2023 में भी करंट लगाकर एक बाघ का शिकार करने की घटना सामने आई थी।

## बहराइच में तेंदुए के हमले में चार वर्षीय बालक की मौत, गांव में कोहराम

बहराइच । बहराइच जिले के बाजपुर गांव में तेंदुए के हमले में एक चार वर्षीय बालक की दुखद मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब संदीप नामक युवक अपनी पत्नी और चार साल के बेटे अभिनंदन के साथ गन्ने की फसल काटने के लिए खेतों में गया था। तभी संदीप और उसकी पत्नी खेतों में काम कर रहे थे, जबकि उनका बेटा अभिनंदन खेल रहा था। अचानक, खेत में छिपे तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर बच्चे को अपने मुंह में दबोचकर सरयू नहर की ओर भाग गया। इस दौरान परिजन शोर मचाते हुए तेंदुए के पीछे दौड़े, लेकिन तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। परिजनों और गांव वालों शोर मचाने पर तेंदुआ बच्चे को अधमरा करके छोड़ गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ ने घटना की जानकारी देकर कहा कि पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है।

## पाकिस्तान से बांग्लादेश पहुंचे 300 से ज्यादा कंटेनर, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां हुई सतर्क

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को समुद्र के रास्ते हथियार भेजने का पहला कदम उठाया है, इससे भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों में चिंता बढ़ गई है। कराची से बांग्लादेश के चटगांव तक पहुंचे 300 से ज्यादा कंटेनरों में हथियारों की बड़ी खेप होने की खबर है। यह पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद पहला सीधा समुद्री संपर्क है, जो दोनों देशों के रिश्तों में एक नई शुरुआत का संकेत है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान के साथ संबंधों में बदलाव का संकेत दिया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के नेताओं की संयुक्त राष्ट्र की बैठक में मुलाकात के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की उम्मीद जाहिर की थी। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से तोपखाने के गोले, टैंक गोला-बारूद, विस्फोटक और प्रोजेक्टाइल का ऑर्डर किया था, और अब बांग्लादेश की सेना को पाकिस्तानी हथियारों की पहली खेप मिल चुकी है। वहीं भारतीय सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, समुद्री संपर्क से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में दिक्कत बढ़ सकती है। चटगांव और मोंगला बांग्लादेश के प्रमुख बंदरगाह हैं, जो दशकों तक पाकिस्तान की पहुंच से बाहर थे। लेकिन अब बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सीधा समुद्री संपर्क स्थापित होने से इन दोनों देशों के रिश्तों में नए समीकरण बन सकते हैं, जो भारत की सुरक्षा स्थिति के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

## 20 नवंबर को मतदान के कारण 6 राज्यों में रहेगी सार्वजनिक छुट्टी




नई दिल्ली। 20 नवंबर को झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल और उत्तराखंड में मतदान होनो है जिसके चलते यहां सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इन राज्यों में स्कूल, कॉलेज, बैंक, पोस्ट ऑफिस और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे ताकि मतदाता बिना किसी बाधा के अपने मतदान का इस्तेमाल कर सकें। झारखंड में 38 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होना है यहां दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। 12 जिलों के 528 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 1.23 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। महाराष्ट्र में एक ही चरण में चुनाव होंगे। कुल 4,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जो 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 28 फीसदी ज्यादा हैं। वहीं यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है जिसमें फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीटें हैं। पंजाब में 4 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे जिसमें डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल, गिद्दड़बाहा, बरनाला हैं। केरल की एक विधानसभा सीट पलक्कड़, उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट केदारनाथ और महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट नांदेड़ लोकसभा पर मतदान होगा। राज्य सरकारों ने मतदान में नागरिकों की भागीदारी तय करने के लिए सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। सभी सीटों के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे।

# शिकायतों के बाद एक्शन में चुनाव आयोग, नड्डा और खड़गे से मांगा जवाब, दी यह सलाह





**नई दिल्ली(एजेंसी )।** भारतीय चुनाव आयोग ने शनिवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग पत्र भेजकर एक-दूसरे की शिकायत पर टिप्पणी करने को कहा है। आयोग ने सोमवार दोपहर एक बजे तक दोनों पक्षों से औपचारिक प्रतिक्रिया मांगते हुए उनके बीच शिकायतों का आदान-प्रदान किया। ईसीआई ने पार्टी नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान 22 मई, 2024 को दी गई एक पूर्व सलाह की याद दिलाई, जिसमें उन्हें स्टार प्रचारकों और नेताओं पर नजर रखने के लिए कहा गया था ताकि सार्वजनिक मर्यादा का उल्लंघन न हो और चुनाव के दौरान एमसीसी का अक्षरशः पालन किया जा सके।

यह महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद आया है। कांग्रेस ने भारत के चुनाव आयोग से महायुति अभियान को बढ़ावा देने के लिए मराठी भाषा के टेलीविजन धारावाहिकों में रणनीतिक रूप से विज्ञापन दिए जाने की शिकायत की है। एक मराठी टेलीविजन चैनल कल से विज्ञापन चला रहा है जिसमें धारावाहिक के एक विशेष दृश्य के बाद शिव सेना के अभियान नारे का एक होर्डिंग दिखाया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने विज्ञापन लगाने को लेकर राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की.

सावंत ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों से संपर्क किया है। कांग्रेस नेता के अनुसार विज्ञापन कल से प्रसारित होना शुरू हुआ और आज तक चल रहा है और उन्हें एक अन्य मराठी मनोरंजन चैनल के धारावाहिकों पर ऐसे ही विज्ञापन चलने की शिकायत मिली है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम संगठन अपने समुदाय के सदस्यों से धर्म के आधार पर इंडिया ब्लॉक को वोट देने की अपील करके महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, और चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि संगठन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 269 सीटों पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) और कुछ सीटों पर अन्य गैर-भाजपा दलों को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि नोमानी ने मुसलमानों से एमवीए को वोट देने की अपील करते हुए कहा है कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के भविष्य पर बल्कि पूरे देश के भविष्य पर असर डालेंगे। भाटिया ने दावा किया कि इससे पहले जमीयत उलेमा-ए-हिंद की लोहरदगा इकाई ने मुसलमानों से झारखंड में कांग्रेस-जेएमएम-आरजेडी-सीपीआई (एमएल) लिबरेशन गठबंधन के लिए एकजुट होकर वोट करने की अपील की थी।

## एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ने दिया मराठा आरक्षण को अपना समर्थन



मुंबई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानि एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मराठा आरक्षण को अपना समर्थन दिया। उन्होंने महाराष्ट्र में तेलंगाना की तर्ज पर मुस्लिम आरक्षण लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में मराठा नेताओं को मैं पूरी तरह से समर्थन दूंगा। वे मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब भी उन्हें मेरी जरूरत हो, मैं उनका साथ दूंगा। लेकिन एक बात कहूंगा, कि हमारे तेलंगाना में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महाराष्ट्र में क्यों नहीं है? ऐसा क्यों है? इसका कारण यह है कि हमारा इतिहास मजबूत नहीं है। लोग हमेशा इल्जाम लगाते हैं। ओवैसी ने कहा, पहले राज शेखर रेड्डी मुख्यमंत्री थे, फिर चंद्रशेखर राव आए और उनकी टीम में हो गए। अब कांग्रेस के रेवंत रेड्डी आए और फिर, अकबर और असद भी उनके साथ आ गए। माफ करना मेरे भाई, मुख्यमंत्री के पास हम नहीं रहते, वे हमारे पास रहते हैं। जो भी मुख्यमंत्री होता है, उसे हमारी जरूरत होती है। उन्होंने कहा, 'कोई राम भक्त है, तब मैं उस तरह मोहम्मद और रसूल अल्लाह का चाहने वाला गुलाम हूं। मैं रसूल अल्लाह का आशिक हूं और आज मैं उनके आशिकों के बीच खड़ा हूं। रसूल के इश्क का वास्ता देते हुए, मैं यही अपील करता हूं कि वक्त बर्बाद करने का नहीं है, यह वक्त एक होने, संगठित होने और मुक्त होने का है।

## एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे और अजित पवार ने शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा: रेवंत रेड्डी




**चंद्रपुर (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** । तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सत्ता के लिए उद्धव ठाकरे जबकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा। चंद्रपुर जिले में महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के लोग गर्व के साथ जीना चाहते हैं तो शिंदे और अजित पवार को (राजनीतिक रूप से) दफन कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की पीठ में छुरा घोंपा और गुजरात का गुलाम बनना चुना।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने चाचा और गुरु शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा। मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि अगर वे गर्व से सिर ऊंचा करके जीना चाहते हैं तो उन्हें शिंदे और अजित पवार को दफना देना चाहिए। रेड्डी ने दावा किया कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत भारत के छह सबसे बड़े शहरों ने भाजपा को नकार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात से मुंबई को लूटने के लिए दो लोग आए, जिनके नाम हैं प्रधानी और अडाणी है।

उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार का मतलब है कि एक (इंजन) प्रधानी है और दूसरा अडाणी है। अजित पवार ने कबूल किया था कि अडाणी एमवीए सरकार को गिराने की साजिश में शामिल थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने राज्य सरकार में युवाओं को 50,000 नौकरियां दी हैं और यह उपलब्धि गुजरात सरकार भी हासिल नहीं कर सकती।

# मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनके परिवार की प्रत्यक्ष भूमिका नहीं

**–लोकायुक्त पुलिस ने जांच रिपोर्ट में प्राधिकरण के अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार**



**बैंगलुरु (एजेंसी)।** मैसूरु विकास प्राधिकरण (मुडा) के भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने जांच रिपोर्ट में सीएम एन. सिद्धारमैया और उनके परिवार की किसी भी प्रत्यक्ष भूमिका से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भूखंड आवंटन में अनियमितताएं और त्रुटियां मुडा के अधिकारियों की ओर से हुई हैं। जांच में सीएम द्वारा पद और अधिकारों के दुरुपयोग के सबूत नहीं मिले हैं। उनके परिवार के सदस्य, विशेषकर उनकी पत्नी को भूखंड आवंटन में कोई अनुचित लाभ देने की पुष्टि नहीं हुई है। जांच में भूखंड आवंटन में त्रुटियों के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जांच में पाया कि अधिग्रहित भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करने और भूखंड आवंटन प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को 14 भूखंडों का आवंटन प्रक्रिया में हुई त्रुटियों के कारण हुआ, जिसे मुडा अधिकारियों की प्रशासनिक लापरवाही बताया गया है। लोकायुक्त पुलिस ने लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक को स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी है। मामले की जांच के दो चरण पूरे हो चुके हैं। जनप्रतिनिधि विशेष अदालत ने इस मामले में 25 दिसंबर तक जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मुडा के भूखंड आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्षी दलों ने सीएम सिद्धारमैया पर सवाल उठाए थे। यह मामला तब चर्चा में आया जब आरोप लगे कि सीएम के परिवार को भूखंड आवंटन में विशेष लाभ दिया गया है। सीएम सिद्धारमैया के समर्थकों ने जांच रिपोर्ट का स्वागत करते हुए इसे विपक्षी दलों द्वारा रचा गया राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। विपक्ष ने रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए जांच को और विस्तृत करने की मांग की है। यह रिपोर्ट सीएम के लिए राहत की खबर मानी जा रही है, लेकिन 25 दिसंबर को अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकेगी।

## मनसे की सरकार आने पर महाराष्ट्र में मस्जिदों में लाउडस्पीकर की समस्या का समाधान होगा : राज ठाकरे



मुंबई । महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य के नागरिकों से अपील की कि वे महाराष्ट्र को वैभवशाली बनाने के लिए उनकी पार्टी को वोट दें। ठाकरे ने ठाणे और कल्याण में आयोजित कई रैलियों में राज्य में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता की कड़ी आलोचना कर इस बदलने के लिए वोट करने को कहा। राज ठाकरे ने कहा, राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर हमें राज्य के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। असल में, मनसे ही राज्य के असल विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मस्जिदों में लाउडस्पीकर की समस्या का त्वरित समाधान करने की बात कही। ठाकरे ने कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तब वह 48 घंटों के भीतर मुद्दे का हल निकाल लेगी। उन्होंने जोर दिया कि धार्मिक प्रथाओं से दूसरों को परेशानी नहीं होनी चाहिए और धर्म को घरों तक ही सीमित रहना चाहिए। ठाकरे ने कहा, सार्वजनिक सड़कों पर प्रार्थना के लिए जगह नहीं होनी चाहिए।

## दिल्ली से लाहौर तक फैली जहरीली हवा, एक्युआई 450 के पार

**–मौसम विभाग की अपील, मॉस्क लगाकर बाहर निकले, बुजुर्ग-बच्चे घर में ही रहें**



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत और पाकिस्तान के बड़े हिस्से पर जहरीली हवा फैलने से संकट मंडरा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों में दिल्ली से लेकर लाहौर तक के इलाके को गैस चैंबर जैसी स्थिति में दिखाया है। स्थिर हवाओं और कम तापमान के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है।

दिल्ली की बिगड़ती हवा से एक्युआई 450 के पार हो गया है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत एक्युआई 406 रहा। आनंद विहार और अशोक विहार में 438 दर्ज किया गया।प्रगति मैदान और आईटीओ जैसे इलाकों में एक्युआई 357 रहा, जिसे खराब श्रेणी में रखा गया है। दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग की मोटी परत के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आंखों और गले में जलन की समस्या उत्पन्न हो रही है। अस्पतालों में सांस और हृदय संबंधी बीमारियों के मामले सामने आ रहे हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने 21 नवंबर तक पंजाब, दिल्ली, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तापमान में भारी गिरावट का अनुमान लगाया है। ठंड के साथ हवा की गति धीमी होने के कारण प्रदूषण का स्तर और खराब हो सकता है। मौसम प्रदूषण ने इससे बचने के उपाय बताएं हैं। जिसमें कहा गया है कि घर से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करें। बच्चे और बुजुर्ग घर के अंदर ही रहें। इनडोर एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। मॉर्निंग वॉक या व्यायाम बाहर करने से बचें। आंखों की जलन से बचने के लिए चश्मा पहनें। यह जहरीली हवा केवल आज की समस्या नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है। सामूहिक प्रयासों से ही इस संकट को दूर किया जा सकता है।

## दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने जानबूझकर डीजल बसें भेज रहे भाजपा शासित राज्य : गोपाल राय



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने ग्रेप-3 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-3) के तहत बीएस-6 से नीचे के डीजल इंजन वाली बसों की दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, नियम के बावजूद बीएस-3 और बीएस-4 डीजल इंजन वाली बसें दिल्ली में प्रवेश कर रही हैं। इन बसों का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कश्मीरी गेट बस अड्डे पर औचक निरीक्षण किया।

मंत्री राय ने निरीक्षण में पाया कि दो बीएस-3 और बीएस-4 डीजल इंजन वाली बसें दिल्ली पहुंची हैं, जो दूसरे राज्यों से आई थीं। इसमें से एक हरियाणा और दूसरी उत्तराखंड से आई थी। दोनों बसों का 20-20 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा, वे बसें जिनके पास प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं थे, उनका भी चालान उसी समय किया गया।

मंत्री राय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी हालत में प्रतिबंधित बसों को दिल्ली में प्रवेश नहीं मिलना चाहिए और सभी बसों की पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि 30 प्रतिशत प्रदूषण दिल्ली के अंदर का है, जबकि 70 प्रतिशत प्रदूषण पड़ोसी राज्यों से आता है।

मंत्री ने बीजेपी शासित राज्यों खासकर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर आरोप लगाकर कहा कि ये राज्य जानबूझकर डीजल बसें दिल्ली भेज रहे हैं, जो कि प्रतिबंधित हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने इन राज्यों को पहले ही पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने से बचने के लिए डीजल बसों को दिल्ली न भेजें, लेकिन इन राज्यों ने इस अनुरोध को नजरअंदाज किया।

# श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी अफताब की अदालत में हत्या करवाना चाहता था लॉरेंस

**–बाबा सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड शुभम ने खोले राज, एक महीने तक की थी रेकी**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने श्रद्धा वाकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला की हत्या का भी प्लान बनाया है। दिल्ली के साकेत कोर्ट में उसकी हत्या करने की योजना थी। इसके लिए एक महीने तक रेकी भी की थी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड और वॉन्टेड आरोपी शुभम लोनकर ने श्रद्धा वॉकर हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी आफताब पूनावाला की हत्या की योजना भी बनाई थी।

सूत्रों के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शुभम लोनकर ने 2022 में दिल्ली के साकेत कोर्ट में आफताब की हत्या करने के लिए एक महीने तक रेकी की थी। श्रद्धा वाकर हत्याकांड का आरोपी आफताब फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है और उसे मिल रही धमकियों के बाद वह निशाना बन गया है। लॉरेंस के गुर्गों ने आफताब की हत्या करने के लिए एक महीने तक रेकी की थी, लेकिन दिल्ली पुलिस की कड़े सुरक्षा इंतजाम के चलते यह योजना कामयाब नहीं हो सकी।

सूत्रों ने बताया कि शुभम लोनकर को आफताब को खत्म करने के लिए मुंबई से दिल्ली बुलाया गया था और उसने एक महीने तक रेकी की थी। शुभम लोनकर साल 2022 में आफताब की गिरफ्तारी के बाद से ही कोर्ट में उसकी पेशी के दौरान आसपास दो शूटरों के साथ मौका तलाश रहा था। इस बीच, तिहाड़ जेल प्रशासन ने मीडिया रिपोर्टों पर तत्काल संज्ञान लिया और पूनावाला के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।

बाबा सिद्दीकी हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार शिव कुमार गौतम ने पुलिस को बताया कि आफताब पूनावाला की हत्या करने की मंशा जताई है। इसके अलावा, सूत्रों ने पुष्टि की है कि आफताब अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर है, जो जेल के अंदर ही उसकी हत्या की साजिश रच रहा है। जेल अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं ताकि संभावित खतरे की जांच करते समय आफताब की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। 18 मई 2022 को दिल्ली के महरौली इलाके में आफताब ने कथित तौर पर श्रद्धा वाकर की हत्या कर शव के कई टुकड़े कर दिए थे। उसने शव के टुकड़े छतरपुर पहाड़ी इलाके के जंगल में फेंक दिए थे। नवंबर 2022 में उसे गिरफ्तार किया गया था।

इस बीच 23 जुलाई को साकेत जिला कोर्ट ने श्रद्धा वाकर की हत्या के मामले और आरोपी आफताब पूनावाला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने वकील को अपना बचाव तैयार करने के लिए उपयुक्त समय देने के लिए हर महीने केवल दो बार सुनवाई करने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि आरोपी जानबूझकर मुकदमे में देरी करने की कोशिश कर रहा है। यह भी कहा गया कि जून 2023 से अभियोजन पक्ष के 212 गवाहों में से केवल 134 की ही जांच की गई है। इसलिए मुकदमे को तेजी से पूरा करने के लिए तारीखों की जरूरत है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**